सुप्रभात
रांची, सोमवार
14.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 269



06 अंबेडकर और उनके अनुयायी

## न्यूज डायरी

### हादसे में शादी के 27 दिन पहले दूल्हे की मौत

**गढ़वा।** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में एक बाइक के अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गयी। एक गंभीर रूप से जख्मी है। मृतक की पहचान भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा निवासी मनराखन सिंह का पुत्र दयानंद (26) के रूप में हुई है। 27 दिनों के बाद उसकी शादी होनी थी। दोनों बाइक से भंडरिया जा रहे थे। इसी क्रम में नौका स्थित परभन मंदिर के पास उन्होंने एक अज्ञात ट्रैक्टर में टक्कर मार दी।

### फल व्यवसायी को दिनदहाड़े मारी गोली

**बोकारो।** अपराधियों ने एक फल विक्रेता को दिनदहाड़े गोली मार फरार हो गये। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका नाम विवेक साव बताया जा रहा है। यह मामला सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट स्थित फल गोदाम के पास की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### पटाखा फैक्टरी में धमाका, आठ की मौत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ले जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट से आठ लोगों की मौत हो गयी। छह लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। रविवार दोपहर हुए हादसे में मारे गये अधिकांश लोग और घायल होने वाले पूर्वी गोदावरी जिले के समरलाकोटा के हैं। शादी-ब्याह का सीजन होने से बड़ी संख्या में कर्मचारी काम कर रहे थे।

### शहीद जवान सुनील को राज्यपाल-सीएम ने दी श्रद्धांजलि

# बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा : हेमंत

- नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आइइडी ब्लास्ट में शहीद हो गये थे सुनील
- पैतृक गांव कर्रा के कांटी पोहरा टोली में नम आंखों से दी गयी मिट्टी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, खूंटी।** चाईबासा में नक्सलियों से मुठभेड़ और आइइडी ब्लास्ट में शहीद जवान सुनील धान को राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड जगुआर मुख्यालय जाकर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने कहा कि देश और राज्य के लिए यह बलिदान कभी ना भूलने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की घटना पीड़ा देती है। देश और राज्य शहीद जवान का हमेशा ऋणी रहेगा। राज्य सरकार शहीद जवान के परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगी। उन्होंने कहा, हमारे जवानों की आहुति कभी व्यर्थ नहीं जायेगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया। नक्सलवाद पूरे देश की समस्या है, जो अब समाप्ति की ओर है। शहीद जवान के पार्शिव शव पर मुख्य सचिव, डीजीपी के साथ आइजी अभियान, आइजी सीआरपीएफ, आइजी रांची, डीआइजी सह रांची एसएसपी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। (शेष पेज 11 पर)



शहीद को अंतिम सलामी देते राज्यपाल, सीएम व अन्य।

### झामुमो का 13वां महाधिवेशन आज से, सभी तैयारी पूरी

# गुजरात तक पार्टी विस्तार की तैयारी

- सात राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं रांची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन का शुभारंभ सोमवार को रांची के खेलगांव स्थित शहीद हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में बने बाबा साहेब भीमराव अंबेडर प्रांगण में होगा। महाधिवेशन को लेकर झामुमो की ओर से पुख्ता तैयारी कर ली गयी है। महाधिवेशन में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, असम, तमिलनाडु, गुजरात समेत अन्य राज्यों से भी झामुमो के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन की जानकारी देते हुए केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि महाधिवेशन हम सबके लिए उत्सव की तरह है। अबतक 3500 से अधिक प्रतिनिधियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास पार्टी को गुजरात तक ले जाने का है। गुजरात के आदिवासी और मूल निवासी सबसे अधिक शोषित और उत्पीड़ित हैं। यही कारण है कि गुजरात जाकर उनकी आवाज बनना, उनकी लड़ाई लड़ना बहुत महत्वपूर्ण होगा। (शेष पेज 11 पर)



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री व अन्य।

#### 15 को नयी कमेटी का गठन

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि दूसरे दिन 15 को नयी केंद्रीय कमेटी का गठन किया जायेगा। नयी कमेटी द्वारा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों के चयन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में भाग लेने के लिए गुजरात से प्रतिनिधि पहुंच चुके हैं। अधिवेशन के दौरान उनका परिचय भी कराया जायेगा।

# वक्फ कानून के विरोध में जल रहा है बंगाल, हाईकोर्ट सख्त

- मुर्शिदावाद में अर्द्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च

**एजेंसी**

**कोलकाता।** वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद समेत कई इलाकों में हुई हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी है। अर्धसैनिक बलों ने रविवार को हिंसा प्रभावित समसेरगंज, धुलियान समेत कई इलाकों में रूट मार्च किया। रविवार को भी समसेरगंज में स्थिति गंभीर बनी रही। केंद्रीय गृह सचिव ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को आवश्यक निर्देश दिये हैं। पूरा इलाका दहशत में है। हिंसा से कई लोग बेघर हैं। पलायन को विवश हैं। मुर्शिदाबाद समेत कई इलाकों में हुई हिंसा में अबतक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा मामलों में 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलायीं। ईं, दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गयी।



# राष्ट्र सेवा की पहली सीढ़ी है मतदान: ज्ञानेश कुमार

- दशम जलप्रपात की बीएलओ प्रेरणा स्रोत
- दिल्ली ट्रेनिंग प्रोग्राम में बनेंगी ट्रेनर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसीआई) ज्ञानेश कुमार ने कहा कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के हर घर तक अपनी पहुंच बनायी। मतदान प्रतिशत भी बेहतर किया। उन्होंने कहा- जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे बीएलओ दीदी। वह रविवार को दशम जलप्रपात के प्रांगण में बीएलओ से संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। बाद में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को दिल्ली में होनेवाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में ट्रेनर के रूप में भाग लेने बुलाया जायेगा। देश के अन्य बीएलओ भी इनकी कार्यशैली को जान सकें एवं इनसे प्रेरित हो सकें। भारत निर्वाचन आयोग देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर ट्रेनिंग दे रहा है। (शेष पेज 11 पर)




# बरकट्ठा में हिंसक झड़प पथराव और आगजनी


- इलाका छावनी में तब्दील, स्थिति काबू में : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के बरकट्ठा में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। साथ ही उपद्रवियों ने घर में रखे पुआल और अन्य सामान में आग लगा दी है। जानकारी के अनुसार आधा दर्जन जगहों पर आगजनी की घटना हुई है। हालात को देखते हुए पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि दो पक्षों के बीच पथराव और आगजनी के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। स्थिति नियंत्रण में है। जानकारी के मुताबिक, हजारीबाग के बरकट्ठा के झुरझुरी में यज्ञ को लेकर रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार नगर भ्रमण का आयोजन किया गया था। नगर भ्रमण के दौरान लोगों पर पथराव की घटना हुई। जिसके बाद लोगों ने जीटी रोड को जाम कर दिया है।





## टूरिज्म के क्षेत्र में संभावनाएं तलाशने कोलकाता पहुंचे पर्यटन मंत्री

# कोलकाता में झारखंड पर्यटन रोड शो ने खोले साझेदारी और संभावनाओं के द्वार

**सुधीर**

**रांची।** पर्यटन विभाग की ओर से कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो न केवल निवेशकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के लिए एक मंच बना, बल्कि यह झारखंड और बंगाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक रिश्ते का जीवंत प्रमाण भी बना। झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कोलकाता को रोड शो के लिए चुने जाने के पीछे का कारण साझा करते हुए कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं हैं, बल्कि हम साझी विरासत के दो पन्ने हैं। चैतन्य महाप्रभु की यात्राओं से लेकर ब्रिटिश बंगाल प्रेसिडेंसी तक, हमारी परंपराएं, स्वाद और संस्कार गहराई से जुड़े हुए हैं।

### झारखंड से जुड़िये, हमारी परंपराएं, स्वाद और संस्कार गहराई से जुड़े हैं...



### बंगाल से झारखंड आनेवाले पर्यटक को कहते हैं चेंजर

झारखंड के गांवों में जब कोई पर्यटक बंगाल से आता है, तो लोग उन्हें चेंजर कहते हैं। यह सिर्फ एक शब्द नहीं, हमारी सांस्कृतिक निकटता की पहचान है। मंत्री ने कहा कि झारखंड आने वाले पर्यटकों में से ज्यादातर पर्यटक पश्चिम बंगाल से होते हैं। इसलिए हमने टूरिज्म की इस नई यात्रा की शुरूआत कोलकाता से की है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की परंपरा रही है, शुरूआत चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हो, हम अंततः विजय प्राप्त करते हैं। झारखंड सरकार का यह रोड शो केवल एक प्रस्तुति नहीं था, यह एक आमंत्रण था।

### झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं हैं, बल्कि हम साझी विरासत के दो पन्ने

**आइये, झारखंड जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत भी बहाते हैं :** आइये, झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते हैं। जहां पहाड़ केवल ऊंचाई नहीं, कहानियां समेटे हैं और जहां हर यात्रा एक अनुभव है। इस अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ मंत्री ने कई प्रतिष्ठित समूहों अंबुजा नेओटिया, पोलो चायर्स, श्रीराम ओजोन, पीयरलेस होटल्स, होटल सोनार बंगला, कनवेयर एंड रोपवे सर्विसेस तथा सुमी यशश्री होटल्स एंड रिसोर्ट्स के साथ उच्च स्तरीय बी–2जी बैठकें कीं, जिनमें झारखंड में पर्यटन निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और साझेदारी के पहलुओं पर सार्थक संवाद हुआ।

**झारखंड का पर्यटन विकास सरकार की प्राथमिकता :** सरकार सजग है, समर्पित है और आपके स्वागत को आतुर है। हमारा राज्य, आपकी अगली डेस्टिनेशन बन सकता है, अंत में उन्होंने कहा की झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व वाली सरकार झारखंड में पर्यटन विकास प्राथमिकता में है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम झारखंड में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया, जहां उन्होंने झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं एवं सरकार द्वारा दिये जाने वाले प्रोत्साहन के बारे में सभी को अवगत कराया।

## हाईकोर्ट ने पिछले साल दिया था त्वरित सुनवाई करने का निर्देश

# करोड़ों के घोटाला मामले में कोर्ट नहीं पहुंच रहा गवाह

- जाली दस्तावेजों पर बैंक से 6.23 करोड़ रुपये ऋण लेने से जुड़े मुकदमे की त्वरित सुनवाई का निर्देश



**उदय चौहान**

**रांची।** फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों घोटाला करने के मामले में गवाह कोर्ट नहीं पहुंच रहा है। झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया से 6.23 करोड़ रुपये की राशि ऋण स्वीकृत करवा लेने के जुर्म में ढाई साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी बोंगरा कुमार सिंह की मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया है। यह आदेश उसकी ओर से हाईकोर्ट में दाखिल जमानत याचिका को खारिज करते हुये दिया है। इसकी अवधि जल्द ही पूरी होने वाली है। हाईकोर्ट ने अधिमानतः नौ महीने के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया है लेकिन, मामले में सीबीआई को गवाह लाने में परेशानी हो रही है। पिछले दो महीने से मामले में एक भी गवाही दर्ज नहीं की जा सकी है। मामले में सीबीआई ने 69 गवाहों की सूची के साथ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने आरोपी को उक्त आरोप में 30 जून 2022 को जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। निचली अदालत ने दो बार और हाईकोर्ट एक बार जमानत देने से इनकार कर चुकी है। मामले में 29 मार्च 2023 को आरोप गठित किया गया है।

**क्या है पूरा मामला :** आरोपी बोंगरा कुमार सिंह ओड़िशा के मयूरभंज के बारीपदा थाना क्षेत्र के भंजपुर गांव निवासी है। आरोपी ने मुकेश शाह, संजय शाह और रविकांत प्रसाद के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया, रामगढ़ शाखा से बेईमानी के इरादे से आपराधिक षड्यंत्र कर दिसंबर 2016 से मई 2017 के बीच 6.23 करोड़ रुपये की राशि वाहन ऋण स्वीकृत करवा लिया था। यह वाहन ऋण तेल टैंकरों की बॉडी के निर्माण के लिए गैर मौजूद फर्म मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज के खाते में स्थानांतरित की गई थी। ऋण लेने के बाद आरोपी ने किस्त का भुगतान नहीं किया। इसके कारण ऋण एनपीए हो गया। इसके बाद सीबीआई ने 19 दिसंबर 2018 को प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी।

## भाजपा ने झामुमो के महाधिवेशन पर साधा निशाना

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालने का भी संकल्प पारित हो : प्रतुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो अपने चुनाव घोषणा पत्र के वादों को लागू करने का संकल्प पारित करे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने चुनाव से पहले वादों की झड़ी लगा दी थी, लेकिन धरातल पर वो वादे मूर्त रूप नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा विवाद मंईयां सम्मान योजना को लेकर हो रहा है। सरकार अपने मन मुताबिक इसकी संख्या में कटौती कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया था, लेकिन अब उसको वह भूल गई है। पांच वर्षों में 10 लाख सरकारी नौकरियां देने का भी वादा था। महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने का भी वादा था। किसानों को बिना गारंटी के लोन भी उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि झामुमो को अपने केंद्रीय अधिवेशन में उक्त वादों पर संकल्प पारित करना चाहिये।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से लगे सीमावर्ती जिलों में लगातार आदिवासियों की संख्या घट रही है और मुसलमानों की जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। महाधिवेशन में इस मुद्दे पर गहन चिंतन करना चाहिये और सभी अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने का संकल्प पारित करना चाहिये। उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों को हो रहा है।

उन्होंने कहा कि झामुमो पर हमेशा परिवारवाद का आरोप लगता है। लोग मानकर चल रहे हैं कि अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष का पद सोरेन परिवार के पास ही रहेगा। झामुमो को पारदर्शिता दिखाते हुये अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी परिवार से बाहर के समर्पित कार्यकर्ता को देना चाहिये। पार्टी के पदों पर चुनाव में झामुमो को आईवॉश नहीं करना चाहिये।

# भूईंहरी जमीन की हेराफेरी में सीएमओ की भी संलिप्तता संभव : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- मामले की हो जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी ने भूईंहरी जमीन की हेराफेरी में सीएमओ और मुख्यमंत्री को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि रांची में आदिवासी भुईंहरी जमीन की प्रकृति बदलकर उसे बेचे जाने का मामला अत्यंत गंभीर है। कांके के चामा गांव में उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से मिलकर जमीन की हेराफेरी की जानकारी ली थी और इसे प्रशासन के संज्ञान में लाया था। उन्होंने कहा कि कांके अंचल की कई जमीनों पर इंडी गठबंधन के नेताओं और जमीन माफियाओं की नजर है। सत्ता के संरक्षण में रैयती, पहनाई, भुईंहरी और गैरमजरुआ जमीनों पर माफिया तत्व जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बरियातू में भुईंहरी जमीन पर कब्जे के मामले में हेमंत सोरेन की भूमिका किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक कंप्यूटर ऑपरेटर के बूते 200 एकड़ जमीन की हेराफेरी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस खेल में सीओ से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक मिली-भगत होगी। इसमें मुख्यमंत्री की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच होनी चाहिये।

# झामुमो वक्फ संशोधन कानून पर धमकी वाली भाषा बोलना बंद करे : प्रदीप वर्मा

- भाजपा सांसद ने कहा कि दोनों सदन में बहुमत से पारित बिल पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना है कानून

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने रविवार को झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबा झामुमो ने अपने आंख कान बंद कर लिया है। उसकी जुबान से असंवैधानिक, असंसदीय और उकसाने वाले शब्द निकल रहे हैं। झामुमो को मालूम होना चाहिये कि झारखंड में भी भारत का संविधान लागू होता है। झामुमो के संविधान से झारखंड का शासन नहीं चल सकता है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित वक्फ संशोधन और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बने कानून के संबंध में दिया गया झामुमो का बयान राष्ट्र विरोधी है। इस मुद्दे पर झामुमो को माफी मांगनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून से गरीब, वंचित मुस्लिम समाज को बड़ा लाभ मिलने वाला है। वक्फ संपत्ति से होने वाली आय को उनके विकास में खर्च करने केलिये संवैधानिक प्रावधान मजबूत किये गये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वक्फ की संपत्ति से गरीबों को लाभान्वित करने की दिशा में कानून बनाये हैं। इसे तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले विरोध कर रहे हैं। ऐसा ही इंडी गठबंधन ने तीन तलाक कानून, सीएए के संबंध में भी फैलाये थे। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन कानून में आदिवासी जमीन को भी सुरक्षित किया गया है। इस कानून के तहत शेड्यूल-5 के तहत आने वाले झारखंड में आदिवासी समाज की जमीन को वक्फ की संपत्ति में नहीं शामिल करने का कड़ा प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो विद्रोह वाली भाषा बोल रहा है, जबकि संसद में उनके सांसदों को बिल पर बोलने का पूरा मौका मिला था। उन्होंने कहा कि झामुमो का दोहरा चरित्र जनता जानती है।

## डीजीपी ने बुलायी हाई लेवल मीटिंग

# सारंडा के क्षेत्र में बड़े अभियान की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ एवं आइइडी ब्लास्ट में जगुआर के एक जवान की शहादत के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में हाई लेवल मीटिंग की। पुलिस मुख्यालय में हुई मीटिंग में पुलिस के सीनियर अफसरों के अलावा सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। चाईबासा के पुलिस अधिकारी वीसी के जरिये जुड़े थे। इस मीटिंग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक के बाद पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होगा। सारंडा में कई बड़े नक्सली अपने दस्ते के साथ जमे हैं। वहां चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा और बड़े स्तर पर चलाया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता सोमवार को चाइबासा जाकर अभियान की तैयारी को अंतिम रुप दे सकते है।

**सारंडा में मौजूद हैं कई बड़े नक्सली :** जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत कई अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा के जंगल में मौजूद हैं। इसी सूचना पर चाइबासा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान में झारखंड पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के अधिकारी व जवान शामिल हैं।

# विधानसभा के विशेष सत्र में वक्फ कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को सिफारिश भेजे सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य कार्यालय के सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवम मजलिसे उलेमा झारखंड के संयुक्त बैठक मौलाना उजैर कासमी की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में वक्फ बोर्ड के सदस्य अबरार अहमद, कलाम रशीदी बुद्धिस्ट सोसाइटी, भाकपा माले, टीएमसी, सहित कई संगठनों के पदाधिकारी, वक्फ संशोधित कानून के विरोध में एकजुट हुए।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून कर केंद्र की सरकार ने अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला किया है। वक्फ बोर्ड की जमीन को अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को देने के लिए सरकार योजना बना रही है। देश में सेना की जमीन, गैरमजरूआ, केशर हिंद की जमीन या भूदान की जमीन हो इन सारे जमीनों पर कॉर्पोरेट घराने की नजर है। यही कारण है कि अपने कॉर्पोरेट दोस्तों को खुश रखने के लिए मोदी की सरकार ने सबसे पहले निशाना अल्पसंख्यकों पर करते हुए वक्फ संशोधन कानून लाकर रातों-रात राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा लिया। ऐसे कई बिल राष्ट्रपति के पास बिना हस्ताक्षर के वर्षों तक पड़ा रहा है। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट को टिप्पणी करना पड़ा कि 3 महीने के अंदर उसके कारण बताएं।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि अल्पसंख्यक अधिकार मंच झारखंड की ओर से 11 मई को रांची में विशाल सेमिनार का आयोजन कर आगे का आंदोलन तय किया जाएगा। नेताओं ने झारखंड सरकार से आग्रह किया कि विधानसभा के विशेष सत्र बुलाकर इस कानून को निरस्त करने की अपील राष्ट्रपति से करें।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कामरेड डी राजा एवं राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए के रशीदी के द्वारा सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट में अर्जी लगायी गयी है कि कानून को निरस्त किया जाए। सभी संगठनों के नेताओं ने सभी धर्म के मानने वाले लोगों से अपील की कि एक मंच पर आकर नये वक्फ कानून को निरस्त करने के लिए एक मंच पर आयें और लड़ाई को तेज करें।

बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, बुद्धिस्ट सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र तथागत, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य सचिव इम्तियाज खान, मौलाना अजहर कासमी, भाकपा माले के भुबनेश्वर केवट, टीएमसी के राज्य सचिव दयानंद सिंह, मोहम्मद गुलरेज अंसारी, कलाम रशीदी, इम्तियाज भाई, अजय सिंह,जुबेर भाई, इबरार, जॉन मोहमद अहमद सहित कई लोग मौजूद थे।

# तंजानिया पहुंचने पर संजय सेठ का गर्मजोशी से स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का दार तंजानिया के एस सलाम पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री सेठ का स्वागत तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने टीपीडीएफ के अधिकारियों के साथ किया। राज्य रक्षा मंत्री ने चामा चा मापिन्दुजी के महासचिव और इस वर्ष के चुनावों के लिए तंजानिया के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉ इमैनुएल नचिंबी से भी मुलाकात की। उनका दार एस सलाम के जूलियस न्येरेरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर एडमिरल डी के त्रिपाठी सीएनएस और तंजानिया में भारत के उच्चायुक्त बिश्वदीप डे ने गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वह भारत-तंजानिया संयुक्त सैन्य अभ्यास एक्स एकेवाईएमई के हार्बर चरण का उद्घाटन करने के लिए 13-14 अप्रैल 2025 तक तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। तंजानिया की रक्षा मंत्री स्टगोर्मेना लॉरिंस टैक्स ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ 13 अप्रैल 2025 को होटल किलिमंजारो हयात में प्रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। तंजानिया में अपने रक्षा क्षेत्र की उपस्थिति का विस्तार करने के लिए भारत की यह तीसरी प्रदर्शनी है।

## शपथ पत्र

मैं रीगा उरांव, पिता मंगना उरांव ग्राम- मलगो, पोस्ट-आदर, थाना घाघरा, जिला गुमला झारखंड शपथ पूर्वक कहता हूं। कि मैं उक्त ग्राम का स्थाई निवासी हूं। यह है कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा आदर में मेरा बचत बैंक खाता संख्या 22014 670466 है। जिसमें गलती से मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज हो गया है। यह है कि मेरा फोटो पहचान पत्र में मेरा नाम रोधा उरांव दर्ज है। और मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम REEGA ORAON एवं पैन कार्ड में मेरा नाम RIGA ORAON दर्ज है। जो मेरा ही है। यह है कि मेरा सही नाम REEGA ORAOM है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। शपथ पत्र में अपने दोनों नाम की सत्यता की पुष्टि करते हुए उपरोक्त खाता में अपना नाम रीगा उरांव REEGA ORAON करवाने हेतु कर रहा हूं।
शपथ नंबर 696/2025

# मुस्लिम संगठनों ने वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वक्फ कानून में हुए बदलाव के खिलाफ विभिान्न मुस्लिम संगठनों ने रविवार को रांची में ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन के बैनर तले राजभवन के समक्ष धरना दिया और केंद्र सरकार से संशोधित वक्फ एक्ट को वापस लेने की मांग की। महाधरना में वक्ताओं ने कहा कि वक्फ कानून में किया गया संशोधन भारतीय मुसलमानों की धार्मिक स्वायत्तता और मौलिक अधिकारों का हनन है। महाधरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश और झारखंड में वक्फ की जमीन पर मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, कब्रिस्तान, मजार, खानकाह, मकबरा, मुसाफिरखाना के अलावा दुकान-मकान, संस्थान, खेल के मैदान हैं। जो हमारे पूर्वजों द्वारा अपनी निजी जमीन को वक्फ को दी है। वक्ताओं ने कहा कि वक्फ में संशोधन के खिलाफ पहले जामताड़ा में विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को रांची में प्रदर्शन किया गया है। सोमवार को हजारीबाग में प्रदर्शन होगा। इसके बाद दूसरे जिलों में भी इसी तरह के प्रदर्शन होगा।

राजभवन के समक्ष धरना दे रहे मुस्लिम संगठनों से मौलाना मो. असगर मिस्बाही ने कहा कि केंद्र में बैठी सरकार मुस्लिम और इस्लाम विरोधी होने के साथ साथ देश विरोधी भी है। पहले इन्होंने शरीयत के खिलाफ जाकर तीन तलाक पर कानून बनाया और अब वक्फ कानून में संशोधन किया है जो संविधान के भी खिलाफ है। इसके विरोध में हमें शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर वक्फ कानून को रद्द कराना होगा। हाथ में तिरंगा और वक्फ कानून वापस लो की तख्तियां लिये अलग-अलग हिस्सों से प्रदर्शन में आये लोगों ने कहा कि यह न सिर्फ मुसलमानों के धार्मिक अधिकारों का उल्लंघन है बल्कि वक्फ की संपत्तियों में सरकारी दखल को बढ़ाने वाला भी है। मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को जगह दिए जाने से कई समस्याएं बढ़ेंगी। एस. अली ने कहा कि बहुमत के बल पर वक्फ कानून में संशोधन किया गया है। ये धार्मिक स्वतंत्रता और समता के अधिकार का हनन है। इसके खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

# राज्यपाल से मिले रघुवर



**रांची।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज भवन में दोनों की हुई इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया है।

कैथोलिक विश्वासियों ने मनाया खजूर पर्व

# होसन्ना के गीत व प्रभु येसु के जयकारे से गूंजा लोयोला ग्राउंड



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैथोलिक विश्वासियों ने रविवार को खजूर पर्व मनाया। रांची पल्ली के हजारों कैथोलिक विश्वासी खजूर की डाली लिये लोयोला ग्राउंड में जमा हुए। रांची कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने खजूर की डालियों को आशीष दी और सभी होसन्ना के गीत गाते एवं प्रभु येसु का जय जयकार करते हुए जुलूस में संत मारिया गिरजाघर परिसर पहुंचे जहां मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष ने अपने धर्मोपदेश में प्रभु के लिए उपयोगी बनने एवं अपने जीवन के द्वारा अपने विश्वास को प्रदर्शित करने का आह्वान किया। महाधर्माध्यक्ष ने बताया कि आज से 2017 साल पहले प्रभु येसु के लिए भीड़ ने होसन्ना के नारे लगाए थे। उसी दिन की याद में पाम संडे मनाया जाता है। खजूर रविवार के इस धर्मविधि में महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद, संत मारिया गिरजाघर के पल्ली पुरोहित फा. आनंद डेबिड खलखो, फा. प्रफुल टोप्पो, फा. रेमंड केरकेट्टा, फा. जॉर्ज मिंज, फा. एजेकियल टोप्पो, फा. नीलम तोड़ू, फा. अभिनव, उपराजक नीरज कुंडलना, महाधर्माध्यक्ष के सचिव फा. असीम मिंज, अनेक धर्मबहनें, धर्मबंधुगण एवं हजारों की संख्या में खोस्त समुदाये के लोग मौजूद थे।

# अनुशंसा पत्र सार्वजनिक हो गया तो कई चेहरों से हटेगा नकाब : पासवा

- निजी विद्यालयों की आलोचना करने वाले ही विद्यालयों में अपने बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि जो लोग आज निजी विद्यालयों की आलोचना कर रहे हैं, वही लोग कल इन्हीं विद्यालयों में अपने बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिशी पत्र लेकर खड़े थे। यदि निजी विद्यालयों ने अब तक प्राप्त सभी अनुशंसा पत्र को सार्वजनिक कर दिया, तो कई तथाकथित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और प्रभावशाली व्यक्तियों के दोहरे चरित्र सामने आ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि यह अनुशंसा पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि निजी विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, सुविधाएं और वातावरण पर कितना विश्वास है समाज के प्रभावशाली वर्ग को। इससे यह भी स्पष्ट होगा कि वे निजी विद्यालय, जिनकी आज आलोचना की जा रही है, उन्हीं विद्यालयों को कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए पहली पसंद माना गया। ऐसे में निजी विद्यालयों को निशाना बनाना या उनकी छवि खराब करना केवल एक राजनीतिक चाल या पूर्वनियोजित अभियान प्रतीत होता है, ताकि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचे।

## खेत में काम करने के दौरान हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

# किसान को अपराधियों ने मारी गोली, दो संदिग्ध हिरासत में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक किसान को गोली मार दी। गोलीबारी में घायल किसान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चालन मामले में दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### खेत में काम करने के दौरान मारी गोली

रांची के नगड़ी में राजकुमार महतो नाम के किसान पर फायरिंग की गई है। फायरिंग में राजकुमार को एक गोली लगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक पर सवार दो अपराधी राजकुमार महतो की खेत में पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए।

मामले की जानकारी मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल किसान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार महतो के पेट में एक गोली लगी है। फिलहाल वह खतरे से बाहर है और डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।



**परिचित ने मारी गोली :** ग्रामीणों के अनुसार राजकुमार महतो को आपसी विवाद में ही गोली मारी गई है। जिसमें किसी परिचित का ही हाथ है। ग्रामीणों ने अपराधियों के संबंध में पुलिस को कई जानकारियां उपलब्ध करवाई है। उपलब्ध जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**छापेमारी जारी :** नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गोलीबारी की वारदात सामने आयी है। जिसमें अपने खेत में काम कर रहे राजकुमार महतो को गोली लगी है। घायल राजकुमार महतो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मानव श्रृंखला का कार्यक्रम रद्द

# वक्फ संशोधन कानून का शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी के बैनर तले रविवार को वक्फ बिल संशोधन के विरोध में काला बिल्ला लगा कर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया गया। सभी के हाथों में पोस्टर थे। जिसमें वक्फ बिल रिजेक्ट, वकफ बिल रद्द करो, काला कानून बंद करो, देश को बर्बाद करना बंद करें। देश में अमन शांति एकता भाईचारा बनाएं इस तरह के स्लोगन लिखे हुए थे। अंजुमन सभागार में बैठक के बाद मानव श्रृंखला कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। इस मौके पर गुलाम मुस्तफा चर्च रोड करबला चौक दुकानदार समिति के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद मासूक, गुलाम सरवर रिजवी, मोहम्मद कौसर, शाहिद अनवर, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अशरफ हवारी, निसार बाबा, मोहम्मद जमालुद्दीन, एलिस कश्यप, मनोज राम, तनवीर आलम, मोहम्मद तौसीफ, मेराज खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# झांकी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार से किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित झांकी प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच रविवार को पुरस्कार वितरण किया गया।

झांकी प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली में टीवी के कलाकार मुरारी लाल गुप्ता, झारखंड की कलाकार सिम्मी गोस्वामी और श्यामानंद पांडे ने सभी झांकी एवं ताशा पार्टी का अवलोकन कर अपना निर्णय दिया उसी निर्णय के अनुसार पुरस्कार का वितरण किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार की झांकी प्रतियोगिता में श्री महावीर मंडल श्रृंगार समिति पंच मंदिर हरमू को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार श्री महावीर श्रृंगार समिति और तृतीय पुरस्कार श्री महावीर मंडल मधुकाम को दिया गया।

## ब्राम्हणों के उत्थान को लेकर पदयात्रा

**रांची।** अखिल भारतीय संयुक्त ब्राम्हण संघर्ष समिति के तत्वावधान में मारवाड़ी ब्राम्हण धर्मशाला में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपानिधान तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में ब्राम्हणों के उत्थान को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा पर जोर दिया गया। अन्य शेष प्रांत में भी इस संगठन के गठन के प्रस्ताव पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर पर एक पद यात्रा जो दिल्ली के लिए किये जाने पर जोर दिया गया। साथ ही अक्षय तृतीया को श्री परशुराम जी के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय महापर्व मनाने के लिए एक संकल्प जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में परशुराम जयंती पर सरकार से अवकाश घोषित करने की मांग की गई। सम्मेलन में बृजेश पांडे, मनोज कुमार पांडे, विपिन पांडे, राजीव रंजन तिवारी, अर्जुन पांडे, प्रकाश पांडे, भ्रूगु नंदन पांडे, संजय पांडे अधिवक्ता एवं अन्य मौजूद थे।

# मंत्री दीपिका सिंह पांडे के चाचा ससुर के निधन पर कांग्रेसियां ने दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के चाचा ससुर मांधाता प्रसाद सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने महगामा विधानसभा के खिरौंधी आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कमलेश ने शोक संतप्त परिजनों को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, मीडिया चेयरमैन सतीश मुंजनी, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय कुमार, गोड्डा जिला अध्यक्ष दिनेश यादव ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इससे पूर्व केशव महतो कमलेश सहित सभी नेताओं ने गिरिडीह में नवजीवन अस्पताल में भर्ती कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी उनके परिजनों से ली। वहीं देवघर मे पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पिता हरिशंकर पत्रलेख के निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## मालाकार कल्याण समिति ने मनायी ज्योतिबा फूले जयंती

**रांची।** माली मालाकार कल्याण समिति ने पाही पैलेस हॉल में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती समारोह मनायी। कार्यक्रम में ज्योतिबा की प्रतिमा में के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर समिति के बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला में विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समाज में अपना अमूल्य स्थान पाने वाले एकल एवं विधवा महिलाओं को सम्मानित किया गया। समाज के दो मेधावी बच्चों को आर्यन तथा शीतल कुमारी समाज की ओर से सम्मान दिया गया।

मौके पर समिति के सचिव ने पूरे वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मौके पर सुरेश मालाकार, सत्यप्रकाश, सोनु मालाकार, उमेश कुमार, उमेश मालाकार, अमर मालाकार, मनीष, सुजीत कुमार, संगांत प्रियदेशी, राजेन्द्र मालाकार, अखिलेश मालाकार, अजय मालाकार, विनोद मालाकार शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### युवा महावीर मंडल ने सीएम का जताया आभार



**रांची।** शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न रामनवमी को लेकर युवा महावीर मंडल के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने सीएम का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री, वरीय आरक्षी अधीक्षकी चंदन कुमार सिन्हा, एडीएम रांची राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता, यातायात एसपी डॉ. कैलाश करमाली और विशेष कर राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ का आभार वयक्त किया है।

### नेहरू युवा केंद्र संगठन ने पदयात्रा की

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र संगठन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को जय भीम पदयात्रा का आयोजन मोराबादी मे किया। इस पदयात्रा में 600 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार सिंह सह-प्रशासक, भारत स्काउट एंड गाइड तथा ललिता कुमारी राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, गौरव मित्तल यूथ आयकन व विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### बीआइटी में मनाये गये क्षेत्रवार उत्सव

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग तथा मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ ने एनसीसी ग्राउंड में देश की सांस्कृतिक विरासत भारत महोत्सव के दूसरे कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में आगे देश के क्षेत्रवार उत्सव मनाए गए। मौके पर डॉ. संजय कुमार और डीन डॉ. भास्कर कर्ण ने संबोधित किया।

### यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में आज से मिलन मेला

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी की ओर से स्थानीय यूनियन क्लब कैंपस में 14 -15 अप्रैल को मिलन मेला का आयोजन किया गया है। मेले में 18 स्टॉल होंगे और इसमें तरह-तरह के व्यंजन का स्टॉल, परिधानों का स्टॉल और रेप्लिका अलंकारों का स्टॉल रहेगा। यह जानकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास ने दी है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को पोयला वैशाख का कार्यक्रम प्लाजा सभागार में होगा। जमशेदपुर से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सौरभ बनर्जी, सुब्रतो विश्वास और मौमिता बनर्जी आ रही हैं।

### विशेष ध्यान कार्यक्रम आज

**रांची।** योग विद्या प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट ऑफ झारखंड (रांची चैप्टर) की ओर से 14 अप्रैल एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयजन किया गया है। संगीता चितलांगिया ने बताया कि कार्यक्रम लालपुर स्थित अजीत एन्कलेव के होटल रेनड्यू में होगा। इसुबह 11:15 बजे रिपोर्टिंग करनी होगी। वहीं ध्यान सत्र का आयोजन सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होगा।

### मां तारा सेवा आश्रम में बैठक सह भोज का आयोजन

**रांची।** चैत्र नवरात्र पूजा के सफल आयोजन के बाद रविवार को मां तारा सेवा आश्रम, टाटीसिलवे के सदस्यों की एक बैठक सह भोज कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समिति के अध्यक्ष गौतम ओझा ने चैत्र नवरात्र और हनुमान जयंती को भक्ति पूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने को लेकर सदस्यों का आभार जताया। वहीं, माढाधीश भीष्म नारायण तापस्वी ने निमार्णाधीन मंदिर कार्य के निर्माण में तेजी लाने की बात कही। आश्रम के मुख्य पुजारी पं. बिरेश पाठक ने कहा कि लोगों का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होगा। मौके पर गजाधर शर्मा, विनोद शर्मा, धर्मेन्द्र तिवारी, संजय पटेल, रंजीत सिंह, ब्रजेश तिवारी, बीरेंद्र ओझा, दिनेश महतो, जे पी सिंह, रमेश सिंह, सुमन सिंह, कृष्णा गिरी, भूलन साहनी दिलीप क्षत्रिय आदि सदस्य मौजूद थे।

# बैसाखी गुरुपर्व मनाया, श्री सुखमनी साहिब जी के 51 पाठ पढ़े गये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को बैसाखी एवं खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत सुबह 8 बजे शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन कर खालसा साजना दिवस के बारे में बताते हुए साध संगत को बताया कि आज ही के दिन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने मानवता एवं धर्म की रक्षा के लिए पांच प्यारों भाई दया सिंह, भाई धर्म सिंह, भाई हिम्मत सिंह, भाई मोहकम सिंह और भाई साहब सिंह को अमृतपान कराकर खालसा बनाया और स्वयं भी उनके हाथों अमृतपान किया और खालसा पंथ की स्थापना की। इससे पहले अमृत वेला के दीवान में सुबह पांच बजे वैसाखी को मुख रखते हुए श्रद्धालुओं द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के 51 पाठ पढ़े गए। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध संगत को बैसाखी एवं खालसा साजना दिवस की बधाई दी।

दीवान में सुंदर दास मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, अशोक गेरा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, मनीष मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, मनोहर लाल मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, हरीश मिढ़ा, नानक चंद अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा, कवलजीत मिढ़ा, महेश सुखीजा, बसंत काठपाल, बिमला मिढ़ा, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर, ममता सरदाना, मीना गिरधर, श्वेता मुंजाल, उषा झंडई, नीतू किंगर, ममता थरेजा, सुषमा गिरधर, गूंज काठपाल, खुशबू मिढ़ा, नरेश पपनेजा शामिल हुए।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया बैसाखी पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से खालसा सजना दिवस बैसाखी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। गुरु नानक स्कूल में गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के समापन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। हजूरी रागी भाई भरपूर सिंह ने गुरबाणी गायन किया। दिल्ली से पधारे रागी भाई जगजीत सिंह बगिया ने अपनी सुरीली आवाज में कीर्तन गायन कर साध संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। हरप्रीत कौर परमजीत कौर हरप्रीत कौर रश्मीत कौर हर्षमीत कौर राहत कौर देवलिन कौर हरमन कौर रणवीर सिंह ने शबद ज्ञान किया। गुरु नानक स्कूल के बच्चों के बीच दस्तार सजाने की प्रतियोगिता के के साथ पुरस्कार बांटे गए। इस मौके पर स्कूल के सचिव परमजीत सिंह टिंकू एवं धार्मिक गतिविधियों के संयोजक हरमीत सिंह ने भी विचार रखे।



कार्यक्रम संचालन में सहयोग करने के लिए गगनदीप सिंह सेठी, प्रोफेसर हरविंदर वीर सिंह,हरजीत सिंह, होडाएवं दिलराज कौर को भी सम्मानित किया गया। मौके पर सरदार ध्यान सिंह हरजीत सिंह, स्विंकी सुरजीत सिंह सलूजा, हरप्रीत सिंह, कुलतर सिंह, रामप्रीत सिंह शैंकी आदि उपस्थित थे।

# हनुमान वार्षिकोत्सव पर भक्ति जागरण का आयोजन

## रांची की खुशबू गुप्ता ने भक्ति गीतों पर झुमाया

## सुख समृद्धि के लिए धार्मिक आयोजन जरूरी


कार्यक्रम का उद्घाटन करते संबोधित करते अतिथि।


भगवान शिव का झांकी प्रस्तुत करते कलकार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बलिदानी टिकैत उमरांव सिंह की गांव प्रखंड क्षेत्र के खटंगा में आयोजित श्रीश्री 108 मनोकामना मंदिर की तृतीय वार्षिक महोत्सव शनिवार रात्रि को भक्ति जागरण के साथ संपन्न हुआ। भक्ति जागरण के कलकारों की भक्ति गीतों ने झुमाया, वहीं श्रीराम लक्ष्मण जानाकी व हनुमान जी की झांकी के साथ श्रीकृष्ण की नृत्य व भगवान शिव की टांडव नृत्यपर लोगों भक्ति की गोता लगाए। खासकर रांची की जागरण कलकार खुषबू गुप्ता ने अपने भक्ति गीतों पर युवाओं के साथ महिलाओं को भी खूब झुमया। कार्यक्रम के दौरान लोग भगवान श्रीराम व हनुमान की जयकारा भी लगा रहे थें। मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने दीप जलाकर माता की जागरण का उद्घाटन किया और कहा आज की रात माता की जगराता की रात है। मंदिर की वार्षिक महोत्सव में गांव की महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्ण निकाली गई कलशयात्रा की सराहना की और कहा पूजा आरती के बाद भक्ति जागरण महिलाओं की उपस्थिति सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत बनाती है। उन्होने श्रीराम का आदर्ष व श्रीकृष्ण की लीला से प्रेरणा लेकर लोगों को मानव प्रेम व मर्यादित जीवन जीने की अपील किया। उन्होने कहा इस प्रकार के धार्मिक आयोजन व पूजा-पाठ से धर्म संस्कृति की संरक्षण के साथ सुख, समृद्धि व शांति भी प्रदान होती है। वहीं बलिदानी का वंसज सह आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पु सिंह ने धार्मिक आयोजन का सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया, और कहा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागृति कायम रहे। व अपने धर्मो का पालन कर अपने जीवन को सुखमय बनाये, इसी उदेष्य से भव्यरूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

वहीं कार्यक्रम के कलाकारों ने भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में अपने धर्म वभक्ति के प्रति उत्साह को देखकर लोगों की सरहाना किया। कार्यक्रम में ग्रामप्रधान नोना पाहन, मनी मुंडा, रामप्रसाद उरांव, कुंदन उरांव, जगत गोप, रामसाय उरांव, लक्ष्मण महतो, सुजीत बेदिया, पंचु महतो, दिलेश्वर महतो, महावीर महतो, मनोज गोप, जदु महतो, अरविंद महतो, रवि उरांव, रेखा देवी, कई विशिष्ठ लोग सहित काफी संख्या में महिलाएं, युवक, युतियां व ग्रामीण शामिल थें।

## बोलेरो और ट्रेलर की आमने-सामने भीषण टक्कर, सात लोग गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** रांची-टाटा मार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के कांची नदी पुल के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बोलेरो (JH01BW 0121) और ट्रेलर (OD 04K 4351) के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बोलेरो सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पांच वर्षीय बच्चा भी शामिल है। घटना में बोलेरो चालक संतोष साहू, लता देवी (28), राघव शर्मा (4), निशा शर्मा (25), शुभम शर्मा (28), लक्ष्मी शर्मा (45) और मुकेश शर्मा (48) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। चार घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बुंडू स्थित ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार सभी लोग खलारी से शादी के रिश्ते के सिलसिले में तमाड़ आ रहे थे। इसी दौरान कांची नदी पुल के समीप सामने से आ रहे ट्रेलर से बोलेरो की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। डॉक्टरों के मुताबिक सभी घायलों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर और बोलेरो को सड़क से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया।

## 149वां मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


मंडा पूजा में झूला झूलते शिवभक्त।

**इटकी।** गढ़गांव मंडा पूजा का दो दिवसीय 149वां मंडा पूजा महोत्सव रविवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। झूलन के बाद रात्रि नागपुरी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। झूलन अनुष्ठान के तहत शिव के उपासक भक्तगणों ने मंडा खूंटा के सहारे झुलाया लाया गया। झूलन कार्यक्रम के दौरान शिवभक्तों ने आस्था के फूल बरसाए, जिसे महिलाएं श्रद्धालुओं ने अपने आंचल में प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मान्यता है कि बरसाए फूल जिसके आंचल में गिरेगी ईश्वर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। झूलन से पूर्व पांच पड़हा गढ़गांव के तत्वावधान में परंपरानुसार आदिवासी सरना समाज द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जो अखरा स्थल होकर एनएच 23 रांची गुमला मार्ग पर नृत्य गान करते मंडा टांड पहुंचे जहां पांच पड़हा का प्रतीक झंडा स्थापित किया। मंडा को संपन्न कराने में पूजा संचालन समिति के अध्यक्ष घासी सिंह, दीपक सिंह, नरेश साहू, बब्लू गुप्ता, भवानी शरण सिंह, यशवंत सिंह, रंजीत सिंह, महेंद्र गोप, आदित्य कुमार, बबन ठाकुर सहित समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई

**खलारी।** बुकबुका पंचायत के श्रीसाईं नगर में रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा की साफ सफाई कर स्नान कराया। इसके उपरांत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप जलाया गया। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, अरविन्द सिंह, भरत रजक, श्याम सुंदर सिंह, रामसूरत यादव, कुलदीप लोहरा, चतुरगुण भुइयां, अभिषेक चौहान, दिलीप पासवान, दिलीप गंझू, शिव कुमार चौधरी, दिनेश गुप्ता, प्रमोद प्रजापति, लाल बाबू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एनके एरिया सरना समिति ने सरहुल मेला का किया आयोजन

▸▸ सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है,नए वर्ष का आगमन को झूम कर स्वगात करते हम सभी : कांके विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति के तत्वधान में सुभाषनगर सरना क्लब के पास प्राकृतिक पर्व सरहुल मेला का आयोजन किया गया। प्राकृतिक पर्व सरहुल मेला में बतौर मुख्यातिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश बैठा व विशिष्ट अतिथि में एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, विस्थापित नेता इकबाल हुसैन, बिगन सिंह भोगता, कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी, मिस गोलोबल ट्राइबल क्वीन पूजा लकड़ा सहित अन्य उपस्थित हुए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है। इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है। सरहुल पर्व चैत्र मास के शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में एनके एरिया के सरना क्लब में मेला का आयोजन किया गया। इस पर्व में पूरे संस्कृत रूप से नाचते गाते थिरकते आते है। और नव वर्ष की आगमन का स्वागत करते है। वही कार्यक्रम से पूर्व डकरा झखरा (सरना स्थल) के पास स्थानीय पहान के द्वारा विधिवत पूजा किया गया। उसके बाद शाम को सरना स्थल से सरहुल शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ थिरकते हुए मेला टांड तक पहुंचे। मेला में कई जगहों से खोड़ा टीम आये और अपना अपना नृत्य प्रस्तुत किये। पूरे कार्यक्रम का संचालन रंथु उरांव व धन्यवाद ज्ञापन रामलखन गंझू ने किया। मौके पर विस्थापित नरेश गंझू, कन्हाई पासी, थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, जालिम सिंह, लालचंद विश्वकर्मा, लपरा मुखिया पुतुल देवी, मुखिया ललित देवी, मोनू रजक सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

खबर एक नजर में

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ओबर हरार्बेड़ा में 17 वर्षीय किशोरी मनोश्वरी कुमारी ने फांसी में लटक कर आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार की शाम करीब चार बजे की है। पुलिस के अनुसार डोमा बेदिया की पुत्री मनोश्वरी शनिवार के अपने घर से 150 मीटर की दूरी पर एक आम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर उसमें झूल गई। परिजनों ने किसी पर कोई शक नहीं होने की बात कह कर सिकिदिरी पुलिस को पोस्टमार्टम नहीं कराने का लिखित आग्रह किया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## पिर्रा में तोड़ी चहारदीवारी, महिला से धक्का-मुक्की

▸▸ चार के खिलाफ प्राथमिकी

▸▸ पुलिस कर रही है तफ्तीश

**रातू।** आनंदमयी नगर निवासी ओमप्रकाश चौरसिया की पुत्री पूजा कुमारी ने पिर्रा सुधीर दुबे, दीपू दुबे, अशोक प्रसाद व बाबू साहु पर जमीन की चहारदीवारी तोड़ने, सीसीटीवी का डीबीआर की चोरी, गाली गलौज, धक्का मुक्की व चरित्र हनन करने का आरोप लगाते हुये रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता ने मौजा पिर्रा की खाता संख्या 70, प्लॉट 593 रकबा 2.97 एकड़ जमीन डाल्टनगंज के समीर कुमार बागची से बिक्री इकरारनामा के जरिये खरीदी है। वह उसमें चारदीवारी कर एक कमरे भी बनवायी है। आरोपियों ने 12 अप्रैल को जमीन में जेसीबी से चारदीवारी को तोड़ने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर वह वहां पहुंची और ऐसा करने से मना की। लेकिन, उनकी एक न सुनी गयी। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

## शोभा यात्रा निकाली

**इटकी।** इटकी क्षेत्र में रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इटकी के मुख्य सीएनआई चर्च व महुवा टोली स्थित एनडबल्यूजीईएल चर्च सहित आसपास के चर्चों में मसीही धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ शोभा यात्रा निकाली और खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत किया। वही प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में प्रवेश को याद किया। मौके पर चर्चों में प्राथना सभा हुई। सीएनआई चर्च के रेव जे तिर्की ने कहा की परमेश्वर का मुख्य संदेश आपसी प्रेम का है। मौके पर सीएनई चर्च की सचिव ब्रिजित मिंज, रवि बेल्स कुजूर, पीटर मिंज, अजीत खलखो, एनडबल्यूजीईएल चर्च के सचिव जैतून तिर्की, निमन खलखो, प्रशांत मिंज, साक्षी खलखो सहित सैकड़ो मसीही धर्मावलंबियों मजूद थे।

## आंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में केडी अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की जयंती समारोह आज

खबर मन्त्र संवाददात



**खलारी।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में सोमवार 14 अप्रैल को केडी अंबेडकर चौक में आयोजित होने वाले बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारियों को मंच के लोग अंतिम रूप देने में लगे है। रविवार को मंच के राजन सिंह राजा के नेतृत्व में समारोह की तैयारियों का जायजा लिया गया। वहीं इस दौरान राजन सिंह राजा ने बताया कि के.डी. अंबेडकर चौक पर सुबह 11 बजे से अंबेडकर जयंती समारोह पुर्वक मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ होगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान नेहरू क्लब में सैंकड़ों बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही स्कुली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा। राजन सिंह राजा ने क्षेत्र के लोगों को आयोजित समरोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया हैं। मौके पर मंच के अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, रवि उराँव, सुधीर सिंह, फिरोज अंसारी, अरूण यादव, राहुल ठाकुर, रविराज सिंह, शुभम सिंह, प्रिंस सिंह, इजाजूल अंसारी, अश्विनी कुमार साव, पंकज सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## छत गिरा, बाल-बाल बचा किसान



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के इड़कु गांव में दिन के एक बजे अचानक एक छत भरभरा के गिर गया। जिससे पूरा छत जमींदोज हो गया। संयोग से घर में रह रहे गृहस्वामी सायनाथ पातर मुंडा कुछ काम के लिए घर के बाहर खड़ा था। घर पुराना एक छत वाला इंदिरा आवास था और काफी जर्जर स्थिति में था। छत गिरने की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू तत्काल गांव पहुंच कर घटना की जानकारी लिया और वैकल्पिक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

## रातू : सड़क हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत

▸▸ फाइनेंस कंपनी में था मुलाजिम

**रातू।** थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक स्थित संगम रेस्तरां के समीप बुलेट जेएच 01सीके 2979 सवार 30 वर्षीय अभिषेक पोद्दार के डिवाइडर से टकराकर गिरने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वह सीएचसी के निकट रहने वाले किशोर पोद्दार का पुत्र था। पिता की लिखित अर्जी पर शव को बगैर पोस्टमार्टम के अंतिम संस्कार किया गया। मामले को लेकर रातू थाने में पीड़ित पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि अभिषेक रांची के एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। घटना शनिवार रात करीब 11:30 बजे की है। मृतक के परिवार में अब सिर्फ किशोर पोद्दार ही बचे हैं। पहले अभिषेक की मां और बाद में उसके बड़े भाई का आकस्मिक निधन हो गया था।

## चोरो ने हजारों की जेवरात लेकर फरार

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मायापुर में दिनदहाड़े शाम को घर में चोरी कर हजारों जेवरात चोरी का घटना का अंजाम दिया। घटना शाम लगभग 5:30 का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार मायापुर निवासी अनिता टोप्पो के बंद घर से अज्ञात चोर ने चोरी कर चांदी, सोने व रुपये लेकर चलता बना। भुक्तभोगी अनिता टोप्पो ने बताया कि शाम कोपुराना घर बंद करके 50 मीटर दूर नए घर में रखे खरगोश का चारा लेकर गए थे। इसी दौरान देखा गया कि पुराना घर से अज्ञात व्यक्ति निकल भगाने लगा आननफानन में घर में जाकर देखा तो पाया कि घर का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखे समान बिखरा हुआ था। घर में रखे चांदी के तीन हार,दो जोड़ा पायल,सोना के तीन नथिया व 20 हजार की रकम गयाब थी। अज्ञात चोर घर से लगभग 60 हजार रुपये तक का सामान व रुपये लेकर फरार हो गया। वही घटना की सूचना मिलते ही मैक्लुस्कीगंज पुलिस घटना पहुंचकर हर एंगल से जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## बेड़ो में सड़क हादसा, एक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक रवि उरांव का फाइल फोटो।


बेड़ो सीएचसी में घायल।

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर तुको सरनाटोली पुल के समीप रविवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे ऑटो व बाइक सवार की टक्कर में लोहरदगा जिला के भंडरा थाना क्षेत्र नवडीहा गांव निवासी लगभग 22 वर्षीय युवक रवि उरांव पिता स्व बुधराम उरांव की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं बाइक पर पीछे बैठा करीब 19 वर्षीय युवक भंडरा थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी आशीष उरांव पिता धनेश्वर उरांव तथा ऑटो चालक भंडरा थाना क्षेत्र के गड़रपुर तेतरटोली गांव निवासी करीब 35 वर्षीय एक युवक विनोद उरांव पिता बिरसा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने बेड़ो पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भिजवाया। जहां डा सनल सोनू बरवार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल आशीष उरांव ने बताया कि वह काम करने के लिए गोवा गया हुआ था। साथ ही आज गोवा से रांची पहुंचा। मुझे लाने के लिए रवि उरांव रांची आया था। इसके बाद हमलोग बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच यह हादसा हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर एस आई अनिल टोप्पो व एएसआई निरंजन तिवारी सीएचसी बेड़ो पहुंचे और घटना की जानकारी लिया।इधर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को रिम्स भेजा जाएगा।

## जीतराम बेदिया बलिदान दिवस की तैयारी बैठक

**ओरमांझी।** बलिदानी जीतराम बेदिया की 167वां बलिदान दिवस समारोह को लेकर रविवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया केन्द्रीय स्मारक कमिटी की एक विशेष बैठक केन्द्रीय कार्यालय बलिदानी जीतराम बेदिया भवन गगारी ओरमांझी में हुई। अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 अप्रैल को गगारी ओरमांझी में बलिदान दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने व बलिदानी के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करने को लेकर केन्द्रीय स्मारक कमिटी का विस्तार किया गाया। जिसमें अध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, के अलावे सचिव ब्रजकिशोर बेदिया, कोषाध्यक्ष धनराज बेदिया, उपाध्यक्ष रामदयाल बेदिया, गोपालराम बेदिया, छत्रपति बेदिया, उपसचिव रामसेवक बेदिया, सोहराईया बेदिया, भूपनाथ बेदिया, संयुक्त सचिव जितेंद्र बेदिया, रंजीत बेदिया, जगरनाथ बेदिया को बनाया गया। वहीं स्वतंत्रता सेनानी बलिदानी जीतराम बेदिया की बलिदान दिवस समारोह के सफल बनाने के लिए एक आयोजन समिति का भी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष बृजलाल बेदिया, सचिव धनेष्वर बेदिया व कोषाध्यक्ष बिनोद बेदिया को बनाया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जीतनाथ बेदिया ने बताया कार्यक्रम को लेकर उपस्थित लोगों के साथ विचार विमर्श कर कई प्रस्ताव भी पारित किया गया है। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष रामदयाल बेदिया ने किया। बैठक में मुखिया धनराज बेदिया, जितेन्द्र बेदिया, रामदयाल बेदिया, कल्लू बेदिया, भूपनाथ बेदिया, बिनोद बेदिया, रुमिला देवी सहित कई लोग उपस्थित थें।

## दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

**ठाकुरगांव।** झारखंड गोस्वामी कल्याण परिषद झारखंड का दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन बरियातू स्थित रीता श्री गार्डेन में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन केंद्रीय अध्यक्ष बैजनाथ गोस्वामी, केंद्रीय महासचिव दुगार्दास गोस्वामी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश गिरि, समरेश गिरि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अपने संबोधन में केंद्रीय अध्यक्ष ने संगठन का विस्तार राज्य के सभी प्रखंडों व गांवों तक करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज में आपसी तालमेल व एकता से ही परिषद का उद्देश्य सफल होगा। साथ ही सम्मेलन में डॉ सुधीर गिरि को रांची जिला का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मौके पर सुनीता गिरि, ममता गोस्वामी, दीपा गोस्वामी समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया गया खजूर पर्व



**मांडर।** संत अलोईस कैथोलिक चर्च मांडर में रविवार को खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया। संत जेवियर्स उच्च विद्यालय मांडर के मैदान में प्रार्थना शुरू की गई और कलवारी में पवित्र मिस्सा पूजा की गई। पवित्र मिस्सा पूजा मुख्य अनुष्ठाता पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर बिपिन कंडुलना द्वारा कराई गई। फादर सुधीर केरकेट्टा ने अपने संदेश में कहा कि खजूर रविवार के दिन हम प्रभु येसु के येरुसलेम प्रवेश की याद में मनाते हैं। येसु ने एक गधे में सवार होकर येरुसलेम में प्रवेश किया था, गधा विनम्रता का प्रतीक है। येसु ने भी विनम्र स्वभाव धारण कर येरुसलेम में प्रवेश किया। खजूर रविवार के साथ ही हम पुण्य सप्ताह में प्रवेश करते हैं और येसु के दु:ख, मरण और पुनुरुत्थान में सहभागी होते हैं। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर बिपिन कंडुलना, फादर सुधीर केरकेट्टा, फादर जोन शैलेन्दर, फादर आशुतोष खलखो, फादर पौल, धर्म बहनें एवं हजारों की सख्या में धर्मवालम्बी उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**इटकी।** इटकी प्रखंड के मोरो गांव में नव निर्मित शिव मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। मौके पर 501 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकली गई। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई। महिलाएं जल उठा कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर पहुंच भगवान का जलाभिषेक किया। आचार्य अंकेश उपाध्याय के नेतृत्व में विधिवत पूजा अनुष्ठान शुरू किया गया, जिसमें यजमान के रूप में सुरेंद्र पाल, चम्पेश्वरी देवी व चंद्रपाल शाही सरिता देवी शामिल हुए। अनुष्ठान का समापन मंगलवार को हवन पूणार्हुति के साथ होगी। मौके पर पंडित प्रदीप तिवारी, पंडित शुभम ओझा, अध्यक्ष सच्चिदानंद शाही, कोषाध्यक्ष कलिंदर गोप, सचिव पंचम महतो, उपाध्यक्ष नंदलाल महतो, लेखानंद शाही सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक दिवसीय मानसकथा पाठ का आयोजन

**सोनाहातू।** प्रखंड के गोमेयाडीह गांव में रविवार को एक दिवसीय रामचरित मानस पाठ कथा यज्ञ का आयोजन किया है ।कथा पाठ में स्थानीय मानस मंडली के द्वारा रामचरित मानस पाठ प्रवचन किए गया। कथा पाठ में सुंदरूप के संजना कुमारी, सिंदरी के दमयंती देवी, सुलोचना देवी, काशीडीह के रामनाथ महतो, आदि ने मानस पाठ प्रवचन के लोगों को मंत्रमुग्ध किये। मौके पर ग्रामप्रधान जिवाधन सिंह मुंडा, मनषा अहीर, नंदो अहीर, मंगल सिंह मुंडा, हलधर सिंह मुंडा, भीम मुंडा आदि मौजूद थे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिऊड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना

### दशम फॉल में बीएलओ के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को अपने पारिवारिक सदस्यों संग तमाड़ स्थित ऐतिहासिक सोलहभुजी दिऊड़ी मंदिर में मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने देश में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न होने की मंगलकामना की। पूजा के उपरांत श्री कुमार ने विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल दशम फॉल का दौरा किया, जहां पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ने बीएलओ से जमीनी चुनाव तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए पंजीकरण और मतदाता जागरूकता अभियान की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा, लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के ये फ्रंटलाइन सिपाही सुनिश्चित करते हैं कि प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र में भागीदारी का पूरा अवसर मिले। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक योग्य मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करें और पारदर्शिता तथा निष्पक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बैठक के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ने दशम फॉल की मनोहारी वादियों का अवलोकन किया और इसके प्राकृतिक सौंदर्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। साथ ही, उन्होंने स्थानीय प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए ठोस कदम उठाने का सुझाव भी दिया। इस दौरान चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी, एसडीएम, डीएसपी, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी समेत सुरक्षा बलों के जवान उपस्थित थे।

## सुरेंद्र गुप्ता बने रौनियार वैश्य समिति के अध्यक्ष



**चान्हो।** आदर्श रौनियार वैश्य समिति चोरेया का चुनाव रविवार को संपन्न कराया गया। इसकी अगुवाई रौनियार वैश्य समिति के रांची जिला उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने की। सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र गुप्ता का चयन किया गया, वहीं उपाध्यक्ष अशोक साहू, सचिव जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य पदों के लिए भी लोगों का चयन किया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर सुरेंद्र गुप्ता ने लोगों का आभार जताया, साथ ही कहा कि समाज के साथ-साथ क्षेत्र के विकास में भी योगदान उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर ओम प्रकाश साहू, रमेश साहू, सुरेश प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## मसीही विश्वासियों ने खजूर पर्व मनाया

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड दिघिया गांव स्थित आरसी चर्च प्रांगण में रविवार को पल्ली के मसीही समुदायों ने खजूर पर्व (पाम संडे) मनाया। इस दौरान फादर रॉबर्ट मिंज की अगुवाई में मसीही विश्वासियों ने खजूर की डालियों को अपने हाथों में लेकर प्रभु येशु का स्वागत किया। मानो जिस तरह प्रभु येशु का येरूसलम में प्रवेश करते हैं ,तो वहां की जनता उनके आगमन में धनवान कपड़ा बिछा कर और गरीब खजूर व जैतून की डालियों को बिछाकर स्वागत करते हैं और कहते है "दाऊद के पुत्र को होस्सन्ना" आप धन्य हैं। वह जो सर्वोच्च ईश्वर होस्सन्ना हे प्रभु की जयकार की गीत प्रस्तुत किया।

# कमलापुरी वैश्य समाज के महासम्मेलन में समाज को मजबूत बनाने का निर्णय

### राजमणि प्रदेश अध्यक्ष व जितेंद्र बने महामंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में रविवार को अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज का प्रादेशिक महा सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस महासम्मेलन में देशभर के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर विभिन्न मुद्दों पर व विचार-विमर्श करते हुए संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से राजमणि कमलापुरी को प्रदेश अध्यक्ष एवं जितेंद्र कमलापुरी को महामंत्री मनोनीत किया गया। मौके पर



महासम्मेलन में मौजूद समाज के लोग

अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने कहा कि कमलापुरी वैश्य समाज को देश की विकास धारा में सक्रिय भागीदारी निभाने की जरूरत है। ताकि समाज को एक मजबूत पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, तभी समाज में प्रेरणा और मिसाल कायम की जा सकेगी। जिला अध्यक्ष मनीष कमलापुरी ने शिक्षा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में समाज की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। साथ ही आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से समाज के प्रति समर्पण भाव रखने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव श्रवण कमलापुरी ने की। मौके पर मुख्य रूप से काशी प्रसाद 'हृदया' कमलापुरी, रमेश कमलापुरी, धीरज कमलापुरी, संरक्षक दिलीप कमलापुरी, मदन कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, शैलेंद्र कमलापुरी, रुपेश कमलापुरी, बीरेंद्र प्रसाद, सचिव प्रमोद प्रसाद, कमलेश कमलापुरी, संतोष कुमार कमलापुरी, अमित कुमार, अजीत कुमार, अविनाश कमलापुरी, अनिल कमलापुरी, रामकुमार कमलापुरी, रामाशंकर कमलापुरी, मनोज कमलापुरी, पंकज कुमार, शिवशंकर प्रसाद, मुकेश कमलापुरी, नीतीश कमलापुरी, रोशन कमलापुरी, पप्पू कमलापुरी, शिवम कमलापुरी सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ऑफर के नाम पर एक्सपायर खाद्य पदार्थ की बिक्री

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। स्थानीय रिलायंस प्वाइंट मार्ट में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां ऑफर के नाम पर एक्सपायर हो चुके खाद्य पदार्थों को बेचा जा रहा है। रविवार को बुका निवासी अनिल रावत जब भवनाथपुर स्थित इस मार्ट में खरीदारी करने पहुंचे, तो उन्हें ऑफर जोन में रखे एक चिप्स पैकेट पर छूट का स्टीकर लगा दिखा। जब उन्होंने पैकेट की जांच की तो पाया कि वह चिप्स 10 अप्रैल को ही एक्सपायर हो चुका है, बावजूद इसके उस पर 60 रुपए की जगह 30 रुपए का स्टीकर चिपका कर बेचा जा रहा था। यह कोई पहला मामला नहीं है।

कुछ दिन पूर्व ही एक अन्य ग्राहक, प्रदीप विश्वकर्मा को भी एक्सपायरी डेट वाला प्रभुजी कंपनी का भुजिया



एक्सपायर पदार्थ

बेचा गया था। प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा इसकी शिकायत रिलायंस प्वाइंट मॉल के शिकायत केयर में किया था बावजूद लगातार इस प्रकार की लापरवाहियों से ग्राहक परेशान हैं और खाद्य सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस विषय में जब स्टोर मैनेजर वीर कुमार से बात करने की कोशिश की गई तो वे किसी भी तरह का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। ग्राहकों का कहना है कि यह साफ तौर पर उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है और संबंधित विभाग को इस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्हें फोन नहीं उठाया।

# अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

धुरकी। गढ़वा जिला अंतर्गत धुरकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध बालू खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाई। देर रात की गई इस छापामारी में पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर ली है।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि अवैध बालू कारोबार के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को जप्त कर ली है। इस मामले में ट्रैक्टरों के चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही अंचल अधिकारी को भी अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि




अवैध बालू लदा जप्त ट्रैक्टर

किसी भी हाल में अवैध बालू उत्खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कनहर नदी से अवैध बालू निकालकर ट्रैक्टरों के माध्यम से कदवा उर्फ लिखनी धौरा मार्ग से होकर अन्यत्र भेजा जा रहा है। सूचना मिलते ही धुरकी थाना के सहायक अवर निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों ट्रैक्टरों के चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने के बावजूद चालक अंधेरे और जंगल के रास्ते का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से दोनों ट्रैक्टरों को कब्जे में लेकर थाना ले आई।

पूछताछ के लिए आसपास के लोगों से जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी ट्रैक्टरों के बारे में कोई सूचना नहीं दी। दोनों ट्रैक्टरों पर लदा बालू बिना किसी वैध कागजात का पाया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह बालू अवैध रूप से खनन कर लाया जा रहा था। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टरों की पहचान कर ली है। कई घंटों तक थाना परिसर में ट्रैक्टर खड़ा रहने के बावजूद कोई व्यक्ति कागजात लेकर नहीं आया।

# खजूर पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरिया। प्रखंड के विभिन्न चर्चों में खजूर पर्व के मौके पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कंजिया चर्च में विशप खेदोर ने विशेष प्रार्थना कराई।

इसके पहले कंजिया मध्य विद्यालय से खजूर पर्व की जुलूस निकाली गई। जुलूस में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष अपने हाथों में खजूर की डाली लिये चर्च तक पहुंचे। चर्च में विशेष प्रार्थना सभा किया गया।

सीएनआई भंडरिया, कंजिया ,खजूरी सहित चर्चों में फादर द्वारा विशेष प्रार्थना सभा कराई गई। मौके पर फादर वॉलटर हेंब्रम, फादर



जुएल कुजूर, सुनिल टोप्पो, भंडरिया में जेम्स कुजूर, खजुरी में सुखलाल पन्ना सहित अन्य लोग शामिल थे।

### भक्ति जागरण में झूमे कतरासवासी

कतरास। हनुमान जयंती के अवसर पर राजगंज रोड स्थित संकट मोचन मंदिर समिति द्वारा आयोजित भक्ति जागरण में श्रोता रात भर नाचते झूमते रहे। गायिका पूजा प्रियंका, सरोज कुमार, शत्रुघ्न गुप्ता, स्नेहा ने अपने गीतों से लोगो को भाव विभोर कर दिया। नवीन गुप्ता ने झांकी निकाल कर लोगो का दिल जीत लिया। मौके पर समिति के सचिव श्यामकांत गुप्ता, बजरंग अग्रवाल, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुनील पाठक, जगदीश भुवलका, जीतन दास, दिलीप केडिया, सुरेंद्र भदानी, विनोद बर्मन आदि मौजूद थे।

### वन हमारा अमूल्य संपति व प्राकृति धरोहर है: खेदु नायक

रायडीह। रायडीह प्रखंड के ग्राम पंचायत कोब्जा के ईको विकास समिति रमजा के द्वारा रविवार को रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वृक्षों पर रक्षा सूत्र बांधकर वन क्षेत्र के पेड़ पौधों की रक्षा के साथ वन्य जीव जन्तु की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र झारखण्ड के विभाग संगठन मंत्री खेदु नायक, विषिष्ट अतिथि जिला सत्संग प्रमुख सह:पुर्णकालिक कार्यकर्ता विश्व हिन्दु परिषद अशोक सिंह, जिला ग्राम विकास प्रमुख श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्त, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केन्द्र गुमला के अध्यक्ष श्री बिसु सोरेंग, मुखिया तारामणी सोरेंग आदि उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए खेदु नायक ने कहा कि वन हमारा अमुल्य सम्पति है। वन हमारी प्राकृतिक धरोहर है। वन को बखये रखने में हम सबकी भलाई है। अपनी एवं परिवार का किसी भी व्यक्ती का जन्म दिन पर केक काटकर जन्म दिन मनाना उतना जरुरी नहीं है, जितना पेड़ लगाकर जन्म दिन मनाना जरुरी है। दुर्भाग्य की बात है कि वन उजड़ते जा रहे हैं। अंधा धुंध पेड़ पौधों की कटाई से समय पर वर्षा नहीं हो रहा है। लोग तरह तरह के बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं।

# एक यूनिट रक्तदान हुआ



रक्तदान करते विशाल

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में सदर अस्पताल गढ़वा परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान कराया गया। संघत मुहल्ला निवासी विशाल कांस्यकार ने आधार हॉस्पिटल डालटनगंज में इलाजरात रंका निवासी सूरजमणि देवी उम्र 50 वर्ष के लिए रक्तदान किया।

मौके पर विनय कांस्यकार ने कहा कि हमारे छोटे भाई के द्वारा रक्तदान किया गया। हम सभी भाई हमेशा रक्तदान को लेकर हमेशा जगरूक रहते है।

जब किसी जरूरतमंद को जरूरत होती है हम रक्तदान करने को अगली पंगति मे खड़े होते है। संतोष केशरी ने कहा संस्था लगातार पीड़ितों को रक्त उपलब्ध करा रही है। मौके पर संस्था के आकाश केशरी, शुभम केशरी आदि उपस्थित थे।

### झारखंड ओलंपिक संघ का चुनाव सम्पन्न, शैलेंद्र बने अवर सचिव, अलोक संयुक्त सचिव

गढ़वा। रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में रविवार को झारखंड ओलंपिक संघ की वार्षिक आम सभा में वर्ष 2025-29 तक के लिए संघ के पदाधिकारी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध रूप से गढ़वा के शैलेन्द्र पाठक को अवर सचिव, आलोक मिश्रा को संयुक्त सचिव चुना गया। ज्ञात हो कि कई वर्षों के बाद यह पहली बार हुआ है जब झारखंड ओलंपिक संघ का चुनाव बिना किसी गुटबाजी के सर्वसम्मति से संपन्न हुआ है। क्योंकि कई चुनाव से तटस्थ चल रहे दूसरे गुट के भोलानाथ सिंह जब डॉ मधुकांत पाठक के ग्रुप में शामिल हो गए। इस चुनाव में झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में आरके आनंद महासचिव के रूप में डॉ मधु कांत पाठक तथा अन्य के साथ वरीय उपाध्यक्ष के रूप में भोलानाथ सिंह चुने गए। श्री पाठक व मिश्रा को झारखण्ड ओलम्पिक संघ के चुनाव में निर्विरोध चुने जाने पर गढ़वा जिला के खेल संघ के सदस्यों खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने अपनी-अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया है। बधाई देने वालों में ओलंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, अनिता दत्त, रेखा चौबे, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, मदन प्रसाद केशरी, ओमप्रकाश तिवारी, विजय कुमार केशरी आदि का नाम शामिल है।

# भीमराव अंबेडकर जयंती पर भाजपा पार्टी के द्वारा सम्मान अभियान चलाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा।संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सम्मान अभियान चलाया गया। इसके तहत नारायणपुर प्रखंड के कोलहरिया गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व भाजपा के मंडल प्रभारी सुजाता सिंह भैया ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि 14 मार्च को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती है। इस निमित इनके सम्मान में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शाम में प्रतिमा स्थल ओर चौराहों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सोमवार को उनके जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्र के प्रति बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। बाबा साहब का संपूर्ण जीवन शोषितों ओर वंचितों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा।

समाज को नई दिशा ओर दृष्टिकोण दिया। मौके पर नारायणपुर मंडल अध्यक्ष दीपक सिन्हा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आनंद पोद्दार, प्रखंड मंत्री कालीचरण दास, जागेश्वर रजवार के अलावे ग्रामीण मौजूद थे।

# शहीद गुरुदास चटर्जी के 26 वें शहादत दिवस की सफलता को लेकर एमपीएल कामगार यूनियन ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। निरसा पार्टी कार्यालय गुरुदास भवन में शहीद गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस को सफल बनाने को लेकर एक बैठक की है। इस बैठक में मुख्य रूप से निरसा के विधायक अरूप चटर्जी उपस्थित थे। वक्ता में यूनियन के संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह ने बताया कि शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोग रैली की शक्ल में शहादत स्थल देवली पहुंचेंगे व गरीबों एवं मजदूरों के अपने प्रिय नेता शहीद कॉमरेड गुरुदास चटर्जी को श्रद्धांजलि देंगे। देवली के समारोह में निरसा विधानसभा क्षेत्र के अलावा गोविंदपुर, बलियापुर, सिंदरी, धनबाद, टुंडी, तोपचांची, गोमो, कतरास, बाघमारा, चास, बोकारो, रामगढ़ व हजारीबाग से भी भारी



संख्या में लोग आएंगे।पार्टी के सक्रिय सदस्य व कार्यकर्ता शहादत दिवस समारोह की सफलता के लिए गांवों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता हर जगह बैठक कर लोगों से देवली चलने की अपील कर रहे हैं। समारोह में पूर्व विधायक आनंद महतो, बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह, सांसद सुदामा प्रसाद आदि नेता व गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। मन्नू सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल 2000 को धनबाद से निरसा लौटने के क्रम में विधायक गुरूदास चटर्जी को गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड देवली के समक्ष कोयला माफियाओं ने दिनदहाड़े गोली मार दी थी, इस बैठक में मुख्य रूप से एमपीएल कामगार यूनियन के सचिव महेश मंडल उपाध्यक्ष शमीम अथर संगठन मंत्री एवं मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह, मुन्ना यादव मनोज मंडल आनंद महतो चंदन मंडल बंकिम दास मन्नू सिंह नागेंद्र सिंह कैलाश मोदी हरहर आर्य अजहर खान रहमत बिशू इत्यादि उपस्थित थे।

# अमन साहू एनकाउंटर के नायक एटीएस इंस्पेक्टर डॉ. पीके सिंह का रामगढ़ तबादला

### झारखंड पुलिस की नई रणनीति का हिस्सा, एटीएस और विभिन्न जिलों से कुल 11 पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का हुआ है तबादला

अमित सिन्हा , ब्यूरो प्रमुख

रामगढ़। झारखंड पुलिस ने अपराध के खिलाफ अपनी जंग को और धार देते हुए एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। एटीएस और विभिन्न जिलों से कुल 11 पुलिस पदाधिकारियों व जवानों का तबादला किया गया है। इस फेरबदल में सबसे ज्यादा चर्चा में हैं एटीएस रांची के जांबाज इंस्पेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, जिनका तबादला अब रामगढ़ जिला बल में किया गया है। डॉ. सिंह वही अधिकारी हैं जिन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में निर्णायक भूमिका



निभाई थी और झारखंड पुलिस की छवि को नया आयाम दिया। डॉ. पीके सिंह का तबादला न केवल एक रूटीन प्रक्रिया है, बल्कि इसे राज्य की नई अपराध-विरोधी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राज्य सरकार अब उन अधिकारियों को फ्रंटलाइन पर ला रही है, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खतरनाक अपराधियों के खिलाफ साहसिक कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। अमन साहू, जो झारखंड ही नहीं, पड़ोसी राज्यों में भी अपराध का बड़ा नेटवर्क चला रहा था, उसके खिलाफ कार्रवाई में डॉ. सिंह की बहादुरी और रणनीतिक सोच ने पुलिस बल को नई ऊर्जा दी। यही वजह है कि अब उन्हें रामगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जिले की कमान सौंपी गई है। इस तबादले को राज्य की लॉ एंड ऑर्डर नीति में बदलाव और मजबूती के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। जिन अधिकारियों ने अपराधियों के अड्डों में घुसकर उन्हें नेस्तनाबूद किया, उन्हें अब उन जिलों में भेजा जा रहा है, जहां कानून की धार और अपराधियों की चुनौती दोनों तीखी हैं। झारखंड पुलिस का संदेश स्पष्ट है कि अब अपराधी बख्शे नहीं जाएंगे। रामगढ़ में स्थानांतरित किए गए एटीएस इंस्पेक्टर डॉ. प्रमोद कुमार सिंह न केवल झारखंड पुलिस के सबसे कुशल और निडर अधिकारियों में गिने जाते हैं, बल्कि उन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और रणनीतिक क्षमताओं से राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. सिंह का नाम पहली बार सुर्खियों में तब आया जब उन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के नेटवर्क को ध्वस्त करने में निर्णायक भूमिका निभाई। इस ऑपरेशन में उनकी नेतृत्व क्षमता, साहसिक निर्णय और तीव्र रणनीतिक सोच ने पुलिस बल को एक नई दिशा दी। अमन साहू के खिलाफ इस कार्रवाई ने न सिर्फ झारखंड बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी अपराधियों के मन में खौफ पैदा कर दिया। इसके अतिरिक्त, डॉ. सिंह ने एक बहुचर्चित डकैती कांड के दौरान भी अपनी सूझबूझ और जुझारूपन का परिचय देते हुए मौके पर ही एक खतरनाक अपराधी का एनकाउंटर कर जिले में अपराधियों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार .14 अप्रैल 2025

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## अनाज की बर्बादी

पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा बढ़ती ही जा रही है। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बबार्दी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है।

हरित क्रांति की सफलता का पंजाब सहित देश को भरपूर लाभ मिला। सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल पाता। किसान आज जो कई तरह के संकट उचित दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं।सिर्फ पंजाब में ही नहीं पूरे देश में लगभग 30 प्रतिशत अनाज बर्बाद हो रहा है। भंडारण की स्थिति दयनीय है। इससे अनाज के मूल्य भी बढ़ रहें हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस विषय पर स्वतः संज्ञान लेते हुए केन्द्र से कहा था कि रख नहीं सकते तो अनाज गरीबों को मुफ्त में दे दें।

## आज का राशिफल

**मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6**

**मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6**

**सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7**

**वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7**

**मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9**

**मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8**

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

**e-mail**
**khabarmantra.city@gmail.com**

**R.N.I No.**
**JHAHIN/2013/51797**

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
**( R.N.I No. आवेदित )**

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अंबेडकर और उनके अनुयायी

डॉ. अंबेडकर ऐसे महापुरुष हैं जिनका जन्मदिन, उनके जन्मदिन से पहले और सप्ताह और महीनों बाद तक मनाया जाता रहा है। संविधान निर्माण में डॉ. अम्बेडकर की भूमिका के बारे में कौन नहीं जानता? संविधान में बहुत सारे प्रावधान हैं लेकिन अभी भी उनको अमल में लाना रह गया है। संविधान में आरक्षण का प्रावधान तो है लेकिन सरकारी नौकरी हो या शिक्षा उसमें कोटा की सीमा का निर्धारण नहीं है। संविधान की धारा 16 (2) के अनुसार किसी भी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान, निवास या इनमें से किसी के आधार पर राज्य के अधीन किसी रोजगार या पद के लिए अपात्र नहीं ठहराया जाएगा या उसके साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

अब भी संविधान वही है लेकिन जमीन-आसमान का फर्क.देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में दलितों और आदिवासियों को मुफ्त शिक्षा, वजीफा, हॉस्टल की सुविधा मिली और वे पढ़ गए। सरकारी विभाग बने और उनका विस्तार हुआ, जहाँ उन्हें नौकरी मिली। सार्वजनिक प्रतिष्ठान खड़े किए गए और लाखों-करोड़ों नौकरियां सृजित हुईं और रोजगार मिला। एयर इंडिया, एलआईसी, बैंक, कोयला, तेल की कंपनियां आदि के राष्ट्रीयकरण से लाखों रोजगार मिले। दलित-आदिवासी इसलिए पढ़ गए कि मुफ्त शिक्षा ही नहीं मिली, बल्कि वजीफा और हॉस्टल की सुविधा भी मिली। इस तरह से मध्यम वर्ग तैयार हुआ और वह सामाजिक न्याय को समझने लगा। कोटा-परमिट में भी आरक्षण के कारण लाखों लाभार्थी पैदा हुए जिससे उनकी आर्थिक व सामाजिक ताकत बढ़ी। आपातकाल में इनका सबसे ज्यादा उत्थान हुआ और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत कई लाभ मिले और उसमें भूमिहीनों को जमीन मिल सकी। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण के कारण एक मध्यम वर्ग खड़ा हो गया और फिर उसकी आकांक्षा बढ़ने लगी। इन्होंने ही डॉ. अंबेडकर के विचार को फैलाया और 1980 के दशक से इनका नाम व विचार गांवों तक पहुँचने लगा। लेखन और मीडिया की भूमिका के कारण ऐसा नहीं हुआ बल्कि उनके अनुयायियों ने प्रचार का कार्य किया। जब डॉ. अम्बेडकर के विचार फैलने लगे तो स्वाभाविक रूप से ज्योतिबा फूले, सावित्रीबाई फूले, शाहूजी महाराज, पेरियार, नारायण गुरु, संत गाड़गे, अय्यंकाली आदि के विचार का फैलाव स्वतः होना ही था।



जैसे ही हिस्सेदारी की रफ्तार बढ़ी, रुकावट आ गई। तथाकथित बहुजन मूवमेंट ने इन्हें हुक्मरान का सपना दिखा दिया और जो कुछ मिल रहा था उसके लिए भी लड़ना और माँगना छोड़ दिया। देने वाली कांग्रेस को भी छोड़ते गए।



**-डॉ उदित राज**

> क्या वास्तव में बात इतनी सीधी है, जो यहां असदुद्दीन ओवैसी समझा रहे हैं! आपके रसूलल्लाह की शान, शान है, उसकी वंदगी में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए गुस्ताखी माफ नहीं होगी, लेकिन इस्लाम के नाम पर आपके लोग जो करें सब जायज है फहीम खान का वे कोई दोष नहीं मानते यानी पुलिस झूठ बोल रही है कैमरे झूठ बोल रहे हैं जिन लोगों ने पुलिस के सामने गवाही दी है, वे सभी झूठ बोल रहे हैं

दलित समाज का मध्यम वर्ग परिपक्व होता,उसके पहले तथाकथित बहुजन मूवमेंट ने उसे भावनात्मक बनाकर झाड़ पर चढ़ा दिया। आरक्षण खत्म हो,जमीन का सवाल हो, निजीकरण का मुद्दा हो,उत्पीड़न,शिक्षा का निजीकरण और महंगी होना,संसद में सवाल उठाना,व्यक्तिगत समस्या या किसी तरह से भी अधिकार का हनन आदि सबका एक ही जवाब कि तुम्हें हुक्मरान बनना है और छोड़ो इन छोटी-छोटी बातों को। हमारी आबादी 85% है,हम देने वाले बनेंगे। इस तरह से बात रखी कि अब सत्ता आने वाली है और जैसे आदिवासी और पिछड़ा वर्ग इनसे कोई संधि या करार कर लिया हो। जोर-जोर से कहा कि अब बहुजन एक होने वाले हैं। किसी बात को बार-बार कहा जाए तो लोग सच मानने लगते हैं। दूसरी तरफ करीब 50% ओबीसी जिसे मण्डल कमीशन के साथ खड़ा होना था,वह जाकर कमंडल से जुड़ गया। मण्डल के विरुद्ध में कमंडल को जबरदस्त समर्थन के पीछे पिछड़े ही थे। ऐसे में कैसे आरक्षण,शिक्षा,जमीन जैसे सवाल को नजरअंदाज करके सत्ता प्राप्ति के सपने के लिए सारी ताकत झोंक दिया। जो पिछड़ा अपने विरोधी के साथ खड़ा होने में गर्व कर रहा था,उसका झूठा भरोसा दिखाकर दलित वर्ग के मध्यम वर्ग को मूर्ख बनाकर खूब समर्थन बटोरा। होना तो यह चाहिए था कि सत्ता प्राप्ति की लड़ाई चलती रहती लेकिन जो हिस्सेदारी मिल रही थी,उन मुद्दों को सड़क से संसद तक उठाया जाता रहता।

डॉ. अंबेडकर के विचार को सुविधानुसार ग्रहण किया, जातियों के संगठन खड़े करने लगे और सबको कहा कि अपनी-अपनी जाति को संगठित करो। डॉ.अंबेडकर ने जातिविहीन समाज की बात की थी और ये जाति की दीवार मजबूत करने में लगे रहे। बढ़ती हिस्सेदारी रुक गई और यह कहना ज्यादा उचित होगा कि खुद अपने विकास के रास्ते के अवरोधक बन गए। कल्याणकारी योजनाएं दम तोड़ती गईं और उसे बचाने में ताकत लगाने के बजाय सिर्फ राजनीतिक सत्ता हासिल करने में जुटे रहे। विशेष रूप से उत्तर भारत में कांग्रेस को प्रमुख विरोधी मान लिया और सारी ताकत, संसाधन और सोच एक ऐसे सपने के लिए लगाना शुरू कर दिया जो व्यावहारिक न थी। पिछड़ा साथ न हो, आदिवासी समाज सोया हो, अधिकारों के लिए संसद से लेकर सड़क तक कोई आवाज और संघर्ष न रहा हो तो कैसे बचते अधिकार? अधिकार देने वाली कांग्रेस को ही अंबेडकर विरोधी बताया। वोट भी देना बंद कर दिया तो ऐसे में कौन सी ताकत बची कि वह अधिकारों के लिए संघर्ष करती?

कांग्रेस और डॉ.अंबेडकर को आमने-सामने खड़ा करने के पीछे तथ्यहीन बातें रहीं। हिन्दू कोड बिल न पास होने से दुखी डॉ.अंबेडकर ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। ज्ञात रहे कि क्या बिना मंत्रिमंडल की मंशा के बिल पेश किया जा सकता था? यह बिल समस्त हिन्दू महिलाओं की समानता के लिए था और नेहरू जी भी उतने ही पास कराने के इच्छुक थे, जितना बाबा साहब डॉ. अंबेडकर। नेहरू जी ने ही इसको बाद में पास भी कराया था। तो इस तरह कांग्रेस को दोषी ठहराना कहाँ तक उचित है? एक भावनात्मक आरोप यह भी लगाया जाता है कि कांग्रेस ने उन्हें भारतरत्न नहीं दिया। तो इसको कैसे दलित विरोधी कहा जा सकता है, क्योंकि भारतरत्न तो सचिन तेंडुलकर जैसों को भी मिल गया है। संविधान निर्मात्री समिति का चेयरमैन और कानून मंत्री कांग्रेस ने बनाया तभी तो डॉ. बी.आर. अंबेडकर यह सब कर सके। एक निराधार आरोप और लगाया जाता है कि बाबा साहब को कांग्रेस ने चुनाव में हराया जबकि यह गलत है। दुनिया में कोई चुनाव हारने के लिए नहीं लड़ता। आजादी के बाद डॉ. अंबेडकर संविधान सभा के सदस्य नहीं थे, उन्हें कांग्रेस ही चुनवाकर फिर से लाई।

अनुयायी अपने गिरेबान में झाँककर देखें कि क्या वे जाति के बंधन से मुक्त हो गए हैं? क्या संगठित होकर संघर्ष कर रहे हैं? क्या दलित जातियों ने आपस में रोटी-बेटी का संबंध कायम करना शुरू कर दिया है? तर्क और तथ्य से परे हटकर जातीय मानसिकता से नहीं सोच रहे हैं? क्या पुरुष सत्ता की मानसिकता से मुक्त हो सके हैं? अनुयायियों को सोचने और समझने का समय ज्यादा नहीं रह गया है।

**लेटर टू एडिटर**

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

**ट्वीट**

मैं आज तक कपड़ा के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला। ये बताया विक्की ने, एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्ट्री के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं - मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं!

बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह।

दुनिया को भारतीय युवाओं का असली हुनर दिखे - ये पता चले कि काबिल और मेहनती होते हुए भी ये युवा उपेक्षा और अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# गांवों में आज भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

**समाज**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

नाबार्ड की इस साल मार्च में जारी रिपोर्ट से जहां संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा है, वहीं यह चिंता की बात है कि जरूरत के समय गैर संस्थागत स्त्रोतों से कर्ज लेने वाले ग्रामीणों में करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याज दर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे साफ है कि एक बार गैर संस्थागत स्त्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत मुश्किल जरूर है।

नाबार्ड की रिपोर्ट को आधार मानकर चलें तो पिछले साल सितंबर में जुटाये गए आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी तात्कालिक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर हैं। हालांकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है। पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर थे। हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःख-दर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये धन पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की धन की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह तथ्य भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

चाहे ग्रामीण हों या शहरी ऐसी आवश्यकताएं आ ही जाती हैं, जिनके लिए तत्काल धन की जरूरत होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का ब्याज देना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर ऋण को चुकाना पड़ता है। साफ है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों का बोलबाला बना हुआ है। संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किस्त बकाया रह गई तो पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

एक बात और, शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ऋण देने का कार्य किया जाता है।

इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।

देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरूर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टि नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर हैं।

ये लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरूरत के समय एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालों पर सख्ती दिखानी होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# 3% तक घट सकता है ग्लोबल ट्रेड ! भारत को फायदा

**टैरिफ वार**

**अर्थशास्त्री का दावा- भारत-ब्राजील जैसे देशों के लिए बड़ा मौका**

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अर्थशास्त्री पामेला कोक-हैमिल्टन ने चेतावनी दी है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए नए टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में 3 प्रतिशत की कमी आ सकती है। इसके साथ ही निर्यात के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है, जिसमें अमेरिका और चीन जैसे बाजारों से व्यापार कम होकर भारत, कनाडा और ब्राजील जैसे देशों की ओर बढ़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र (आईटीसी) की कार्यकारी निदेशक पामेला कोक-हैमिल्टन ने शुक्रवार को जिनेवा में ये बातें कहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने पिछले हफ्ते बड़े पैमाने पर टैरिफ योजना की घोषणा की थी। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस ने कहा कि ज्यादातर देशों के लिए 90 दिनों तक जवाबी टैरिफ पर रोक रहेगी, लेकिन चीन ने अमेरिकी आयात पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। कोक-हैमिल्टन ने बताया कि इन टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार में लंबे समय तक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। उदाहरण के लिए, मैक्सिको का निर्यात, जो पहले अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे बाजारों पर निर्भर था, अब कनाडा, ब्राजील और कुछ हद तक भारत की ओर बढ़ रहा है। इन देशों के पास बड़ा मौका है। इसी तरह, वियतनाम का निर्यात भी अमेरिका और चीन से हटकर मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, यूरोप और कोरिया जैसे बाजारों की ओर जा रहा है।

**विकासशील देशों के लिए चुनौती और अवसर**

कोक-हैमिल्टन ने कपड़ा उद्योग का उदाहरण देते हुए बताया कि यह उद्योग विकासशील देशों के लिए आर्थिक गतिविधि और रोजगार का बड़ा स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश, जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक देश है, को 37 प्रतिशत का जवाबी टैरिफ झेलना पड़ सकता है। अगर यह टैरिफ लागू हुआ तो 2029 तक बांग्लादेश को अमेरिका में 3.3 अरब डॉलर के निर्यात का नुकसान हो सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विकासशील देशों को ऐसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधीकरण, मूल्यवर्धन और क्षेत्रीय एकीकरण पर ध्यान देना चाहिए। इससे न सिर्फ संकट से बचा जा सकता है, बल्कि भविष्य के लिए मजबूत आधार भी तैयार किया जा सकता है।

इसके अलावा, फ्रांस के अर्थशास्त्र अनुसंधान संस्थान उएढक्क के साथ मिलकर किए गए शुरूआती अनुमानों के अनुसार, 2040 तक इन टैरिफ और जवाबी कदमों से वैश्विक जीडीपी में 0.7 प्रतिशत की कमी आ सकती है। मैक्सिको, चीन, थाईलैंड और दक्षिणी अफ्रीका जैसे देशों के साथ-साथ अमेरिका को भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।


चीन के 125 प्रतिशत टैरिफ के फैसले पर एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की उपाध्यक्ष वेंडी कटलर ने कहा कि चीन इस व्यापार युद्ध में पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच टैरिफ–अमेरिका में चीनी आयात पर 145 प्रतिशत और अमेरिकी आयात पर चीन में 125 प्रतिशत–के कारण दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग ठप हो सकता है। वहीं, विशेषज्ञ डैनियल रसेल ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग न तो झुक रहे हैं और न ही स्थिति को और बिगाड़ रहे हैं। वे मानते हैं कि ट्रम्प की टैरिफ नीति अमेरिकी बाजार के दबाव में खुद ही कमजोर पड़ जाएगी।

चीन अब समान जवाबी टैरिफ से हटकर लंबी रणनीति पर काम कर रहा है। उसका लक्ष्य अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, कूटनीतिक प्रभाव बढ़ाना और अमेरिकी सहयोगियों पर दबाव बनाना है। रसेल ने बताया कि शी जिनपिंग का दक्षिण-पूर्व एशिया दौरा इस रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद क्षेत्र में चीन के आर्थिक रिश्तों को मजबूत करना है।




**अरुणाचल प्रदेश के जीरो स्थित कार्दो गांव में श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहां स्थित शिवलिंग स्वयंभू है- अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री**

**कार्टून वर्ल्ड**



## स्पीड न्यूज

### कुजू : सड़क हादसे में युवक घायल



कुजू। मुरपा फोरलेन सड़क पर रविवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के रेलिंग से जा टकराया। जिसमें सवार एक युवती पुल के नीचे गिर गयी। जबकि युवक को गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पहुंचे एम्बुलेंस से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि चरही दासोखाप निवासी विकास कुमार व पूजा कुमारी पल्सर बाइक संख्या जेएच02बीपी- 4344 पर सवार होकर रामगढ़ से चरही घर लौट रहे थे। इसी बीच मुरपा फोरलेन सड़क पुल के पास रेलिंग से जा टकराया। जिससे युवती पुल के नीचे जा गिरी। उसका पैर टूट गया। जबकि युवक को गंभीर चोट आई। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां पर युवक की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### पतरातू के स्वर्णकार संघ रांची रवाना



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ भुरकुंडा के मतकमा चौक से रांची के विधानसभा परिसर में आयोजित स्वर्णकार महासम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। महासम्मेलन में देशभर से स्वर्णकार समाज के प्रमुख प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, पूर्व सांसद राज बब्बर, उत्तर प्रदेश विधायक विनय वर्मा, बिहार विधायक जीवन कुमार, उत्तराखंड विधायक प्रीतम सिंह पवार, लोकसभा सांसद राजेश वर्मा, झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान, मुख्य सलाहकार बहादुर सिंह वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष जयपाल लंबा और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोहर सिंह कंडा भाग लेंगे। महासम्मेलन में भाग लेने वालों में पतरातू प्रखंड स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष नरेश सोनी, प्रखंड महामंत्री मनोज कुमार स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, उपाध्यक्ष अनिल सोनी, प्रेम वर्मा, कैलाश प्रसाद स्वर्णकार, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, क्षेत्रीय अध्यक्ष उदय स्वर्णकार, सचिव राजन वर्मा, कोषाध्यक्ष पप्पू वर्मा, विनोद सोनी समेत कई सदस्य शामिल हैं।

### कुजू : महायज्ञ को लेकर निकाला जुलूस



**कुजू।** श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी मुंडा टोला में रविवार को श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया। इससे पहले यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक ने कई धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराया। यज्ञ को सफल बनाने में राजू भुइयां, बसंती देवी, अमरदीप मुंडा, फुलासो देवी, अजय राम, मोहन भुइयां, अंजुला देवी, संजय राम, तेजलाल मुंडा, संदीप मुंडा, राजेंद्र भुइंया, अरुण भुइयां, संतोष भुइयां, महेश मुंडा, मनोज भुइयां, शंभु राम, अनोज भुइयां, ललिता देवी, शुक्रमणि देवी, साबो देवी, रीना देवी, रिंकी देवी, सुनीता देवी, बेबी कुमारी, रेखा देवी, पूनम देवी, उषा देवी, महेश भुइयां, संजय मुंडा, दिनेश मुंडा, टेपू मुंडा समेत पैंकी, मुंडा टोला, भुइयां टोला, पिपरा टोला के लोग लगे हुए हैं।

### बजरंग बली को कराया नगर भ्रमण



**कुजू।** पंच दिवसीय लक्ष्मीनारायण सह हनुमंत विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन तिलैया सांडी में रविवार को कई धामिक अनुष्ठान काय का सपन्न कराया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय, राकेश कुमार पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, नवीन पांडेय, प्रमोद तिवारी, आयुष कुमार पांडेय ने यजमान बने अर्जुन महतो, भुनेश्वर करमाली, दहला बेदिया, नारायण बेदिया, रमेश महतो सपत्नीक के हाथों सर्वप्रथम वेदी पूजन कराया गया. जबकि बीर बजरंग बली की प्रतिमा को नए चौकी पर रखकर विधिवत स्नान कराया गया। जिसमें प्रधान यजमान के साथ बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु कलश में जल भरकर भगवान को नहलाया। तत्पश्चात मंदिर के शुद्धीकरण के साथ भगवान को सुसज्जित वाहन पर बैठकर नगर भ्रमण किया गया। यज्ञ को सफल बनाने में संरक्षक भुनेश्वर महतो, निवर्तमान वार्ड पार्षद मंजू देवी, लाली बेदिया, रामसहाय बेदिया, नीरज झा, श्यामदेव बेदिया, बालेश्वर बेदिया, रमेश महतो, राजेश मांझी, पालो देवी, उषा देवी, अध्यक्ष सावन बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज विशेश्वर बेदिया, सचिव शंकर बेदिया, कोषाध्यक्ष प्रयाग बेदिया, उप कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष विकाश मुंडा समेत बड़ी संख्या में कार्यकारिणी के सदस्य लगे हुए हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में उमड़ी भीड़

कुजू। श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ यज्ञ के चौथे दिन रविवार को करमा ग्राम के जतराटांड़ में आयोजित पञ्चांग पूजन, मंडप पूजन, हवन, फलाधिवस,मिष्ठानाधिवस स्नान, नेत्रोन्मिलन, औषध्याधीवास, देव स्नान के साथ नगर भ्रमण का कार्य किया गया। साथ ही नगर भ्रमण के बाद भगवान हनुमान को शैय्याधिवास दिया गया। उक्त सभी अनुष्ठान यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक के हाथों संपन्न कराया। वहीं रात्रि में विदुषी अनुष्का पाठक ने अपनी कथा से श्रद्धालुओं को भक्ति का संचार किया। मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा है।

# यहां विकास नहीं, भ्रष्टाचार पनपता है!

## हजारीबाग टूरिज्म: घोटाला देखने आइए, भ्रष्टाचार मुफ्त में मिलेगा

अभय कुमार सिंह




**हजारीबाग।** हजारीबाग झारखंड का एक ऐसा जिला जो हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में यह इलाका एक और पहचान के लिए बदनाम हो गया है, भ्रष्टाचार और लूटतंत्र का अड्डा। सरकारी योजनाएं हों या आम जनता की जेब, हर मोर्चे पर दलालों, फर्जीवाड़े व अफसरशाही की मिलीभगत से आम जनजीवन की नींव को खोखला किया जा रहा है। सबसे खतरनाक पहलू ये है कि न कोई जांच, न कोई जवाबदेही और न ही कोई ऐसा अधिकारी जो इस बर्बादी के खिलाफ आवाज बने। हर विभाग, हर दफ्तर, चाहे स्वास्थ्य हो या शिक्षा, पुलिस हो या प्रशासन हर जगह दलाली का बोलबाला है। नीचे कुछ केस स्टडीज हैं जो प्रशासनिक तंत्र की पोल खोलते हैं।

**केस स्टडी 1: अनाज घोटाला**

दिसंबर 2024 में अंशु महिला मंडल के जरिए चौपारण में सामने आया राशन घोटाला, 61 क्विंटल चावल और 30 क्विंटल गेहूं का गबन। ईपीओएस मशीन को मुंबई पहुंचाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया रोकी गई और सैकड़ों लाभुकों को राशन से वंचित कर दिया गया।

**केस स्टडी 2: नकली पनीर और मिलावटी मिठाइयाँ**

अक्टूबर 2024 त्योहारों के मौके पर नकली खाने-पीने की चीजों का खुला खेल। 50 किलो नकली पनीर और फंगस लगे पेड़े बरामद। जनता की जान से हुआ सीधा खिलवाड़।

**केस स्टडी 3: नौकरी के नाम पर महिलाओं से ठगी**

सितंबर 2022गोल वर्क लाइफ' नामक फर्जी एनजीओ ने 35 महिलाओं से लगभग 9 लाख रुपये ठगे। वादा किया गया रोजगार का, मिला धोखा। शिकायत लोहसिंघना थाना में, लेकिन अब तक न ठोस कार्रवाई न मुआवजा।

**केस स्टडी 4: पौधरोपण योजना में 10 करोड़ रुपये की ठगी**

फरवरी 2024ह्यप्रज्ञा सेवा संस्थानह्ण ने 200 किसानों को झांसे में लेकर हजारों पेड़ नहीं, बल्कि करोड़ों की ठगी बो दी। मुनाफे का सपना दिखाकर 8 से 10 करोड़ रुपये उड़ाए गए। निदेशक गिरफ्तार, लेकिन किसान आज भी न्याय की राह देख रहे हैं।

ऐसे-ऐसे हजारो मामले है। जिले की जमीनी हकीकत यही है कि जहाँ सिस्टम मौन है, और जनता छली जा रही है। सवाल यह नहीं कि भ्रष्टाचार है या नहीं, सवाल यह है कि क्या कोई बचेगा इससे? और सबसे बड़ा सवाल कि क्या हजारीबाग को कोई ईमानदार मसीहा मिलेगा, जो इन घोटालों का हिसाब लेकर आए? ये सिर्फ खबर नहीं, हजारीबाग की एक कड़वी सच्चाई है, जिसे अब नजरअंदाज करना खुद एक अपराध है।

# जनता की समास्याओं का जल्द होगा समाधान : जायसवाल

## बरही चौक पर सांसद ने लगायी चौपाल, केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही चौक पर भाजपा के चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। चौपाल में सांसद को जनता ने अपनी समस्याएं व सुझाव साझा किया। जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आवास योजना, और स्वरोजगार योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है, खासकर गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं चलाई जा रही हैं। सांसद ने स्थानीय नागरिकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब धैर्यपूर्वक दिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर यथासंभव समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। चौपाल की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आम जनता को सरकार की योजनाओं और नीतियों को समझने में मदद मिलती है और लोगों को जागरूक किया जा सकता है। इस अवसर पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, नवल किशोर सिंह, संतोष निषाद, नागेश्वर रजक, विशेश्वर यादव , सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिरका कोलियरी में अपराधियों ने हाइवा में लगायी आग



**रामगढ़।** अपराधियों ने शनिवार रात सिरका कोलियरी में हाइवा पर गोली चलाई और फिर उसमें आग लगा दी। घटना की सूचना पाकर रविवार की सुबह रामगढ़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में शुरू कर दी है। अपराधियों ने कांटा घर के पास एक लोड हाइवा (जेएच 24 जे 6878) रुका हुआ था। शनिवार की रात करीब 11:30 बजे अपराधियों ने धावा बोला। अपराधियों ने वहां मौजूद लोगों को हथियार का भय दिखाकर धमकाया और फिर दो राउंड गोली चलाई। दोनों गोलियां हाईवा के बोनट पर ही लगी। इसके बाद अपने साथ पेट्रोल लेकर आए अपराधियों ने हाइवा पर छिड़का और उसमें आग लगा दी। इसके बाद फरार हो गए। राहुल दुबे ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जलता हुआ हाइंवा दिख रहा है।

# रंजीत पांडेय के सांसद प्रतिनिधि बनने पर कुजू में भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददता



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल ने रामगढ़ अरगड्डा निवासी भाजपा नेता रंजीत पांडेय को सीसीएल क्षेत्र का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विशाल होटल में नगर परिषद का सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी के नेतृत्व में पांडेय का स्वागत किया गया।

गिरी ने रंजीत पांडेय से सीसीएल कामगारों के समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। श्री पांडेय ने कहा कि कहा कि उन्हें जिस उद्देश्य से प्रतिनिधि बनाया गया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। स्वागत करने वालों में मनोज गिरी,रोहन लाल, रवि कुशवाहा, राहुल गिरी, दिनेश कुशवाहा, प्यारेलाल कुशवाहा, राजेश प्रजापति, पिंटू कुशवाहा, लक्ष्मी पंडा ,अनिल यादव, प्रमोद यादव, दिलेश्वर कुशवाहा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें : राकेश प्रसाद



**कुजू।** झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनने पर झारखंड के लोगों को कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उक्त बातें भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कही। श्री प्रसाद बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्पलेक्स में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों संग भाजपा मांडू विस के तत्वावधान आयोजित वार्ता में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मौजूद लाभार्थियों से केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उज्जवला योजना के तहत गैस चूल्हा सिलेंडर, शौचालय, जविप्र राशन, पीएम आवास योजना, बिजली, आयुष्मान कार्ड से जुड़ी योजनाओ की जानकारी ली। जिस पर लाभार्थियों ने केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित होने की बात कही। राकेश प्रसाद ने मौजूद लोगों से केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने की बात कही। इससे पूर्व, महिला सदस्यों ने राकेश प्रसाद को बुके भेंटकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन रांची महानगर प्रभारी (ओबीसी मोर्चा) जगेश्वर प्रजापति ने किया।

# सांसद की पहल से बिजली आपूर्ति शुरू

## भुरकुंडा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल क्षेत्रों के सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सीसीएल सौंदा, दत्तो, अरगड्डा और गिद्दी में बीते पिछले छह दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप थी। स्थानीय लोगों और श्रमिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही बच्चों का पठन-पाठन भी बाधित हो गया था। वहीं गर्मी के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भुरकुंडा मंडल के पदाधिकारियों ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को फोन कर इस मामले की जानकारी दी थी। सांसद मनीष जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत वरीय पदाधिकारियों से संपर्क साधा और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। सांसद महोदय ने सीसीएल प्रबंधन से कहा कि कोयलांचल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। वार्ता में प्रबंधन ने कहा था कि सीसीएल प्रबंधन इस समस्या को लेकर गंभीर है। विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए जोरशोर से कार्य किया जा रहा। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि पूरी उम्मीद है कि रविवार तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। रविवार को विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर क्षेत्रवासियों को इस गर्मी से राहत मिली। भुरकुंडा मंडल के भापाइयों ने अपने कर्मठ सांसद मनीष जायसवाल को बधाई देते हुए सीसीएल प्रबंधन के प्रति भी आभार प्रकट किया। सांसद को बधाई देनेवालों में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, जुगल नायक, उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, संतोष शर्मा, योगेश दांगी, महेन्द्र सिंह, राजन पांडेय सहित दर्जनों भाजपाई शामिल हैं।

## एक नजर में

### बरही में महिला थाना भवन का उद्घाटन



बरही। रविवार को गया रोड स्थित पुलिस निरीक्षक कार्यालय परिसर में बरही महिला थाना एवं बाल संरक्षण थाना का उद्घाटन एसी अरविंद कुमार सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह में बरही थाना प्रभारी आभास कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, पदमा ओपी प्रभारी राणा भानुप्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक सुमित कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी और महिला पुलिसकर्मी उपस्थित थे। एसपी ने कहा कि नए थाना भवन से बरही, चौपारण और पदमा क्षेत्र की महिलाओं को सीधे न्याय और सहायता मिलेगी। महिला सुरक्षा, पारिवारिक विवाद और अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब बेहिचक अपनी बात रख सकेंगी और उन्हें त्वरित न्याय मिलेगा। थाना प्रभारी किरण कच्छप ने कहा कि यह थाना ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए वरदान साबित होगा। पहले उन्हें लंबी दूरी तय कर अपनी शिकायत दर्ज करानी पड़ती थी, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही न्याय की प्रक्रिया सुगम होगी। मौके पर जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रिंकी विश्वकर्मा, पूनम कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दनुआ घाटी : हादसे में ट्रक चालक की मौत



**चौपारण।** खतरनाक मोड़ों और जर्जर सड़कों के लिए कुख्यात दनुआ घाटी ने शनिवार को एक बार फिर दर्दनाक हादसे का गवाह बनी। उत्तर प्रदेश के रहने वाले ट्रक चालक मो. नूर आलम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कोलकाता से यूपी की ओर जा रहा ट्रक तेज रफ्तार में नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मो. नूर आलम ट्रक के केबिन में बुरी तरह फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं राहत कार्य में जुट गए। उन्होंने फंसे चालक को बाहर निकालने में हाथ बंटाया और घायल को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। एम्बुलेंस चालक शक्ति की सेवा भावना भी चर्चा में रही। उन्होंने न सिर्फ जोखिम उठाकर राहत कार्य में सहयोग किया, बल्कि शव को रात में अकेले ही पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी और एम्बुलेंस चालक की तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें असली नायक बताया।

### बड़कागांव व केरेडारी में बेटियों को मिला लहंगा

बड़कागांव। रविवार को बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू प्रखंड के कई गांवों में सांसद मनीष जायसवाल की पहल गरीब बेटियों को मिला लहंगा। बड़कागांव प्रखंड के बरवाडीह, हेंठगढ़ा, बड़कागांव गांव, केरेडारी प्रखंड के पाण्डेय पूरा, बरियातू, पत्राखुर्द, बेलतु, बेंगवरी, केरेडारी, हेवाई तथा पतरातू प्रखंड के दर्जनों गांवों में घर-घर जाकर बेटियों को लहंगा वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि हर जरूरतमंद बेटी तक सहायता पहुंचाई जा सके। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि पूनम साहू, सह-प्रतिनिधि कृष्णा राम, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, केरेडारी मंडल सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव, आजसू युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर कुमार, मीडिया प्रभारी नकुल साव सहित अन्य लोग शामिल थे।

### हजारीबाग में दलाली और पैरवी से थाना परेशान

**हजारीबाग।** पुलिस की वर्दी अब अपराधियों से नहीं, बल्कि रसूखदारों के नेटवर्क से जूझ रही है। हजारीबाग में अपराध को दबाना जितना मुश्किल नहीं, उतना मुश्किल हो गया है अपराधी के ह्यबैकअप टीमह्ण से निपटना, ये हैं पैरवी स्पेशलिस्ट, जिन्हें हर थानेदार पहचानता है, लेकिन नाम लेने से कतराता है। इन पैरवीबाजों का काम सिर्फ एक है कि अपराधियों के लिए थाने का दरवाजा खुलवाना। चोरी, ठगी, या मारपीट के मामले में पुलिस जैसे ही किसी को पकड़ती है, तुरंत राजनीतिक लिंक वाले दलाल सक्रिय हो जाते हैं। नेताओं के इशारे पर ये लोग थाने पहुँचते हैं, अधिकारियों पर दबाव बनाते हैं, और कोशिश करते हैं कि अपराधी बेलगाम घूमते रहें। नाम नहीं छापने के शर्त पर एक पुलिसकर्मी ने बताया कि अब तो हम अपराधियों से ज्यादा पैरवीकारों से लड़ रहे हैं। मामला दर्ज करने से पहले ही फोन आ जाते हैं, कभी नेताजी का, कभी उनके आदमी का। समाजसेवी मनोज गुप्ता ने कहा कि अगर अपराधियों को बचाने के लिए पैरवी और दलाली का इस्तेमाल हो रहा है, तो ये भी अपराध ही है। ऐसे दलालों पर भी मामला दर्ज होनी चाहिए।

### 30 तक केवाइसी करायें लाभुक: संजय यादव



बरही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव की देखरेख में बरही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बसे आदिम जनजाति समूह के बिरहोर परिवारों के घर जाकर राशन कार्ड में ई-केवाईसी किया गया। करीब 50 लाभुकों का ई-केवाईसी किया गया। ई-केवाईसी के दौरान आदिम जनजातियों के पास आधार कार्ड नहीं होने, आधार कार्ड अपडेट नहीं होने जैसी कई समस्याएं सामने आईं। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि बिरहोर परिवार के लाभुकों का आधार अपडेट करने, नया आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर लाभुकों के ई-केवाईसी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज समय पर नहीं मिले तो राशन कार्ड से नाम हटाया जा सकता है।

### परसातरी में वज्रपात से एक की मौत

बरही। चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर पंचायत के परसातरी गांव निवासी गुल्ली महतो के पुत्र जगदीश प्रसाद ( 55 वर्ष) की वज्रपात से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक तिलैया डाकघर में उपडाकपाल के पद पर कार्यरत थे। मृतक शनिवार को अपनी ड्यूटी पूरी कर देर शाम अपने घर परसातरी लौटे थे और रविवार की सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी दौरान यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

### चरही : भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

चरही। रविवार को चुरचु मंडल के घरटी ऑफिसर ग्लव में मांडु विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता हजारीबाग जिलाध्यक्ष श्री विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मंच संचालन रामगढ़ जिला प्रभारी श्री प्रवीण मेहता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सदस्यता प्रभारी श्री रामेश प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में मांडु विधानसभा क्षेत्र के सभी सक्रिय कार्यकताओं की भूमिका की सराहना की और पार्टी के नीति-सिद्धांतों के अनुरूप उनके कार्यों को दिशा प्रदान की। श्री प्रसाद ने कार्यकताओं को संगठन की जड़ों को मजबूत करने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने और एकजुट होकर आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की ताकत उसकी निचले स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकताओं में होती है, और उनका योगदान अतुलनीय है। सम्मेलन में मंडल के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आप हिंदू राष्ट्रवादी और आंबेडकरवादी दोनों हैं

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 1938 में मनमाड रेलवे वर्कर्स कॉन्फ्रेंस में कहा था, मुझे धर्म के प्रति युवाओं की बढ़ती उदासीनता को देख कर पीड़ा होती है। धर्म कोई अफीम नहीं है। जैसा कि कुछ लोग मानते हैं। मुझमें जो कुछ भी अच्छा है या मेरी शिक्षा से समाज का जो भी भला होता है, मैं उसका श्रेय अपने अंदर की धार्मिक भावनाओं को देता हूं।

यह कथन उन लोगों को चौंकाने वाला लग सकता है जो कि आंबेडकर को पढ़े बिना आंबेडकरवाद का अनुसरण करते हैं। ये स्थिति इसलिए है क्योंकि भारत के वामपंथी आंबेडकरवादी कार्यकताओं ने उन्हें धर्म के विरोधी के रूप में चित्रित कर रखा है। जबकि आंबेडकर कार्ल मार्क्स जैसे नहीं थे। इसलिए एक व्यक्ति बिना किसी विरोधाभास के एक ही साथ तीनों हो सकता है एक हिंदू, एक राष्ट्रवादी और एक आंबेडकरवादी। यह बात उस वैचारिक कथानक के बिल्कुल विपरीत है. जो कि एक झूठे विचार की वकालत करता है कि आंबेडकर के विचार और राष्ट्रवाद एक साथ नहीं रह सकते। आंबेडकर ने धर्म को बहुत महत्व दिया था, और यह बात उनकी विरासत पर एकाधिकार की हसरत रखने वाले साम्यवादियों की आज की पीढ़ी को रास नहीं आएगी.शांतिपूर्ण विरोध के जरिए दलित वर्ग के मंदिर प्रवेश की हिमायत करना आंबेडकर की विशेषता थी। तमिलनाडु में पेरियार के अनुयायी बड़ी अस्पष्टता की स्थिति निर्मित करते हैं। जबकि एक तरफ तो वे हिंदू प्रतिष्ठानों के तर्कहीन उन्मूलन का समर्थन करते हैं, पर साथ ही वे आंबेडकरवादी होने का दावा भी करते हैं।

अपने जीवन के निर्णायक चरण में आंबेडकर धर्मांतरण के सवाल से जूझ रहे थे। धर्मशास्त्र संबंधी गहन विद्वता के मद्देनजर, वह तमाम भारतीय धर्मों की ताकतों और कमजोरियों को लेकर आश्वस्त थे। कोई दृढ़ कारण जरूर रहा होगा कि बहुत सोच-विचार और विभिन्न धार्मिक नेताओं से चर्चा के बाद उन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया, जिसे आमतौर पर हिंदू धर्म की ही एक शाखा के रूप में देखा जाता है। क्या वह इस्लाम या ईसाई जैसे गैर-भारतीय धर्म को अपनाने के संभावित परिणामों से बचना चाहते थे? सामाजिक इतिहासकारों को इस सवाल पर रोशनी डालनी चाहिए, इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

आंबेडकर के विचार जाति संघर्ष की उपज थे। उनका जीवन इस निरंतर संघर्ष का प्रमाण है। पर जाति के खिलाफ अपने वैचारिक रुख के कारण आंबेडकर को पूर्वाग्रहों का भी सामना करना पड़ा, यहां तक कि साम्यवादियों से भी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की केंद्रीय कमेटी ने 1952 में आंबेडकर की अगुआई वाले संगठन अनुसूचित जाति महासंघ (एससीएफ) के खिलाफ एक विशेष प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया था कि आर्थिक बेहतरी और सामाजिक बराबरी की आकांक्षा को उनके साम्राज्य-समर्थक और अवसरवादी नेता डॉ. आंबेडकर ने एक विकृत और अवरोधकारी रूप दे दिया है, जिन्होंने कि उनको



**मौजूदा वक़्त आंबेडकर के व्यक्तित्व के विविध पहलुओं के ईमानदार विश्लेषण का है। और आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) उनकी विरासत को लेकर एक नया, निष्पक्ष और रचनात्मक सार्वजनिक संवाद शुरू करने का उचित अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर आंबेडकर की पकड़, चीन को लेकर उनकी चेतावनी, और अर्थशास्त्र में उनकी असाधारण विद्वता को मौजूदा पीढ़ी के सामने लाया जाना चाहिए।**

एससीएफ में सांप्रदायिक और जाति-विरोधी हिंदुओं के तौर पर संगठित किया है।

चुनाव के साथ भयादोहन भी आता है आरक्षण, हिंदुत्व और सामाजिक न्याय के लिए संवैधानिक गारंटियों को लेकर। पर, ये कांग्रेस पार्टी ही है जिसने स्वतंत्रता सेनानी और दलितों के सबसे बड़े नेताओं में से एक बाबू जगजीवन राम को कभी भी पार्टी या सरकार में सम्मानजनक पद नहीं दिया. आखिरकार, जगजीवन राम को पार्टी से अलग होना पड़ा था। वे जनता पार्टी में शामिल हो गए और अंततः जनसंघ समर्थित जनता पार्टी सरकार में उप-प्रधानमंत्री बने। एक दलित नेता के रूप में बाबू जगजीवन राम वामपंथियों के कथानक में फिट नहीं बैठते थे, क्योंकि वह एक समर्पित हिंदू थे। जिन्होंने हिंदू धर्म में रहते हुए इसकी बुराइयों का मुकाबला करने के विकल्प को चुना। कांशीराम और मायावती ने भी किसी अन्य धर्म को नहीं अपनाया। दलित आस्थावान हिंदू होते हैं।

परंतु, भारतीय राजनीतिक इतिहास में किसी राष्ट्रीय दल की कमान संभालने वाला पहला दलित बंगारू लक्ष्मण बने, जो 2000 से 2001 तक भाजपा के अध्यक्ष रहे थे. भाजपा की ही अगुआई वाली एनडीए सरकार के कार्यकाल में जीएमसी बालायोगी, एक वकील, लोकसभा का पहला दलित स्पीकर बने थे। और एक बार फिर भाजपा ने ही रामनाथ कोविंद के रूप में भारत को पहला दलित राष्ट्रपति दिया। (भारत के दसवें राष्ट्रपति केआर नारायणन एक दलित-ईसाई थे.) इस समय सर्वाधिक दलित सांसद भाजपा से ही हैं।

आंबेडकर ने लिखा था, जातीय रूप से हर व्यक्ति परस्पर भिन्न है। एकरूपता का आधार तो सांस्कृतिक एकता है। इस बात को मानते हुए, मैं यह कहना चाहूंगा कि सांस्कृतिक एकता में कोई भी देश भारतीय प्रायद्वीप की बराबरी नहीं कर सकता है। इस संदर्भ में संस्कृति की बारीकी से व्याख्या करने पर हमारी कालातीत सभ्यतामूलक अंतःचेतना सामने आती है जो कि युगों की कसौटी पर खरी उतरी है। आंबेडकर की बुनियाद भारतीय सभ्यता और संस्कृति में थी।

ये भी कहा जाता है कि आंबेडकर संस्कृत को भारत की आधिकारिक भाषा बनाने के प्रस्ताव के पक्ष में थे। वह हमारी सांस्कृति समृद्धि का हवाला देते रहते थे।

मौजूदा वक़्त आंबेडकर के व्यक्तित्व के विविध पहलुओं के ईमानदार विश्लेषण का है। और आंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) उनकी विरासत को लेकर एक नया, निष्पक्ष और रचनात्मक सार्वजनिक संवाद शुरू करने का उचित अवसर है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति पर आंबेडकर की पकड़, चीन को लेकर उनकी चेतावनी, और अर्थशास्त्र में उनकी असाधारण विद्वता को मौजूदा पीढ़ी के सामने लाया जाना चाहिए। आंबेडकर को मात्र सामाजिक न्याय का योद्धा और एक विशिष्ट दलित नेता के रूप में देखना उनकी विरासत के साथ बड़ा अन्याय होगा।

(लेखक पूर्व में केंद्रीय मंत्री हैं।)

# आधुनिक रोमा भाषा विज्ञान

**जमीर अनवर**

**पोट्ट** को आमतौर पर आधुनिक रोमा भाषा-विज्ञान के जनक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने इस भाषा की ऐतिहासिक और संरचनात्मक सुसंगतता को स्थापित किया और पूर्व-यूरोपीय ऋण शब्दावली की परतों की ओर इंगित किया है, जो भारत से यूरोप तक रोमा के प्रवासी इतिहास पर दृष्टि डालती हैं।

जॉर्ज हेनरी बॉरो का कथन है कि रोमा भाषा विश्व की किसी भी अन्य भाषा की तुलना में संस्कृत भाषा के सबसे अधिक अनुरूप है। उनके अनुसार रोमा शब्दावली में 3,000 शब्द हैं। इनमें से ज्यादातर शब्द भारतीय मूल के हैं, जो संस्कृत या अन्य भारतीय भाषाओं से संबंधित हैं। शेष शब्दों को रोमा लोगों ने भारत से विभिन्न देशों की अपनी यात्रा के दौरान एकत्र किया।

जी.ए.जोग्राफ (1976) ने न्यू इंडो-आर्यन भाषाओं के अप्राकृतिक प्रारूप के विस्तृत विश्लेषण के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि रोमा भाषा नव्य इंडो-आर्यन भाषाओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखती है। आधुनिक भाषाविद् जैसे हैनकॉक, एक्टन, मातृस आदि मानते हैं कि रोमा भारतीय भाषाओं की ही एक शाखा है। जॉन सैम्पसन ने अपने लेख द डायलॉग ऑफ वेल्श जिप्सी, 1926 में रोमानी मोनोजेनेसिस सिद्धांत को प्रस्तावित किया, जिसे सर राल्फ टर्नर ने तुरंत चुनौती दी और तर्क दिया कि डोमरी और रोमा का एकल मूल संभव नहीं है और दोनों के भाषाई पूर्वज भारतीय बोलियों के विभिन्न समूहों से संबंधित हैं।

सर टर्नर ने भाषाई विश्लेषण के माध्यम से इयान हैन्कोक के तर्क को स्वीकार करते हुए कहा है कि रोमा और डोमरी बोलियां प्रत्यक्ष रूप से भिन्न हैं, क्योंकि डोमरी में तीसरे निर्जीव लिंग की उपस्थिति है, जो उत्तर-पश्चिमी भारत की बोलियों की तुलना में केंद्रीय प्राकृत बोली के समान है। हालांकि, रोमा और डोमरी की उत्पत्ति पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती और पश्चिमी हिंदी जैसी केंद्रीय क्षेत्रों की बोलियों से संबंधित है।टर्नर ने रोमा और कई इंडो-आर्यन भाषाओं के बीच तुलना के जरिए अद्वितीय वर्गीकरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने आधुनिक भारतीय भाषाओं के केंद्रीय समूह (हिंदी क्षेत्र- नेपाली और केंद्रीय पहाड़ी) में ह्यपैतृक रोमाह्न की स्थिति, रोमा और अन्य इंडो-आर्यन भाषाओं में पाई जाने वाली पुरातनता और नवाचारों के बीच टकराव की एक श्रृंखला के आधार पर दशार्या। इसी के समानांतर टर्नर ने ब्रज, हिंदी और रोमा भाषाओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी प्रदर्शित किया।

रोमा भाषा ने न केवल भारतीय भाषाओं की प्राथमिक शब्दावली को बरकरार रखा है, बल्कि जटिल अप्राकृतिक शब्दों, व्याकरण की संरचना और ध्वनि प्रणाली की मुख्य विशेषताओं को भी बनाए रखा है। इसके सभी रूपों

# संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर

**देवेन्द्र नयन**

**भारत** रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मोलाजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई सकपाल था। डॉक्टर अंबेडकर बचपन से ही मेधावी थे। डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जाति महार होने के कारण उन्हें भेदभाव को शिकार होना पड़ा।

आधुनिक भारत के अग्रणी निमार्ताओं में शुमार बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के विचारों और संदेशों की प्रासंगिकता निरंतर बढ़ती जा रही है ।दुर्भाग्य से उन्हें पढ़ने और गुनने की जगह उनके नाम के जपने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही है , जो कि उनकी शिक्षा और राजनीति के विपरीत है । उन्होंने संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए बहुत से मसलों पर व्यापक स्तर पर लिखा और बोला है । उनके विचार वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान के लिए कुंजी हैं । बाबासाहेब का व्यक्तित्व किसी एक समुदाय तक ही सीमित नहीं हैं, उनका संघर्ष और उनका जीवन इस देश के प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी है। किंतु राजनैतिक दुर्भावनायुक्त दलों ने बाबासाहेब की सदैव उपेक्षा की और उनकी महान विरासत को संजोने का किंचित प्रयास नहीं किया।

हमारी स्वतंत्रता को 74 साल पूरे हो चुके हैं लेकिन क्या कभी आप ने सोचा यदि मानव स्वतंत्रता ना हो तो फिर इस स्वतन्त्रता का क्या महत्व रह जायेगा ?

जरा कल्पना कीजिए आप स्वतंत्र हैं परंतु मन्दिर में जाकर भगवान की पूजा नहीं कर सकते , पूजा तो दूर आपको प्रतिमा के दर्शन करने पर भी प्रतिबंध है , आप सार्वजनिक कुँए का पानी नहीं पी सकते , आपको विद्यालय के परिसर में प्रवेश करने की भी मनाही हो बताइये भला ये कैसी स्वतंत्रता कहलाती ? 1947 के समय और उससे पहले कुछ ऐसी ही परिस्थितियां थीं लेकिन एक शख्सियत जिसने इन सभी बुराइयों से आजादी पाने की लड़ाई लड़ी , अकेले अपने दम पर संघर्ष किया और फतह भी हासिल की , वो थे भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर जिन्हें भारत में मानव स्वतंत्रता का महानायक कहा गया । उनका ₹ व्यक्ति की स्वतंत्रता ' में अटूट विश्वास था और इसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया । वे समाज की रूढ़िवादी , जातिवादी , सम्प्रदायवाद , कट्टरता के कड़े आलोचक थे । सम्पूर्ण भारत वर्ष के लोगों को सामाजिक व्यवस्था की उन बेड़ियों से आजाद कराया जिनकी जकड़न ने लोगों को समता और सम्मान से महरूम कर दिया था । उन्होंने ना केवल समाज के शोषित वर्ग और हाशिये पर पहुंचे तबके को उनके अधिकार दिलाये बल्कि महिलाओं को भी समता और सम्मान का हक दिलाने में सफल रहे । आज देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जब सबका साथ , सबका विकास ₹ की बात करते हैं तो कहीं ना कहीं वो बाबा साहेब के सिद्धांतों को चरितार्थ करते हुए नजर आते हैं ।




मोदी सरकार ने मध्य प्रदेश के महू में बाबासाहेब की जन्मभूमि, लंदन में उनकी शिक्षाभूमि पर डॉक्टर अम्बेडकर मेमोरियल, नागपुर में दीक्षाभूमि, मुंबई में चैत्य भूमि और दिल्ली में परिनिर्वाण भूमि को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किया। इन पंचतीर्थों की महत्ता भारत के राजनैतिक और सामाजिक जीवन में आने वाले कई दशकों तक प्रतिबिंबित होगी।

मोदी सरकार ने बाबासाहेब के जन्म के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2015 में 125 रुपये का विशेष सिक्का और डाक टिकट भी निर्गत किया था। इतना ही नहीं, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के धन अंतरण ऐप का नाम भीम बाबासाहेब के सम्मान में रखा गया।

मोदी सरकार बाबासाहेब के जीवनमूल्यों में बसने वाले उस भारत के निर्माण के लिए प्रयासरत है। जहां दलितों, पिछड़ों, वंचितों व निर्धनों के वास्तविक उत्थान की गौरवगाथा लिखी जा रही है।हम इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि, बाबा साहब हमारे समाज और देश के प्रति कितने जागरूक थे । मैनचेस्टर के गार्डियन समाचार पत्र के प्रतिनिधि और अमेरिका के न्यूयार्क टाइम्स के प्रतिनिधि भारतीय नेताओं के इंटरव्यू लेने आए थे। वे पहले गांधी जी से मिले और उन्होंने उनके रात्रि 9 बजे का समय साक्षात्कार के लिए दिया । जब वे जिन्ना से मिले तो उन्होंने उनको रात्रि 9.30 बजे का समय दिया । जब बाबा साहब से मिले तो उन्होंने उनको छूट दी कि वे किसी भी समय उनका साक्षात्कार ले सकते हैं । दोनों प्रतिनिधि निर्धारित समय रात्रि 9 बजे गांधी जी के पास पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि गांधी जी सो रहे हैं , और वे दिन में आएं । जिन्ना साहब के घर गए तो वह भी सोए हुए थे । जब वे बाबा साहब के पास मध्य रात्रि ( लगभग 12 बजे ) पहुंचे तो आश्चर्यचकित रह गए । उन्होंने देखा कि बाबा साहब अपने अध्यन के कक्ष में पूर्ण वेशभूषा में अध्यन करते हुए उनकी प्रतिक्षा कर रहे थे । उन्होंने आते ही कहा आश्चर्य है देश के दो महान नेता महात्मा गांधी और मो अली जिन्ना हमको सोए हुए मिले और आप अभी तक अपनी नियमित ड्रेस में हमारी प्रतिक्षा में जाग रहे हैं । बाबा साहब ने उत्तर दिया गांधी और जिन्ना आराम से सोते हैं क्योंकि उनका समाज जागृत है , वे जागरूक हैं । मैं जाग रहा हूं क्योंकि मेरा समाज सोया हुआ है अनभिज्ञ है , वह उनकी भांति जागरूक नहीं है । दोनों पत्रकार इस उत्तर को सुनकर अवाक रह गए । क्या हमारा समाज आज भी जागरूक हो सका है और है ?

एक समय डॉ . अंबेडकर ने जातिविहीन भारत की बात की जिसमें सभी की एक पहचान हो । आज के परिप्रेक्ष्य में जातिविहीन समाज की आवश्यकता है , जो जाति के अहंकार तथा वर्चस्व के जहर को खत्म कर सकता है । यह तभी संभव है , जब भारत में सभी की पहचान जातिगत ना होकर सिर्फ भारतीय हो । मेरी व्यक्तिगत राय है कि व्यक्ति की स्वतंत्रता में भी अनुशासन का कवच होना आवश्यक और श्रेयस्कर है। स्वतंत्रता के साथ साथ जरूरी है , अपने भीतर स्व - अनुशासन का भाव लाया जाये , ताकि सत्य के दायरे में सिमट कर उत्तरदायित्व का समग्र निर्वहन हो सके । देश में जिस तरह कुछ राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सिर उठा रही है । देश विरोधी बयानों और नारों को अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता करार रही है , वो दुर्भाग्यपूर्ण है । स्वतन्त्रता का अर्थ ये बिल्कुल नहीं है कि हम देशविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा दें ।

# किसी भी सफलता का आधार गलती ही है

**प्रशांत झा**

**हम** सब अपने जीवन में कई तरह की गलतियां करते हैं। गलतियां इतनी बुरी नहीं होती, जितनी हम उन्हें बना देते हैं। हर बात का सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होता है। अगर हम सकारात्मक पहलू की तरफ भी ध्यान दें तो हमें नकारात्मकता में भी कहीं न कहीं आशा की किरण दिखाई देगी। गलती का सकारात्मक पहलू यह है कि गलती ही हमारी सफलता का वास्तविक आधार है।

यह बात सुनने में अजीब लगेगी लेकिन कटु सत्य यही है। दरअसल, गलती करना एक स्वाभाविक और प्राकृतिक प्रक्रिया है। हमारे घर-परिवार, समाज और कार्यालय में गलती करने वाले व्यक्ति को संदेह की नजर से देखा जाता है। कभी उसका मजाक बनाया जाता है तो कभी उस पर व्यंग्य के तीर छोड़े जाते हैं। यही कारण है कि गलती करने वाला व्यक्ति स्वयं को भी संदेह की नजर से देखने लगता है। कभी-कभी उसे आत्मग्लानि भी महसूस होती है।

जब गलती से बचने के लिए हम अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं तो गलती होने की संभावना और बढ़ जाती है। अतिरिक्त सतर्कता बरतने के कारण हमारा मस्तिष्क सहज नहीं रह पाता है। सहज मस्तिष्क ही सहज रूप से शारीरिक क्रियाकलापों को अंजाम देता है। मस्तिष्क सहज न रह पाने का असर हमारे शारीरिक क्रियाकलापों पर भी पड़ता है और इस तरह हम एक और गलती की तरफ बढ़ रहे होते हैं। इसलिए बार-बार गलती करने वाले इंसान को केवल डांट-डपट या डर के माध्यम से ही नहीं सुधारा जा सकता। अगर गलती करने वाले इंसान में डर बैठ जाएगा तो वह पुनः गलती करेगा।

यह हमारा कर्तव्य है कि हम कुछ ऐसे उपाय करें, जिससे कि बार-बार गलती करने वाला इंसान सहज बना रहे।

सहकर्मियों का यह भी कर्तव्य है कि वे उसकी गलती को हव्वा बनाकर पेश न करें। इंसान अगर काम करेगा तो गलती भी करेगा ही। कुछ भी काम न करने वाला अथवा खाली रहने वाला इंसान क्या खाक गलती करेगा। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि गलती से ही तरक्की की राह निकलती है। कुछ लोग इसलिए नया काम करने से डरते है कि कहीं गलती न हो जाए। ऐसे लोग हमेशा आगे बढ़ने से डरते हैं और पिछली पंक्ति का इंसान बनकर रह जाते हैं। संसार में जितने भी महान लोग हुए हैं उन्होंने अपने जीवन में अनेक गलितयां हैं।

गलतियों के माध्यम से ही वे महानता की तरफ अग्रसर हुए हैं। वैज्ञानिक जब प्रयोगशाला में अपने प्रयोग करते हैं तो उनसे अनेक गलतियां होती हैं। ये ही गलतियां उनके प्रयोगों की सफलता का आधार बनती है। इसलिए गलतियों को जीवन का हिस्सा मानकर और उनसे सबक लेकर आगे बढ़ने में ही हमारी भलाई है। जैन धर्म में तो अपनी गलती स्वीकार कर क्षमा मांगने के लिए क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है। इस दिन संसार के समस्त प्राणियों से जाने-अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा याचना कर सभी की खुशी के लिए कामना की जाती है। जब हम अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और हमारा मन हल्का होता है।

इस तरह माफी मांगकर हमारा बोझ भी कम होता है। दरअसल, जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं तो इसका अर्थ होता है कि हम अपने सब हथियार डालकर जाने-अनजाने में किए गए गलत काम को स्वयं भी गलत मान रहे हैं। इससे जहां एक ओर हमारा मानसिक दबाव कम होता है।

दूसरी ओर, लोगों की नजरों मे हम सम्मान के पात्र भी बनते हैं। जब हम दिल से अपनी गलती को स्वीकार करते हैं तो दोबारा वह गलती होने की संभावना कम हो जाती है। हम दोबारा तभी गलती करते हैं जब हम पहली गलती के बारे में या तो सोचते नहीं हैं या फिर फौरी तौर पर सोचते हैं।

जब हम अपनी गलती स्वीकार करते हैं तो दिल से उसके बारे में सोचते हैं। इसलिए गलती के बारे में दिल से सोचेंगे तो हमें उसमें भी सकारात्कता दिखाई देगी। यानी गलती ही हमें हमारी सफलता का आधार दिखाई देगी। जब हम बार-बार गलती करते हैं तो गलती करना हमारी आदत बन जाती है। जब यह आदत पक जाती है तो हम स्वयं तो दुखी होते ही हैं, दूसरों को भी दुख देते हैं। बहरहाल बार-बार गलती करने की आदत छोड़िए और एक-दो गलती के बाद आत्मचिंतन कीजिए। यह आत्मचिंतन ही हमें सही राह दिखाएगा।

# मल्टीप्लेक्स से आम दर्शकों का मोहभंग

मल्टीप्लेक्स थियेटर टिकट का रेट व शो की टाइमिंग तय करने में चूक रहे हैं। महंगे टिकट के चलते दर्शक सिनेमा हॉल जाने से पहले दस बार सोचता है। थियेटर वालों का छोटी फिल्मों के प्रति रवैया उदासीन है। वहीं बड़े बजट व कलाकारों वाली फिल्म के लिए रवैया अलग हैं। मल्टीप्लेक्स अगर बेहतर स्ट्रेटजी अपनाएं तो अच्छी फिल्में थियेटर का मुंह देख पाएंगी।

**असीम चक्रवर्ती**

बॉलीवुड में दर्शक खुलकर मल्टीप्लेक्स थियेटर की गलत नीतियों की आलोचना करने लगे हैं। यही नहीं सुभाष घई,राकेश रोशन जैसे कई दिग्गज फिल्मकारों ने भी कहा है कि ये थियेटर आज तक अपनी कोई सुनियोजित स्ट्रेटजी नहीं बना पाए हैं। यही नहीं, उनके इस रवैये के चलते सिर्फ पुरानी क्लासिक फिल्में ही नहीं बल्कि मध्यम बजट की अच्छी फिल्में भी सही शो न मिल पाने की वजह से रिलीज के लिए तरस रही हैं।

**डिप्लोमेट का हश्र**

अभी हाल में पीवीआर मल्टीप्लेक्स की नीति की एक और शिकार जॉन अब्राहम की फिल्म ह्यडिप्लोमेटह्न बनी। जैसा कि ज्यादातर अच्छी फिल्मों के साथ होता है, इस छोटी-सी फिल्म को भी महंगे टिकट और गलत शो टाइमिंग की वजह से काफी दर्शक देख नहीं सके। सिर्फ एकाध गैर छुट्टीवाले दिन टिकट 99 रुपए रखा गया। मगर उस दिन शो टाइमिंग ऐसी थी कि जब आम दर्शक व्यस्त रहता है। बाकी दिन इसे शाम के एक-दो शो में रिलीज किया,मगर टिकट 300 के ऊपर था। दर्शक ऐसी फिल्मों को कम रेट में ही देखना चाहते हैं। वैसे 30 करोड़ में बनी इस फिल्म ने भी अपना ठीक बिजनेस किया। छोटी फिल्मों के लिए यह शुभ संकेत है।

**छोटी फिल्मों का अलग ट्रेक**

जब भी छोटी फिल्मों को बड़ा आधार मिलता है, वे अपनी सफलता का रास्ता बना लेती हैं। दूसरी ओर मल्टीप्लेक्स वाले ऐसी फिल्मों के प्रति जरा भी व्यावसायिक नजरिये का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसी फिल्मों के टिकट रेट में भी मनचाहा रवैया अपनाते हैं। अब जैसे कि हिट फिल्म ह्यछावाह्न का टिकट रेट सोमवार से गुरुवार तक कुछ और रखा गया था। मगर वीकएंड शुक्र,शनि और रवि को टिकट रेट बहुत ज्यादा। जाहिर है इतना ज्यादा पैसा खर्च कर कोई भी आम आदमी छुट्टी के दिन थियेटर में जाकर फिल्म का आनंद नहीं ले सकता। यह अलग बात है कि टिकट रेट के बावजूद बारहवीं फेल,मुंजिया,डिप्लोमेट जैसी फिल्में सफलता पा जाती हैं। जैसे कि पिछले दिनों रिलीज फिल्म ह्यमुंजियाह्न मात्र 14 करोड़ में बनी व सौ करोड़ से ज्यादा कमाई करके ट्रेड पंडितों को चौंका दिया। जाहिर है मुंजिया जैसी फिल्मों की सफलता ने छोटी फिल्मों को नयी प्राणवायु दी है। माउथ पब्लिसिटी के चलते दर्शक छोटी फिल्मों को पूरा सपोर्ट करते हैं।

**बड़ी फिल्में बड़े सितारे**

थियेटर वाले बड़ी फिल्मों पर कुछ ज्यादा ही मुग्ध रहते हैं। जैसे ही बड़े सितारे की कोई फिल्म आती है,उनकी बांछें खिल जाती हैं। पुष्पा-2 रिलीज हुई तो कई थियेटर ने इसका टिकट रेट 300 रुपये से बहुत ज्यादा रखा। शुक्र मनाइए फिल्म दर्शनीय थी इसलिए थियेटर की इस अराजकता को बर्दाश्त कर लिया। दूसरी ओर ह्यसिंघम रिटर्नह्न जैसी फिल्म को पहले शो में ही मात मिलती है,तो थियेटर वाले झट टिकट रेट घटा देते हैं। वे बड़े सितारे की फिल्म चलाने के लिए प्रोडक्शन के सुझाव पर कम दर पर एक टिकट पर एक फ्री का ऑफर भी देते हैं।

सुभाष घई का दर्द

दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई मानते हैं, दर्शक और थियेटर के बीच में मल्टीप्लेक्स वाले बड़ी रुकावट हैं। उन्होंने इन थियेटर को कमाई का बड़ा जरिया बना रखा है। एक बातचीत में वह कहते दिखाई पड़े कि थियेटर को दर्शकों के बहुत करीब होना चाहिए। पर उसे ज्यादा कमाई के चक्कर में दर्शक के बजट का ध्यान नहीं रहता। वह बताते हैं,ह्य अरे भाई,न के बराबर दर्शक आपके थियेटर की हाई-फाई तकनीक व महंगे खानपान का क्रेजी होता है। उसे तो बस सहज वातावरण वाले थियेटर में सपरिवार फिल्म देखने का शौक है। पर इसका मतलब यह नहीं आप उसकी जेब पर धावा बोल दें।

**माहौल से शिकायत**

वैसे घई साहब के मुताबिक दर्शकों की इस बेरुखी की वजह नए दौर के फिल्मकार भी हैं। उन्होंने फिल्म का सारा गणित बिगाड़ दिया है।

स्पीड न्यूज

## बिष्टुपुर गोपाल मैदान में कंज्यूमर एक्सपो 19 अप्रैल से

**जमशेदपुर।** आगामी 19 अप्रैल को 11 दिवसीय कंज्यूमर एक्सपो 'जमशेदपुर समर ट्रेड फेयर 2025' का आगाज बिष्टुपुर गोपाल मैदान में होने जा रहा है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी आयोजकों के द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन में दिया गया। बताया गया कि लंबे अंतराल के बाद इस तरह का कार्यक्रम शहर में फिर से आयोजित होने जा रहा है। इस एक्सपो में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ स्थानीय 250 स्टाल लगेंगे। मुख्य आयोजकों में संतोष गुप्ता, प्रमोद भाई, मनोज सिंह, श्रीकांत सिंह एवं कायजन एसोसिएट्स के मुख्य संचालक आमोद मिश्रा ने बताया कि मेला में छोटे बड़े हर प्रकार के उद्यमी को जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए उनके आवश्यकता की वस्तुएं किफायती एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना इस मेले की आकर्षण होगी। गर्मी को देखते हुए प्रतिदिन 3 बजे से रात 9.30 तक मेला का संचालन होगा। मेला में स्टॉल बुकिंग के लिए 7004041958 पर संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर मुख्य रूप से अतिथियों के अलावा विशिष्ट लोगों में समाजसेवी बीबी सिंह, स्वदेशी केंद्र के संचालक अशोक जी, आकाश यादव, महबूब, कैफी, सत्या प्रामाणिक, दीपशिखा, रिशु सिंह आदि उपस्थित थे।

## केशव प्रसाद जायसवाल को पत्नी शोक

**जमशेदपुर।** वैश्य एकता मंच सह अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य हौसला प्रसाद जायसवाल जी के अनुज केशव प्रसाद जायसवाल की धर्मपत्नी पुष्पा जयसवाल का कोलकाता में इलाज के दौरान निधन हो गया। मानगो टीचर्स कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय पुष्पा जयसवाल के पार्थिव शरीर को कोलकाता से जमशेदपुर दर्शनार्थ लाया गया। तत्पश्चात दाह संस्कार के लिए सड़क मार्ग से वाराणसी ले जाया गया। पुष्पा जायसवाल पतिदेव केशव प्रसाद जायसवाल के साथ दो पुत्री एवं दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गयी हैं। पुष्पा जी के निधन पर वैश्य एकता मंच के बैद्यनाथ प्रसाद, हलधर नारायण साह, उत्तम कुमार गुप्ता, श्रीकांत देव, गोपाल प्रसाद, जायसवाल, प्यारेलाल साह, किशोर वर्मा, राजेश्वर साहू, मीरा शर्मा सहित तमाम पदाधिकारियों ने हार्दिक संवेदना प्रकट की है।

## पावर सब स्टेशन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गम्हरिया।** अखिल भारतीय आदिवासी मूलवासी रक्षा मोर्चा समिति के बैनर तले स्थानीय ग्रामीणों की बैठक कांड्रा पंचायत के धातकीडीह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष संग्राम मार्डी ने किया। इस दौरान धातकीडीह ग्राम में वन विभाग की भूमि पर झारखंड राज्य सरकार द्वारा झारखंड ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे पावर ग्रीड के निर्माण का विरोध किया गया। पूर्व में इसके विरोध में ग्रामीण ग्राम सभा के माध्यम से संविधानिक तरीका से राज्य व केंद्र सरकार तथा केंद्रीय वन मंत्रालय, भारत सरकार के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया था। किंतु, उक्त मांग पत्र पर अबतक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ग्राम सभा के माध्यम से निर्णय लिया गया कि इसके विरोध में अब जनहित याचिका दायर किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य विमल कुमार महतो, विश्वजीत महतो, सुनील महतो, संध्या रानी महतो, मंजू महतो, धुंधी देवी, उष्मा देवी, सुशीला महतो, जोबा देवी, बबिता देवी, आरती महतो, सरिता महतो, निमाई महतो, मनोज महतो, रोहित महतो, सरला देवी, ममता महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## संथाली फिल्म 'किसांड बोंगा' का निर्माण कार्य पूर्ण, जल्द होगी रिलीज



गम्हरिया। आदिम खेलोण्ड आखड़ा के बैनर तले निर्माण किया जा रहा संथाली फिल्म 'किसांड़ बोंगा' का पोस्ट प्रोडक्शन लगभग पूरा कर लिया गया है। जल्द ही यह फिल्म रिलीज होगी। इसके रिलीज किए जाने तथा ट्रेलर व पोस्टर निर्माण को लेकर कलाकारों के साथ फिल्म निर्देशक जागरण मुर्मू ने गम्हरिया के रांगामाटिया में बैठक आहूत की गई। इस मौके पर फिल्म के लेखक सह निर्देशक जागरण मुर्मू ने बताया कि यह फिल्म पुराने जमाने के ग्रामीण जीवन पर आधारित है, जो कृषि और लोक कथाओं से प्रेरित एक मनोरंजन से भरपूर कहानी प्रस्तुत करती है। फिल्म की शूटिंग ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वर्ष भर चली है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और बहुत जल्द इसका पोस्टर और ट्रेलर दर्शकों के लिए रिलीज किया जाएगा। फिल्म के संपादक बोसेन मार्डी ने कहा कि शूटिंग और संपादन के दौरान नई तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे फिल्म में ताजगी और रोचकता का समावेश होगा जो आज के युवा वर्ग को भी खूब पसंद आएगी। फिल्म में नए चेहरों को मौका दिया गया है जिसमें मुख्य किरदार में सावन हांसदा और मोनिका मुर्मू हैं। इसमें थिएटर आर्टिस्ट मनसा मुर्मू का भी एक महत्वपूर्ण रोल है तथा सेट डिजाइनर के रूप में भी उन्होंने अपना योगदान दिया है।

# कहवॉ के पीअर माटी, कहॉ के कोदार हो,कहवॉ के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...

## अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में ब्रम्हर्षि विकास मंच का सामूहिक उपनयन संस्कार शुरू

- आज 10 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार,समारोह की शोभा बढ़ाने जुटेंगे ब्रम्हर्षि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कहवॉ के पीअर माटी, कहॉ के कोदार हो,कहवॉ के सात सुहागिन माटी कोड़े जास हे...ऐसी पारंपरिक लोकगीत के साथ ब्रह्मर्षि विकास मंच जमशेदपुर के द्वारा अमल संघ मैदान, सिदगोड़ा में सप्तम सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन पूजा मटकोड़ के साथ शुरू हो गया है। इस वर्ष कुल 10 बरूआ का उपनयन कराया जा रहा है। पूरे देश में लगातार ६ वर्ष सामूहिक उपनयन संस्कार सिर्फ ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेदपुर के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है।



मटकोर का दृश्य

इस आयोजन को हुलासगंज से आचार्य रंगेश शर्मा एवं उनके 5 आचार्य के द्वारा पूरी वैदिक रीति रिवाज से संपन्न कराया जा रहा है। आज स्वस्तिवाचन, संकल्प, मृतिकाहरण, स्तंभ पूजन, प्रधान कलश स्थापना, गौरी गणपति पूजन, सर्वतोभद्र सहित सभी वेदियों का पूजन, सत्यनारायण भगवान का पूजन, हल्दी, गोबर जनेऊ का आयोजन संपन्न किया गया।



सामूहिक उपनयन संस्कार के लिए बना भव्य मंडप।

मटकोर के समय सभी बटुकों की मां अपने दुलारे को आँचल ओढाकर साथ में दादी, फुआ, चाची के संग लोकगीत गाती हुई माटी कोड़ रही थी तब पूरे क्षेत्र से बिहार की माटी की खुशबू आ रही थी।

आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह , अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, रामनारायण शर्मा, हरेन्दर पांडे, देवप्रसाद सिंह उपस्थित थे। सांसद ने कहा कि समाज मे ऐसे परिवर्तन के कार्य होने चाहिए। ब्रह्मर्षि समाज पूरे देश की राजनीति में अपनी अहम भूमिका सदैव अदा करती रही है। यह समाज अपने संस्कारों एवं विचार के द्वारा अलग पहचान बनाई रहती है।

संध्या 7:00 बजे से रंगेश शर्मा द्वारा संस्कार पर प्रवचन दिया गया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के 16 संस्कार में उपनयन संस्कार भी शामिल है। बच्चों का उपनयन 10 वर्ष के भीतर ही करना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति को कभी नहीं भूलना चाहिए।इसी से व्यक्ति का विकास होता है।इसके उपरांत भगवान की आरती उतारी गई।

रात्रि में भतखई का आयोजन किया गया।

कल यानी 14 अप्रैल को सभी बरूआ का उपनयन प्रातः 8:00 बजे से कराया जाएगा जबकि संध्या 7.00 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, गंगा मेमोरियल अस्पताल के प्रबंधक एवं प्रसिद्ध चिकित्सक नागेन्द्र सिंह , उपस्थित रहेंगे।


कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय नारायण, संजीव ओझा, कृष्णनंदन सिंह, कामेश्वर तिवारी, ब्रजेश कुमार, कृष्णकांत, श्री निवास ठाकुर, गोपाल सिंह, प्रमोद ठाकुर, संजय सिंह, कुंदन ,अमरेन्द्र, मुकेश, प्रमोद ठाकुर, मनोज ठाकुर की अहम भूमिका निभा रहे है।

# डीसी के नाम फेसबुक पर बना दिया फेक आइडी

- फ्रेंड रिक्रेस्ट और पैसे की डिमांड पूरी न करें, प्रशासन को करें सूचित
- संबंधित फेक फेसबुक आईडी को लेकर बिष्टुपुर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के नाम से फेसबुक पर आइएएस (अनन्य मित्तल)डब्लुडब्लुडब्लु.फेसबुक. कॉम पर एक फेक आईडी बनाया गया है। इस आलोक में डीसी अनन्य मित्तल ने जिलावासियों को सतर्क किया है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा है कि इस फेक आइडी को लेकर जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील की जाती है।







डीसी ने कहा है कि उक्त फेक आईडी से किसी को फ्रेंड रिक्वेस्ट प्राप्त होता है या किसी प्रकार का असमान्य मैसेज प्राप्त होता है तो उस आईडी को रिपोर्ट करते हुए तत्काल ब्लॉक कर दें तथा किसी भी प्रकार से आर्थिक सहयोग आदि की मांग की जाती हो तो नहीं करें। संबंधित फेक फेसबुक आईडी को लेकर बिष्टुपुर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गौरतलब है कि जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा साइबर सेल को पूरे मामले की जांच का निर्देश दिया गया है, साथ ही लोगों को सचेत भी किया जा रहा है। दोषियों को चिन्हित करते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उक्त फेक फेसबुक प्रोफाइल में उपायुक्त की तस्वीर भी लगायी गयी है, इसके लिए फेक आइडी को लेकर सचेत रहने की अपील है।

## संजीव नेत्रालय के छठे स्थापना दिवस पर लाइव सर्जरी सह नेत्र देखभाल पर सीएमई संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** डिमना रोड, मानगो स्थित प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सा संस्थान संजीव नेत्रालय के 6वां स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर लाइव सर्जरी तथा नेत्र देखभाल पर सीएमई का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डॉ. साहिल पाल, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम जिला, झारखंड, द्वारा शुभारंभ किया गया। इसमें कई जटिल एवं आधुनिक नेत्र शल्य चिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया गया जिसमें निम्नलिखित विशेषज्ञ डॉ. डी. के. सिंघल (जमशेदपुर) , डॉ. संजीव कुमार तिरिया (निदेशक संजीव नेत्रालय), डॉ. कुमार साकेत (जमशेदपुर), डॉ. रवि दौलत बरहाबिया (जमशेदपुर), डॉ. राजीव प्रियदर्शी (विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय), डॉ. राहुल बाहेकर (विट्रियो रेटिना व मोतियाबिंद सर्जन, संजीवनी नेत्रालय, महाराष्ट्र), डॉ. सुबोध सिंह (विट्रियो रेटिना सर्जन, रांची) द्वारा कइ जटिल आँखों का ओपरेशन लाइव किया गया।

उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नेत्र रोगों के उपचार, नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और अनुसंधान पर देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रकाश डाला गया। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. पार्थो बिस्वास, अध्यक्ष (ऑल इंडिया ऑफ्थामोलोजिकल सोसाईटी) व निदेशक, त्रिनेत्रालय, कोलकाता, डॉ. रुपक कांति बिस्वास, वरिष्ठ परामर्शदाता, विट्रियो रेटिना, नेत्रालयम, कोलकाता, डॉ. अनिरुद्ध मैती, वरिष्ठ परामर्शदाता, विट्रियो रेटिना, ग्लोबल आई हॉस्पिटल, कोलकाता, डॉ. मनीष सिंह, वरिष्ठ परामर्शदाता, ग्लूकोमा, नेत्रालयम, कोलकाता, डॉ. कृष्णेंदु नंदी, विट्रियो रेटिना विशेषज्ञ, कोलकाता डॉ. शाहिद आलम, निदेशक झ अकादमिक एवं प्रमुख झ ऑक्यूलोप्लास्टी, शंकरा नेत्रालय, कोलकाता, डॉ. भारती शर्मा, वरिष्ठ परामर्शदाता, कैटरैक्ट व कॉर्निया, प्रमुख झ नेत्र विभाग, टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर, डॉ. मिहिर कुमार साहू, कॉर्निया विशेषज्ञ, एएमआरआई हॉस्पिटल, भुवनेश्वर, डॉ. सुबोध सिंह, विट्रियो रेटिना विशेषज्ञ, रांची, डॉ. राजीव प्रियदर्शी, विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर। इस भव्य समारोह में जमशेदपुर के प्रतिष्ठित और वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों की विशेष प्रस्तूती रही। ज्ञात रहे किसमाज सेवा में अग्रणी भूमिका संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर कोल्हान प्रमंडल में अपनी उत्कृष्ट विट्रियो रेटिना सेवाएं एवं समग्र नेत्र देखभाल के लिए जाना जाता है।

## नीलकंठ होटल,जुगसलाई में हुआ फ्री हेल्थ चेकअप

जमशेदपुर। सामाजिक संस्था मानवता एक समाजिक प्रयास संस्था द्वारा जुगसलाई के होटल नीलकंठ में एक फ्री हेढ़ चेकअप का आयोजन किया जिसमे आँख के साथ साथ फ्री ब्लड शुगर, प्रेशर, थाराइड, यूरिक एसिड, जैसे बीमारियों का चेकअप हुआ और उनके बेहतर स्वस्थ्य लाभ हेतु उपाय के साथ साथ उनके निदान हेतु घरेलू नुस्खे भी बताया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अरुप मल्लिक ने बताया कि यह संस्था सदैव गरीब गुरबे लोगो को राहत उनके स्वस्थ्य के प्रति सजग है इसलिए करीब 400 लोगो ने आवेदन के साथ अपना अपना सेम्पल देकर जाँचा कराया। जांच के दौरान अधिकतर लोग शुगर और ब्लड प्रेशर जैसे बीमारियो से ग्रसित पाये गए। कार्यक्रम मे बतौर अतिथी आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिँह जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी, कांग्रेसी नेत्री अपर्णा गुहा समाजसेवी शिवाजी सिंह श्रीमती रितिका श्रीवास्तव मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष अरूप मल्लिक,संरक्षक शुभंकर चटर्जी, विभाष सिंह राय के साथ-साथ संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आशियाना आदित्य रेसिडेंट वेल्फेयर सोसायटी का गठन, मेजर के.सत्यनारायण अध्यक्ष निर्वाचित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आशियाना आदित्य परिवार, आदित्यपुर में आज एक महत्वपूर्ण आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें रेसिडेंट वेलफेयर सोसाइटी का गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सोसाइटी संचालन को अधिक व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से पूर्व कमिटी को भंग कर बायलॉ का अनुमोदन किया गया और एक अंतरिम कमिटी का गठन किया गया। बायलॉज निर्माण और कानूनी प्रक्रिया का संपादन अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। कुल 140 फ्लैट मालिकों की उपस्थिति में हाथ उठाकर निर्विरोध रूप से मेजर के. सत्यनारायण को अध्यक्ष, राजीव नंदन को उपाध्यक्ष, दीपेन सरकार को महासचिव, पी. के. सिंह एवं रेणु झा को सहायक सचिव, निकिता पेरीवाल को कोषाध्यक्ष और पुष्कर कुमार को उपकोषाध्यक्ष चुना गया, जबकि कार्यकारी सदस्य के रूप में सुप्रभा पति, सुनीता वर्मा, डॉ. विजया महंती, पुष्पा सिंह, स्नेहा विश्वास, प्रीतम कुमार सिंह, अनुपम, नियति राय, नेहा सिंह, डॉ. पूनम, डॉ. सिकंदर प्रसाद और चाणक्य रिशु को शामिल किया गया। निर्वाचन मंडली में सुरेश चौधरी, शशिभूषण कुमार और मोहन कुमार ठाकुर ने भूमिका निभाई और पूरी प्रक्रिया का संचालन संजीव मिश्रा द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार वर्मा ने किया। सभा में गुरुस्वामी शंकरण, प्रमोद कुमार सिंह, उषा रानी, इंदु देवी, अजीत शर्मा, विभा चौधरी, रेखा, रीटा ठाकुर, सुमन, गणेश सिंह, बी. के. सिंह, डॉ. कुंदन सिंह समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सोसाइटी की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना, कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करना, सभी फ्लैट मालिकों को बेहतर सुविधाएं देना तथा मेंटेनेंस चार्ज को कम करना था।



# देश के कॉमन मैन के सपने को सच कर रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी : कालीचरण सिंह

- चतरा के सांसद ने जुगसलाई विस क्षेत्र के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को किया संबोधित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलनों की कड़ी में रविवार को जमशेदपुर पश्चिम एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने की। पश्चिम विधानसभा के कदमा स्थित तरुण संघ में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाग लिया, जबकि जुगसलाई विधानसभा के पटमदा स्थित ग्राम सांसद भवन में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह की मौजूदगी रही। इन सम्मेलनों में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी सक्रिय सदस्य, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान भाजपा की नीतियों, सिद्धांतों एवं विचारधारा से प्रेरित होकर संगठन के विस्तार हेतु समर्पित भाव से कार्य करने वाले सभी सक्रिय सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया गया। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अपने स्वागत संबोधन में में सभी सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जनसंपर्क, संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन को मजबूत करें। साथ ही राज्य की हेमंत सरकार की विफलताओं और वादाखिलाफी को जन-जन तक पहुंचाएं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर ले जाएं। जुगसलाई विधानसभा के सम्मेलन में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना तथा कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे अब कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में परेशान न रहे। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अपने घर का सपना साकार करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं का उद्देश्य जन-जन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाकर उन्हें एक सम्मानजनक, सुरक्षित और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर करना है। इसके साथ ही, उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार की विफलताओं, भ्रष्टाचार, अवैध खनन, बेरोजगारी समेत ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था पर भी हमला बोला और लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं, जमशेदपुर पश्चिम के सम्मेलन में मुख्य वक्ता शशांक राज ने राज्य सरकार की विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में युवाओं का भविष्य खतरे में है। परीक्षा के नाम पर पेपर लीक हो रहे हैं और सरकार भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है। हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ सिर्फ खोखले वादे किए हैं।



एक नजर में

## बंदगांव प्रखंड के पिछड़ेपन को करेंगे दूर: जोबा माझी

**बंदगांव, प सिंहभूम।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी और मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने रविवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बंदगांव प्रखंड क्षेत्र में लगभग दो किमी बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। यह सड़क बंदगांव प्रखंड के सिंदूरीबेड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम सियांकेल के चुटिया टोली से लतर टोला तक जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से बनेगी। इसके अलावा एक हजार फीट नाली का भी निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद और विधायक का ग्रामीणों ने फूल माला एवं पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। शिलान्यास के पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा बंदगांव प्रखंड विकास के मामले में पिछड़ा जरूर है, लेकिन यहां के पिछड़ेपन को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दी कि यहां दो नये पुल का निर्माण कराया जाएगा, इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। साथ ही डिग्री कॉलेज का भी निर्माण किया जाएगा ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाना नहीं पड़े। विधायक जगत माझी ने कहा विधायक निर्वाचित होने के बाद कई बार क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। जब भी यहां आना हुआ है यहां के विकास के लिए कुछ न कुछ दिए हैं। विधायक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा आपकी जो भी समस्या हो उससे अवगत कराते रहे, ताकि समय पर उसका निदान किया जा सके। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद और विधायक को क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया।

## हिंदू पीठ,बिष्टुपुर में गणेश वंदना व आरती संपन्न

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 13 अप्रैल को विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं भारतीय जीवन बीमा निगम, जमशेदपुर मंडल के मुख्य जीवन बीमा सलाहकार धर्मेंद्र कुमार ने अपने पूरे टीम के साथ बिष्टुपुर स्थित हिंदू पीठ में गणेश वंदना आरती की । धर्मेंद्र ने कहा कि विगत वर्ष 2023- 24 काफी अच्छा कार्य पूर्ण हुआ । उसके पश्चात अपने पूरी टीम को लेकर मैं गणेश जी के सम्मुख उपस्थित होने का प्रण लिया था, जिसके तहत आज यह कार्यक्रम रखा गया और हिंदू पीठ में गणेश भगवान विघ्नहर्ता की शरण में आकर उन्होंने अपनी पत्नी माला कुमारी के साथ गणेश वंदना की जिसमें उनकी टीम के सभी अभिकर्ता गण उपस्थित थे । इस अवसर पर हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे । धर्मेंद्र कुमार ने हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह को अंग वस्त्र एवं पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान किया और उन्हें अनंत शुभकामनाएं दी कि जिस तरह से वह समाज के लिए अपना परिश्रम करते रहें। आज मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में टीम लीडर धर्मेंद्र कुमार, सीमा देवी, विनीता कुमारी,अंजली सिंह ,माला कुमारी ,रीना देवी, मुनीमा देवी, रोशनी साव ,मामोनी गोराई, नीतू शर्मा ,अर्चना शर्मा ,सुरभि लता, गौतम शर्मा , बिनोद कुमार शर्मा,उषा कुमारी , उमाशंकर श्रीवास्तव, निर्मल राउत व अंश के साथ अन्य अभिकर्ता गण उपस्थित थे। सभी ने भगवान गणेश की प्रतिमा की आरती की आशीर्वाद लिया एवं प्रश्न मन से प्रसाद ग्रहण कर उनका धन्यवाद दिया ।

## शेन इंटरनेशनल स्कूल में मनी अंबेडकर जयंती

जमशेदपुर। हमारे देश के संविधान के संस्थापक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए शेन इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष सभा आयोजित की गई। छात्रों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन इतिहास पर जानकारीपूर्ण भाषण दिए। छात्रों द्वारा एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें संविधान निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के माध्यम से डॉ. अम्बेडकर द्वारा समय की रेत पर छोड़ी गई अमिट छाप को खूबसूरती से दशार्या गया और उसके बाद उनके जीवन और कार्यों पर एक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। छात्रों में अच्छे मूल्यों को विकसित करने के लिए उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को सुनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. ( श्रीमती ) केया अदक ने स्कूल को अपने संबोधन में इस यादगार अवसर पर सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिया कि किसी को महान और प्रभावशाली परिवारों में जन्म लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत और जिम्मेदारियां लेने से कोई भी महान बन सकता है। मुख्य अध्यापिका श्रीमती सिमरन सग्गू ने छात्रों को अम्बेडकर के नक्शे कदम पर चलने का आग्रह किया और अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी उपस्थित लोगों से डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने और समाज में एक आदर्श परिवर्तन लाने की अपील की।

## वर्षों की खामोशी के बाद जादूगोड़ा में सुर संगीत से महका जादूगोड़ा

जादूगोड़ा। वर्षों से खामोशी के बाद जादूगोड़ा के संगीत प्रेमियों की संस्था कराउके ग्रुप की पहल पर जादूगोड़ा सामुदायिक केंद्र में दो दिवसीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया ।जिसका उद्घाटन यूसिल के उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार , खान प्रबंधक वी वी शेखरन बाबू इंस्पेक्टर सुरेश प्रसाद ,मुखिया मंजरी बांनरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व जमशेदपुर से आए कलाकारों शिव कुमार, व सुश्री लीना ने अपने गानों से लोगों को खूब झुमाया ।उनके गीत छू कर मेरे मन को तूने किया इशारा, बदला ये मौसम लगे प्यारा ,जग सारा। इसी तरह अन्य गीत.. सांसों की जरूरत है जैसे ,जिंदगी के लिए बस एक सनम चाहिए आशिकी के लिए, दर्दे दिल , दर्दे जिगर, दिल में जगाया आप ने ।इन गानों पर लोगों ने खूब मस्ती की ।इस दौरान कुछ क्षण के बारिश व बिजली भी गुल हुई, लेकिन कलाकारों के हौसले डिगा नहीं पाए। चौथी कक्षा के छात्र संजीव पिंगुआ,अर्जुन लोहार ने नृत्य व संगीत में दर्शकों से खूब तालिया बटोरी। कार्यक्रम का संचालन की जिम्मेदारी बखूबी यूसिल अधिकारी काशी नाथ चौधरी ने निभाई व अपने रोचक अंदाजो से दर्शकों की खूब गुदगुदाया। इस कार्यक्रम की सफल बनने में जादूगोड़ा के कराउके ग्रुप की ओर से एम के साहू,संजय श्रेष्ठा,दिल बहादुर आले,संदीप गुप्ता,रंजन दास,चंद्र बहादुर, राकेश कुमार डमर बहादुर,समेत यूसिल कर्मी संजय सिंह, उमेश चंद्र कुमार, श्रीनिवास सिंह, जितेंद्र सिंह, ने अहम योगदान दिया।

## खिदमत ए मिल्लत का स्थापना दिवस व ईद मिलन समारोह संपन्न



जमशेदपुर । समाजिक संस्था खिदमत ए मिल्लत का स्थापना दिवस व ईद मिलन मानगो जवाहरनगर के अवैक कम्प्लेक्स मे शानदार ढंग से मनाया गया । समारोह का आगाज कुरान के पाठ से हुआ। अपने स्वागत भाषण मे संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सेराज शरीफ ने संस्था के कार्यों की चर्चा की । उन्हें संस्था के पदाधिकारियों ने शाल उढ़ा कर सम्मानित किया ।इस मौके पर नगर की 29 सामाजिक संस्थाओं के जिम्मेदारों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जिन मे दारैन अकेडमी के मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही , झारखंड हुमिनीटी फाउंडेशन के रेयाज शरीफ , हुमन वेलफेयर ट्रस्ट के मुख्तार आलम खान , मदर राबिया इजुकेशन फाउंडेशन के मुमताज शारिक , एकता वेलफेयर सोसाइटी के शाहनवाज खान , मुस्कान ब्वायज क्लब के आदिल मलिक , जुनियर मोहम्मडन क्लब के अंसार हुसैन , आयटा के प्रो. जावेद अख्तर अंसारी , अल- हिरा लाइब्रेरी के शहनवाज कमर , प्रो. अब्दुल बारी मेमो . लाइब्रेरी के इरफान आलम , अंजुमन इस्लामिया के शाहिद रजा, आलम वेलफेयर फाउंडेशन के सैयद तारिक आलम, पिपुल्स फोरम के गौहर , दया सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के हाजी मुमताज अहमद, एम एस इंडस्ट्रीयुल टेकनिकल इंस्टीच्युट के खालिद इकबाल , हिन्द आईटीआयी के ताहिर हुसैन ,अल फैज कंसल्टेंसी के मो. फैज शरीफ , आजाद रिपोर्टर के फैजान आलम , डेली नेशन के सरफराज शाद , न्यूज 5 ए एम के सैयद सद्दमुल्लाह , जमशेदपुर अपडेट के आफताब हुसैन के नाम शामिल हैं । समारोह को संचालन प्रो. जावेद अख्तर अंसारी ने किया । समारोह के अंत मे मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही ने अपने देश मे अमन व शांति , भाईचारगी व तरक्की के लिए अल्लाह से दुआएं की । समारोह के सफल आयोजन मे नबील मोहम्मद , आफताब , हारून , जुनैद, इरफान नाजिश , फैज ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।



# बेंगलुरु ने राजस्थान को नौ विकेट से हराया, सॉल्ट-कोहली का अर्धशतक

एजेंसी

**जयपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने विराट कोहली और फिल सॉल्ट के अर्धशतकों की मदद से राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से हराया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाये थे। जवाब में आरसीबी ने 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर मैच जीत लिया। आरसीबी के लिए सॉल्ट ने 33 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 65 रन बनाए, जबकि कोहली 45 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 62 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाए।

### ग्रीन जर्सी में पांचवीं जीत

आरसीबी इस मुकाबले में हरी जर्सी पहनकर उतरी थी। यह टीम हर सीजन कम से कम एक मैच हरी जर्सी में खेलती है। दरअसल, बेंगलुरु की टीम पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए हरे रंग की जर्सी पहनकर खेलती है। आरसीबी के लिए ग्रीन जर्सी में रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है, लेकिन राजस्थान के खिलाफ वह जीत दर्ज करने में सफल रही। आरसीबी की ग्रीन जर्सी में यह पांचवीं जीत है। उसने ग्रीन जर्सी पहनते हुए दो बार राजस्थान को हराया है।



**पडिक्कल का आरसीबी के लिए रिकॉर्ड :** बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने 2020 में आरसीबी के लिए डेब्यू किया था। वह 2022 तक टीम का हिस्सा थे। उसके बाद वह राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेले। इस सीजन की नीलामी में आरसीबी ने उन्हें 2 करोड़ में खरीदा। 35 मैचों में आरसीबी के लिए पडिक्कल के नाम 1003 रन हो गए हैं। उन्होंने ये रन 30.39 की औसत और 127 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 6 फिफ्टी भी ठोकी है।

### सॉल्ट-कोहली की आक्रामक शुरूआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए सॉल्ट और कोहली ने आरसीबी को तेज शुरूआत दिलाई जिससे टीम ने पावरप्ले में ही बिना किसी नुकसान के 60 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था। कोहली और सॉल्ट आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे जिससे आरसीबी का स्कोर छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 65 रन हो गया था। सॉल्ट ने 28 गेंदों पर आइपीएल करियर का अपना आठवां अर्धशतक पूरा किया। कोहली और सॉल्ट के बीच पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी हुई जिसे कुमार कार्तिकेय ने सॉल्ट को आउट कर तोड़ा।

### कोहली का टी20 में 100वां पचासा

सॉल्ट के आउट होने के बाद कोहली ने पडिक्कल के साथ पारी आगे बढ़ाई और रन गति को धीमे नहीं पड़ने दिया। कोहली ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया। वह टी20 में 100 पचासा लगाने वाले पहले भारतीय बन गये। कोहली का इस आइपीएल सीजन का यह तीसरा पचासा है। उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 83 रनों की अविजित साझेदारी की। पडिक्कल ने इस दौरान आरसीबी के लिए 1000 रन पूरे किए। वह कोहली के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। राजस्थान के लिए एकमात्र विकेट कार्तिकेय ने लिया, जबकि अन्य गेंदबाज खाली हाथ रहे।

### राजस्थान की धीमी शुरूआत

राजस्थान ने यशस्वी जायसवाल की अर्धशतकीय पारी की मदद से आरसीबी को 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आरसीबी ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की शुरूआत धीमी रही। यशस्वी और कप्तान संजू सैमसन के बीच अच्छी साझेदारी हो रही थी, लेकिन क्रुणाल पांड्या ने सैमसन को आउट कर राजस्थान को पहला झटका दिया। सैमसन 19 गेंदों पर एक चौके की मदद से 15 रन बनाकर आउट हुए।

### यशस्वी ने जड़ा सत्र का दूसरा अर्धशतक

इसके बाद यशस्वी और रियान पराग ने दूसरे विकेट के लिए 56 रनों की साझेदारी की, लेकिन यश दयाल ने रियान को आउट कर दिया। रियान 22 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यशस्वी ने मैच में शानदार बल्लेबाजी की और सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा। यशस्वी एक छोर से पारी को संभाले हुए थे, लेकिन हेजलवुड ने यशस्वी को एलबीडब्ल्यू कर राजस्थान को तीसरा झटका दिया। यशस्वी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। शिमरॉन हेटमायर इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके और भुवनेश्वर कुमार का शिकार बने। शिमरॉन नौ रन बनाकर आउट हुए। अंत में ध्रुव जुरेल ने शानदार बल्लेबाजी की जिससे राजस्थान 170 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। जुरेल ने 23 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन बनाए। नीतीश राणा एक गेंद पर चार रन बनाकर नाबाद लौटे। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर, यश दयाल, जोश हेजलवुड और क्रुणाल पांड्या को एक-एक विकेट मिले।

### राजस्थान 173/4 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल एलबीडब्ल्यू हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 02 |
| सैमसन स्टंप जितेश बो. क्रुणाल | 15 | 19 | 01 | 00 |
| पराग कै. कोहली बो. दयाल | 30 | 22 | 03 | 01 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 02 | 02 |
| हेटमायर कै. पडिक्कल बो.कुमार | 09 | 08 | 01 | 00 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 05

**विकेट पतन** : 1-49, 2-105, 3-126, 4-169.

**गेंदबाज** : भुवनेश्वर कुमार : 4-0-32-1, यश दयाल : 4-0-36-1, जोश हेजलवुड : 3-0-26-1, क्रुणाल पंड्या : 4-0-29-1, लियाम लिविंगस्टन : 1-0-8-0, सुयश शर्मा : 4-0-39-0.

### बेंगलुरु 175/1 (17.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट कै. जयसवाल बो. कुमार | 65 | 33 | 05 | 06 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 04 | 02 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 05 | 01 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन** : 1-92.

**गेंदबाज** : जोफ्रा आर्चर : 4-0-36-0, तुषार देशपांडे : 2-0-21-0, संदीप शर्मा : 2.3-0-29-0, महीश थीक्षाना : 2-0-21-0, कुमार कार्तिकेय : 3-0-25-1, हसरंगा : 3-0-33-0, रियान पराग : 1-0-10-0.

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +1.081 |
| दिल्ली | 05 | 04 | 01 | 00 | 08 | +0.899 |
| बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.539 |
| लखनऊ | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.162 |
| कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | +0.803 |
| पंजाब | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.065 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | +0.104 |
| राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.838 |
| हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -1.245 |
| चेन्नई | 06 | 01 | 05 | 00 | 02 | -1.554 |

**पर्पल कैप**
12 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई

**ऑरेंज कैप**
349 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

# लखनऊ के खिलाफ वापसी करना चाहेगी सीएसके

एजेंसी

**लखनऊ।** लगातार पांच हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगी। धोनी चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ की जगह शेष सीजन में टीम की कमान संभाल रहे हैं। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### सीएसके के बल्लेबाजों को करना होगा प्रदर्शन

सीएसके के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और केकेआर के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी क्रम की कलई खुल गई थी। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है। गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है। शिवम दुबे को पावर-हिटिंग के मोर्चे पर अधिक समर्थन की जरूरत है और ऐसा करने के लिए सबसे बेहतर खुद धोनी हैं। लखनऊ के लिए सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श गुजरात टाइटंस के खिलाफ नहीं खेले थे। टॉस के दौरान ऋषभ पंत ने बताया था कि मार्श की बेटी बीमार हैं जिस कारण वह अनुपलब्ध रहे। अभी यह तय नहीं है कि वह सीएसके के खिलाफ वापसी कर पाएंगे या नहीं, लेकिन अगर मार्श टीम में लौटे तो वह हिम्मत सिंह की जगह लेंगे। शीर्ष क्रम में मिचेल मार्श की अनुपस्थिति ने शनिवार को ऋषभ पंत को फॉर्म में चल रहे एडेन मारक्रम के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया।




### सीएसके के खिलाड़ियों ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रितुराज गायकवाड़ समेत अन्य खिलाडियों ने रविवार को यहां प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी और रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर हालांकि सीएसके के वरिष्ठ खिलाड़ी और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नहीं आये। रितुराज गायकवाड़ ने परिवार के साथ अपने आराध्य भगवान श्रीराम के दर्शन किये। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। गायकवाड़ के साथ टीम के कुछ अन्य सदस्य भी थे।

## एमपी और पंजाब के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**झांसी।** मध्य प्रदेश और पंजाब ने राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में रविवार को क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को 5-3 से पराजित किया। मणिपुर के लिए एम रबिचंद्र सिंह (47वां मिनट), कप्तान चिंगलेनसेना सिंह (50वां मिनट) और लैशराम दीपू सिंह (53वां मिनट) ने गोल किए।

## एशियन योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय ट्रायल जारी, 252 खिलाड़ी दिखा रहे दम

**सोनीपत।** हरियाणा की खेल यूनिवर्सिटी में दूसरी एशियन योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय ट्रायल की प्रक्रिया चल रही है। ट्रायल से उन एथलीटों का निर्धारण होगा जो 25 से 27 अप्रैल तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में होने वाली इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल्स में देशभर से कुल 252 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें 123 पुरुष और 131 महिलाएं शामिल हैं। प्रतियोगी 12 स्पधाओं में भाग लेंगे, जिनमें से प्रत्येक स्पर्धा को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में योगासन की शक्ति, अनुशासन, संतुलन और एथलेटिक भावना को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पहल का संचालन एशियन योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है, जो एशिया ओलंपिक परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त एक पंजीकृत निकाय है और वर्ल्ड योगासन से संबद्ध है।

# मुंबई इंडियंस ने रोका दिल्ली का विजय रथ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 29वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हरा दिया। मुकाबले में मुंबई की टीम ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 205 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19 ओवर में 193 रन ही बनाकर सिमट गई। इस तरह लगातार पांच मैच में जीत के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स का अभियान रुक गया। वहीं मुंबई की टीम ने इस सीजन में अपनी दूसरी जीत हासिल की। मुंबई के खिलाफ अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। दिल्ली ने बिना किसी के स्कोर के अपना पहला विकेट गंवा दिया था। हालांकिस इसके बाद करुण नायर ने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मैच को लगभग एक तरफा बना दिया था, लेकिन इसके बाद मुंबई ने स्पिन गेंदबाजों के दमदार खेल और जबरदस्त फीलिंग से मैच को एक रहते अपने नाम कर लिया। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली के अंतिम तीन विकेट लगातार रनआउट से हासिल किये।

### दिल्ली की शुरूआत रही खराब

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत बहुत ही खराब रही थी। दिल्ली ने पारी के पहले ओवर में ही ओपनर बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क का विकेट गंवा दिया। मैकगर्क को मुंबई के दीपक चाहर ने अपना शिकार बनाया था। हालांकि, इसके बाद दिल्ली के लिए करुण नायर और अभिषेक पोरेल ने मिलकर मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की जबरदस्त साझेदारी हुई। इस दौरान अभिषेक पोरेल 25 गेंद में 33 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी इस पारी में उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का भी लगाया। पोरेल के आउट होने के बाद एक छोर से करुण नायर का तूफान जारी था, लेकिन मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को एक वापसी का मौका जरूर मिला गया। आरसीबी के खिलाफ मिडिल ऑर्डर में दमदार बल्लेबाजी करने वाले केएल राहुल का इस मैच में बल्ला नहीं चल पाया। राहुल 13 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गए। इसके अलावा कप्तान अक्षर पटेल ने 9 और ट्रिस्टन स्टब्स ने सिर्फ 1 रन बनाए।



➲ मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया
➲ दिल्ली कैपिल्स को इस सीजन में मिली है पहली हार
➲ मुंबई इंडियंस को 6 मैचों में से मिली है ये दूसरी जीत

### बैटिंग में मुंबई की हुई थी तूफानी शुरूआत

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस को टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी का न्योता मिला था। मुंबई की टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में तिलक वर्मा (59), रयान रिकेल्टन (41), सूर्यकुमार यादव (40) और नमन धीर (नाबाद 38) की शानदार पारियों से निर्धारित 20 ओवर खेल में पांच विकेट पर 205 रन का मजबूत स्कोर बनाया।मुंबई के लिए इस मैच में रोहित शर्मा और रिकलटन ने ओपनिंग साझेदारी में पांच ओवर में 47 रन जोड़े। रोहित अच्छी शुरूआत के बाद एक बार फिर बड़ी पारी खेलने से चूक गए। रोहित ने 12 गेंदों पर 18 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया। विप्रज निगम ने रोहित को एलबीडबल्यू किया। रिकेल्टन ने 25 गेंदों पर 41 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के सहारे 40 रन बनाए।

### तिलक की इस सीजन में लगातार दूसरी फिफ्टी

मुंबई की तरफ से तिलक वर्मा ने 33 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 59 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। इसके अलावा नमन धीर ने मात्र 17 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 38 रन की जबरदस्त पारी खेली। दिल्ली के लिए दोनों कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और विप्रज निगम बेमिसाल साबित हुए और मध्य ओवरों में टीम को विकेट दिलाए। कुलदीप ने चार ओवर में मात्र 23 रन देकर दो विकेट जबकि विप्रज ने चार ओवर में 41 रन देकर दो विकेट लिए।

### मुंबई 205/5 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित एलबीडब्ल्यू बो. निगम | 18 | 12 | 02 | 01 |
| रिकेलटन बो. कुलदीप | 41 | 25 | 05 | 02 |
| सूर्यकुमार कै. स्टार्क बो. यादव | 40 | 28 | 05 | 02 |
| तिलक कै. पोरेल बो. मुकेश | 59 | 33 | 06 | 03 |
| हार्दिक कै. स्टब्स बो. निगम | 02 | 04 | 00 | 00 |
| नमन धीर नाबाद | 38 | 17 | 03 | 02 |
| विल जैक्स नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 1-47, 2-75, 3-135, 4-138, 5-200.

**गेंदबाज** : मिचेल स्टार्क : 3-0-43-0, मुकेश कुमार : 4-0-38-1, विप्राज निगम : 4-0-41-2, कुलदीप यादव : 4-0-23-2, अक्षर पटेल : 2-0-19-0, मोहित शर्मा : 3-0-40-0.

### दिल्ली 193/10 (19 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क कै. जैक्स बो दीपक | 00 | 01 | 00 | 00 |
| पोरेल कै. धीर बो. कर्ण | 33 | 25 | 03 | 01 |
| करुण नायर बो. सैंटनर | 89 | 40 | 12 | 05 |
| राहुल कॉट एंड बो. कर्ण | 15 | 13 | 01 | 00 |
| अक्षर कै. यादव बो. बुमराह | 09 | 06 | 02 | 00 |
| स्टब्स कै. धीर बो. कर्ण | 01 | 04 | 00 | 00 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 17 | 14 | 02 | 00 |
| विप्राज स्टं. रायन बो. सैंटनर | 14 | 08 | 01 | 01 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |
| मोहित शर्मा रन आउट | 00 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन** : 1-0, 2-119, 3-135, 4-144, 5-145, 6-160, 7-180, 8-192, 9-193, 10-193.

**गेंदबाज** : दीपक चाहर : 3-0-24-1, ट्रेंट बोल्ट : 2-0-21-0, जसप्रीत बुमराह : 4-0-44-1, मिचेल सैंटनर : 4-0-43-2, हार्दिक पंड्या : 2-0-21-0, कर्ण शर्मा : 4-0-36-3.

## धीरज, तरुणदीप और अतनु को रिकर्व स्पर्धा में रजत से करना पड़ा संतोष

**नयी दिल्ली।** धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की तिकड़ी तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतने से चूक गई। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन से 1-5 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें रजत पदक मिला। यह भारत का सत्र के पहले टूनार्मेंट का तीसरा पदक है। भारत की नजरें चौथे पदक पर भी हैं क्योंकि धीरज पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं।

### कंपाउंड मिश्रित और पुरुष टीम ने जीते थे पदक

इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अभिषेक वर्मा कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए थे। रिकर्व टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहला सेट 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ जिसमें दोनों टीम ने 54 अंक बनाए। भारतीय तिकड़ी ने दो बार 10 और दो बार नौ अंक बनाए लेकिन दो बार आठ अंक जुटाने के कारण सेट जीतने का मौका गंवा दिया। ली झोंगयुआन, काओ वेनचाओ और वैंग यान की चीन की टीम ने दूसरे सेट में चार बार 10 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त हासिल की। भारत फिर से आठ अंक पर तीर चलाकर सेट 55-58 से हार गया।



# अल्कारेज बने मोंटे कार्लो मास्टर्स के विजेता

## करियर का 10वां बड़ा खिताब जीता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लौरेंजो मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का अपना पहला खिताब हासिल किया। पिछले साल विंबलडन जीतने के बाद यह स्पेनिश खिलाड़ी की पहली बड़ी जीत है। मार्च में वह मियामी में शुरूआती दौर में बाहर हो गये। इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हार गए थे। 21 साल के इस युवा खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

### एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आना तय

मुसेटी ने दो बार ब्रेक प्वाइंट लिया और अल्कारेज की 11 बेजा गलतियों का फायदा उठाकर पहला सेट जीत लिया, लेकिन उसके बाद अल्कारेज ने दूसरे सेट में लय हासिल कर ली और दो ब्रेक प्वाइंट लेने के बाद पांच गेम लगातार जीतते हुए दूसरा सेट जीतकर बराबरी कर ली। अल्कारेज की अथक गति, संतुलन और शक्ति के आगे मुसेटी परेशान नजर आए। तीसरे सेट में मामला एकतरफा था। स्पेनिश खिलाड़ी ने 3-0 की बढ़त बना ली। इटली के मुसेटी ने मेडिकल टाइमआउट को लेकर जांघ का उपचार कराया। उसके बाद अल्कारेज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत से अल्कारेज का एटीपी रैंकिंग में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हटाकर दूसरे स्थान पर आना तय हो गया है।

### 23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे अल्कारेज

अल्कारेज ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सेमीफाइनल में हमवतन एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज अपने 23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे। फ्रेंच ओपन और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद यह अल्कारेज का लगातार तीसरा क्ले कोर्ट फाइनल था।



# सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विधिक शिविर का है उद्देश्य : न्यायाधीश

- विधिक सेवा सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का डालसा ने किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान रविवार को जिले के सभी दस प्रखंडो में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता मेला का आयोजन हुआ। शिविर का आयोजन प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार आयोजित हुई। आयोजित कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायाधीश अलग-अलग सभी दस प्रखंडो में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्राधिकार के तहत मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी। इस दौरान दुमका, मसलिया, रानेश्वर, जरमुंडी, जामा, सरैयाहाट, शिकारीपाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर एवं रामगढ़ प्रखंड मे करोड़ों रुपए का परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया।

इधर दुमका प्रखंड में जिला जज-पंचम, शत्रुंजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा लाभुकों के बीच परिसम्पति एवं अन्य योजनाओं के लाभ का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रखंड द्वारा स्वीकृति में से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेशंन, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन, मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आबुवा आवास योजना, मईया सम्मान योजना, छात्रवृति सहित अन्य योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर न्यायधीश शत्रुंजय कुमार सिंह ने कहा कि आज के समाज में महिलाओ की भागीदारी जरुरी है। इसके लिए महिलाओ को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाए चलाती है। इसका लाभ उठाने पर जोर दिया। न्यायाधीश ने शिक्षा, रोजगार पर बल देते हुए कहा कि आज के दौर में शिक्षा का होना जरुरी है। इसके लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। उन्होंने डालसा द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताते हुए लाभ उठाने की अपील की।

इस मौके पर बीडीओ उमेश मंडल, चीफ एलएडीसी सिकंदर मंडल, सीओ अमर कुमार सहित पीएलवी कैलाश रामदास, बबलू मुर्मू, रोहित राय, नितिन कुमार एवं संजय कुमार पांडे के साथ जेएसपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं शिकारीपाड़ा प्रखंड में जिला जज तृतीय, राजेश सिन्हा, जामा एवं जरमुंडी प्रखंड में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की, मसलिया प्रखंड में जिला जज प्रथम रमेश चंद्र, सरैयाहाट प्रखंड में जिला जज चतुर्थ धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामगढ़ प्रखंड में वॉटर भोगरा, अवर न्यायाधीश द्वितीय, रानेश्वर प्रखंड में डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, गोपीकंदर प्रखंड में न्यायिक दंडाधिकारी आदित्य एवं काठीकुंड प्रखंड में न्यायिक दंडाधिकारी नेहा झा शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक एवं अंचल, स्वास्थ्य और बाल विकास परियोजना, कार्यालय के कर्मी सहित जेएसपीएल की महिलाएं एवं लाभुक उपस्थित थे।

# कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी

- दो वर्षो से धरना पर बैठ कर रहे आंदोलन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बने कोयला रैक से होने वाले प्रदूषण से की समस्या से जूझ रहे स्थानीय लोग लगातार आंदोलनरत है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन व स्थानीय प्रशासन शिथिल है। प्रदूषण से रसिकपुर, सोनवाडंगाल, नेतुर पहाड़ी, कुल्हड़िया, श्रीअमड़ा सहित आस पास के लोग प्रभावित है। इस बावत रविवार को स्टेशन परिसर पर धरना पर बैठे आंदोलनकारियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। लोगों ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से दो वर्षों से लगातार धरना प्रदर्शन करते आ रहे है। लेकिन जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हैं। इसलिए अब स्थानीय लोगों ने उग्र आंदोलन करने का मन बना लिया है। आंदोलनकारियों ने कहा कि उग्र आंदोलन के तहत कोयला की ढुलाई कर रहे ट्रकों और मालगाड़ियों को रोका जाएगा। प्रदूषण से यहां के लोग तरह-तरह की बिमारियां के शिकार हो रहे है। गौरतलब है कि रसिकपुर, नेतुरपहाड़ी, सोनवाडंगाल, कुम्हारपाड़ा, शिवपहाड़, श्रीअमड़ा, कुल्हड़िया सहित दर्जनों मुहल्ले को कोयला से उड़ने वाला डस्ट प्रभावित कर रहा है। प्रदूषण का जाल अब शहरी इलाकों तक फैल चुका है। यहां बताते चलें कि खासकर रसिकपुर, सोनवाडंगाल, नेतुर पहाड़ी तो पुरी तरह से प्रदूषण की जद में हैं। आंदोलनकारियों ने कहा कि आम जनता विधायक और सांसद हो या वार्ड पार्षद के रूप में प्रतिनिधि समस्याओं के समाधान की आवाज उठाने के लिए चुनते है। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस मामले में अब तक सामने नहीं आया है। कोल डस्ट से रेलवे स्टेशन के आस-पास बने दर्जनों शिक्षण संस्थान प्रभावित हो रहे हैं। प्रदूषण से आमजन, नवजात, महिला और पुरूषों, बीमार लोगों पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। रेलवे स्टेशन से चंद गज की दूरी पर दर्जनों शिक्षण संस्थाने है। कोल डस्ट से नौनिहालों और छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल रहा है। उल्लेखनीय है कि दुमका रेलवे स्टेशन पर ही कोयला रैक बना दिया गया है। कोयला रैक से आमजन का जीना मुहाल हो गया है। पूरा रेलवे स्टेशन परिसर कोयला डस्ट से पटा पड़ा है। जिसका असर यात्रियों पर पड़ रहा है। धरना देने वालों में संजय मंडल, हेमंत श्रीवास्तव, रविशंकर मंडल, मधुर सिंह, संतोष मंडल, मनोज पंडित, एनएन पंडित, विष्णु यादव, महेश्वर हेंब्रम, गोवर्धन मंडल, ध्रुव मंडल, शैलेश कापरी, मनोज भगत, आशीष नायक, निरंजन यादव, लक्ष्मण पंडित, उपेंद्र चौधरी, अभय गुप्ता, आकाश यादव,संजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ईसाई धर्मावलंबियों ने उत्साह से मनाया पाम संडे, चर्चों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



दुमका। ईसाई धर्मावलंवियों ने उत्साह के साथ पाम संडे खजूर रविवार मनाया। ईसाइ धर्मावलंबी इसे त्योहार के रूप में मनाते हैं। ईसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के येरुशेलम में विजयी प्रवेश के रूप में पाम संडे त्येहार मनाते हैं। शहर के दुधानी, बंदरजोरी सहित अन्य गिरिजाघरों में इस अवसर पर प्रार्थना सभाएं हुई। जिसमें धर्मगुरुओं ने बाइबल का पाठ किया और प्रभु यीशु के पवित्र संदेश सुनाया। गिरिजाघरों में विशिष प्रार्थना सभाओं के बाद ईसाई धर्मावलंबियों ने खजूर की डालियों के साथ शहर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस में स्त्री–पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। यह दिन ईसाई समुदाय के लोगों में प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश के रूप में मनाया जाता हैं। पाम संडे के बारे में पवित्र बाइबल में कहा गया है कि प्रभु यीशु जब य?शलम पहुंचे, तो उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग पाम यानी खजूर की डालिया अपने हाथों में लहराते हुए एकत्रित हो गए थे। लोगों ने प्रभु यीशु की शिक्षा और चमत्कारों को शिरोधार्य कर उनका जोरदार स्वागत किया था। उस दिन के बाद पाम संडे मनाया जाता हैं। पवित्र बाइबल में कहा गया है कि प्रभु यीशु जब यरुशेलम पहुंचे तो उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग अपने हाथों में खजूर की डालियों को हुए एकत्रित हो गए थे और प्रभु यीशु की शिक्षा को ग्रहण किया था। काठीकुंड, गोपीकांदर, शिकारीपाड़ा सहित जिले के कई स्थानों पर उत्साह के साथ पाप संडें मनाया गया। लोग प्रभु यीशु के स्वागत में गीत भी गा रहे थे।

## अंबेडकर शोभा यात्रा निकाल छात्रों ने किया नगर भ्रमण, अंबेडकर मेला आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर पूर्व संध्या हर साल की भाति रविवार को मोटरसाइकिल रैली सह अंबेडकर शोभा यात्रा निकाली गई। रैली एसपी कॉलेज अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास के अधीक्षक प्रोफेसर ह्लडॉ सत्यम कुमार मेहराह्ल के नेतृत्व में निकाली गई। रैली एसपी कॉलेज मैदान से निकाल शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सोनवाडंगाल, रसिकपुर दासपाड़ा, कुम्हारपाड़ा चौक होते हुए शिव पहाड़ गांधीनगर से होकर टीन बाजार चौक से वीर कुंवर सिंह चौक तक पहुंची। जहां छात्रों ने वीर कुंवर सिंह के प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। साथी शोभा यात्रा आगे की ओर बढ़ते हुए नगर थाना दुमका के सामने से गुजरते हुए अंबेडकर चौक में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा के सामने पहुंची। जहां माल्यार्पण एवं पुष्प बर्षा कर छात्रों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसक बाद पुनः शोभा यात्रा बस स्टैंड होते हुए विवेकानंद चौक पर पहुंची। जहां पर छात्रों ने पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण करके स्वामी विवेकानंद को याद किया। शोभा यात्रा आगे बढ़ते हुए पोखरा चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी सिद्धो, कान्हू के प्रतिमा स्थल पर पहुंच हुल नायकों को माल्यार्पण कर छात्रों ने नमन किया। इसके बाद शोभा यात्रा शिवपहाड़, मुफ्फसिल थाना से होते हुए एसपी कॉलेज मैदान में पहुंच संपन्न हुई। इस अवसर डॉ सत्यम मेहरा ने कहा कि आंबेडकर होने का मतलब निर्भय होना है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज और राष्ट्र निर्माण में बहुआयामी योगदान दिया। वे भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, और सभी के लिए अधिकारों की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने दलितों और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष करते हुए उन्हें राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करने के लिए प्रयास किया। आज हम सभी लोगों को उनके दिखाये हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर एसपी कॉलेज के प्रोफेसर चंद्रशेखर रजक, अनुचित जाति कल्याण छात्रावास के मिथुन कुमार दास, शंभू रजक, अजीत दास, विवेक कुमार, प्रभारी छात्रनायक हरीश दास, गोल्डन मेहरा, बबलू दास, सचिन मेहरा, अमर कुमार तुरी, पिंकू दास, विकास रजक आदि शामिल रहे।

## खबर एक नजर में

### शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है : मंत्री योगेंद्र महतो



**बोकारो/कसमार।** प्रखंड स्थित चंद्र नारायण शिशु विद्या मंदिर के स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में शनिवार को रजत जयंती समारोह सह दादा-दादी, नाना-नानी सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने विद्यालय के रजत जयंती पर विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय ने 25 वर्षों का सफर, शिक्षा संस्कार समर्पण और परिश्रम का सफल परिणाम है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने कसमार एवं पेटरवार प्रखंड में संयुक्त रूप से डिग्री कॉलेज खोलने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोती कुमारी ने भी विद्यालय के रजत जयंती पर ढेर सारी बधाईयां दी और कहा कि शिशु मंदिर ने सीमित संसाधनों में ही क्षेत्र में शिक्षा की रोशनी फैलाने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा इस वर्ष विभिन्न कक्षाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं गीत की प्रस्तुति की गयी। संचालन विद्यालय की शिक्षिका रंजना ने किया। मौके पर वरीय झामुमो नेता सिकंदर कपरदार फारूक अंसारी कसमार पंचायत समिति सदस्य मंजू डे प्राचार्य कपिल कुमार चौबे अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद प्रजापति भोलानाथ दत्ता महेंद्र प्रसाद नंदकिशोर सिंह केदार रजवार रंजना चौबे पूजा कुमारी काजल कुमारी सोनी पांडेय आदि थे।

## चास में पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत कार्यशाला सह-पंजीकरण शिविर का आयोजन




**बोकारो।** चास नगर नगर निगम के सभागार में प्रशासक सह– अपर नगर आयुक्त के निर्देशन में आयोजित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की कार्यशाला सह– पंजीकरण कार्यक्रम में मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के नोडल ऑफिसर डॉ अभिषेक कुमार (असिस्टेंट रजिस्टार कंपनीज, झारखंड सह– असिस्टेंट ऑफिशल लिक्विडेटर हाई कोर्ट झारखंड) द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर योजना से लाभार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 युवक/युवतियों एवं उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। डॉ अभिषेक कुमार ने युवाओं को बताया कि इस योजना के माध्यम से वे कॉरपोरेट सेक्टर में इंटर्नशिप का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने आवेदन की प्रक्रिया पात्रता मानदंड एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान दीन दयाल जन आजीविका मिशन के नगर मिशन प्रबंधकों मधु कुमारी प्रशांत कुमार महेंद्र महतो तथा सुषमा बाला उरांव ने भी लाभार्थियों को योजना के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान 85 युवक/युवतियों द्वारा ऑन–स्पॉट पंजीकरण भी कराया गया। कार्यक्रम में चास नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त जयपाल मुंडा सहित सभी पदाधिकारी व कर्मी एवं एनयूएलएम कोषांग से सीओ एवं सीआरपी भी सक्रिय रहे।

## जारंगडीह में बाहा बोंगा महोत्सव धूमधाम से संपन्न

- महोत्सव में पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो /जारंगडीह /कथारा।** जारंगडीह मे स्थित जुग जाहेर धोरोम गढ़ सरना स्थल में 13 अप्रैल को बाहा बोंगा महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पेयजल स्वच्छता सह उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक आदिवासी रिति रिवाज से प्रकृति की पूजा आराधना के साथ हुई, जबकि पूजा उपरांत श्रद्धालुओं के बीच सखुवा का फूल वितरण किया गया। वहीं चढ़ावा चढ़ाये गये बकरे की बली के पश्चात खिचड़ी-मीट प्रसाद के रूप में बांटे गये। इसके बाद आदिवासी महिलाओं और पुरुषों द्वारा मनमोहक आदिवासी नृत्य ने पूरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

महोत्सव को सफल बनाने में सरना पूजा समिति का मुख्य योगदान देखने को मिला। जबकि यहां की मुख्य व्यवस्था का भार समिति के अध्यक्ष फीनीराम मुर्मू ने संभाल रखा था। जारंगडीह बंद भूमिगत खदान के समीप काली मंदिर के पीछे मैदान में मुख्य सभा स्थल के लिए पंडाल और श्रद्धालुओं के बैठने का इंतजाम किया गया था। जबकि विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बोकारो थर्मल थाना व कथारा ओपी पुलिस पूरे समय तक कार्यक्रम स्थल पर डटी रही। बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह स्वंय कमान संभाले थे। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लगे समिति के अध्यक्ष फिंज राम सोरेन तथा सचिव करमचंद मांझी, कोषाध्यक्ष आनंद टुडू तथा इस पूजा को संपन्न करवाने में मुख्य पूजारी पाहन अर्जुन हेम्ब्रम, बद्री मुंडा, चांपी के पूर्व मुखिया श्रीराम हेम्ब्रम, मुखिया पति सीताराम मुर्मू, सुखनाथ मुर्मू, नरेश टुडू, सुदेश भुईंयां, मो. इम्तियाज अंसारी, सुखदेव मुर्मू, दिलीप मुर्मू, विश्वनाथ मुर्मू, हिरालाल मांझी, जयनारायण महतो, मदन मोहन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, इकबाल अहमद, रमेश बेसरा, सुरेश किस्कू, मनोहर मुर्मू, काशीनाथ केवट, शमशुल हक, इकबाल अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिलाध्यक्ष डॉ रतनलाल मांझी, जिला सचिव मुकेश राम महतो, जिप सदस्य अशोक मुर्मू, सुरेश किस्कू, आदि लोग अहम भूमिका निभाए।

## पेज 1 का शेष

### बलिदान व्यर्थ नहीं...

**नम आंखों से पैतृक गांव में दी गयी मिट्टी :** शहीद सुनील धान का पार्थिव शरीर को रविवार को जैसे ही उनके पैतृक गांव कर्रा के कांटी पोहरा टोली पहुंचा, पूरा गांव बिलख उठा। पूरा इलाका बलिदानी सुनील धान अमर रहे, जब तक सूरज चंद रहेगा, सुनील तेरा नाम रहेगा के नारों से गूंज उठा। पूर्व विधायक सुदीप गुड़िया ने सुनील धान की कब्र पर मिट्टी दी और मोमबत्ती एवं अगरबत्ती जलाये तथा फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। एसपी, डीडीसी, एसडीपीओ समेत तमाम अधिकारियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिया। एसपी ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में उनका अदम्य साहस सदा स्मरणीय रहेगा।

### गुजरात तक पार्टी विस्तार...

**पहले दिन राजनीतिक प्रस्ताव आयेगा :** इधर महाधिवेशन के मद्देनजर राजधानी रांची के चौक-चौराहों और सड़कों को झामुमो के झंडे, बैनर और बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर से पाट दिया गया है। श्री भट्टाचार्य ने बताया कि पहले दिन के पहले सत्र में सांगठनिक रिपोर्ट पेश की जायेगी। दूसरे सत्र में पार्टी की ओर से राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया जायेगा और चर्चा के बाद उसे पारित किया जायेगा। इससे पूर्व पार्टी का झंडा फहराया जायेगा। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और फिर कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का स्वागत भाषण होगा।

### राष्ट्र सेवा की पहली सीढ़ी...

**चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं :** मीडिया से बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि झारखंड के चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। झारखंड में 1 लाख से भी अधिक चुनाव से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं। पहला चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, दूसरा मतदाता सूची और तीसरा मतदान एवं मतगणना। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, जिसमें चुनाव के समय केवल 500 लोगों की संस्था वाला चुनाव आयोग डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाती है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान सम्पन्न कराती है। उन्होंने कहा कि मतदान के साथ साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

**राष्ट्र सेवा की प्रथम सीढ़ी है मतदान :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने पूरे देश के मतदाताओं से अपील की कि मतदान में जरूर भाग लें। राष्ट्र सेवा की प्रथम सीढ़ी ही मतदान है। मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वायें। जो 18 वर्ष से अधिक का हो चुका है, छूटे नहीं। इससे पूर्व बीएलओ से संवाद कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनावों में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ ने बहुत मेहनत से काम किया है एवं बारीकी से मतदाता सूची के निर्माण का कार्य किया है। रांची डीसी सह डीईओ मंजू नाथ भजंत्री ने बीएलओ के कार्यों को सराहा एवं मुख्य चुनाव आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन उप सचिव देव दास दत्ता ने किया। मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित निर्वाचन एवं रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं दुर्गम क्षेत्र दशम जलप्रपात के बीएलओ उपस्थित थे।

# आयात पर न्यूनतम निर्भरता के साथ आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति प्रदान करने को अग्रसर है, बोकारो स्टील प्लांट

**अखिलेश कुमार सिंह**





**बोकारो।** विगत छह दशकों से पूर्व प्रबंध निदेशक मंतोष सोंधी के कार्यकाल से बोकारो इस्पात संयंत्र अब देश-विदेश में एक प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठान के रूप में अपनी सशक्त व अमिट पहचान बना चुका है। भारत सरकार के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के इस उपक्रम ने न केवल देश को वैश्विक मंच पर एक सशक्त इस्पात उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई है बल्कि क्षेत्रीय विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी प्रगति को भी निरंतर गति दी है। बीच के विभिन्न कालखंडों में तमाम तरह के उतार चढाव के बावजूद आज बोकारो स्टील प्लांट भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत और ह्यविकसित भारत 2047 जैसी दूरदर्शी पहलों के अनुरूप कार्य करते हुए देश के लिए रणनीतिक महत्व के अनेक स्टील ग्रेड का स्वदेशी विकास कर रहा है जिन्हें पूर्व में विदेशों से आयात किया जाता था। ऐसा ही एक स्पेशल इस्पात है- कौरटन स्टील जो पहले विदेशों से आयात किया जाता था। अब बोकारो स्टील प्लांट ने इसका स्वदेशी विकल्प- वेदर रेसिस्टेंट स्टील (आईएस 11587) का निर्माण किया है जिसे सेलकोर के नाम से जाना जाता है। यह उच्च गुणवत्ता का इस्पात भारतीय रेल के वैगनों और ढांचागत संरचनाओं में व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। देश में ही इसका निर्माण अब आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान कर रहा है। इसी प्रकार जहां कभी शिपिंग कंटेनरों के लिए भारत को अन्य देशों विशेषकर चीन पर निर्भर रहना पड़ता था- आज बोकारो संयंत्र द्वारा विकसित डब्लयू आर-एफई 490 एच ग्रेड स्टील के माध्यम से भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा चुका है। इसके अतिरिक्त संयंत्र ने उच्च तन्यता शक्ति वाले गैल्वनाइज्ड स्टील का विकास किया है जो फूड ग्रेन साइलो निर्माण में प्रयुक्त होता है। 450 जीएसएम जिंक कोटिंग और 350 एमपीए से अधिक यील्ड स्ट्रेंथ से युक्त यह स्टील कृषि भंडारण के लिए तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त एवं टिकाऊ समाधान प्रदान करता है जो सेव ग्रेन कैंपेन और खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करता है। राष्ट्र की सामरिक शक्ति को सशक्त बनाने हेतु बोकारो स्टील प्लांट द्वारा विकसित स्वदेशी डीएमआर 249 ए मरीन ग्रेड स्टील का उपयोग भारतीय नौसेना के अग्रणी युद्धपोतों- आईएनएस विक्रांत आईएनएस महेन्द्रगिरि आईएनएस विंध्यगिरी एवं हाल ही में राष्ट्र को समर्पित आईएनएस नीलगिरि के निर्माण में किया गया है। यह योगदान भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करता है। नवीकरणीय ऊर्जा विशेषकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में संयंत्र ने आईएस 277 जीपी 350 ग्रेड के अनुरूप 600 जीएसएम जिंक परत वाले विशेष गैल्वनाइज्ड स्टील का सफल विकास किया है। इसकी उच्च संक्षारण प्रतिरोधक क्षमता और यांत्रिक मजबूती इसे सोलर पैनल माउंटिंग स्ट्रक्चर के लिए आदर्श बनाती है।

इस श्रृंखला में देश की आवश्यकताओं के अनुरूप कई और स्पेशल इस्पात ग्रेड विकसित किए जाने की प्रक्रिया जारी है ताकि विदेशों से आयात पर हमारी निर्भरता न्यूनतम हो सके। बोकारो स्टील सिटी केवल मात्र एक औद्योगिक शहर ही नहीं बल्कि यहाँ विविधता में एकता का प्रतिरूप परिलक्षित होता है। देश के कोने-कोने से आए लोग यहां एक साथ रहकर संयंत्र की सफलता में योगदान दे रहे हैं जिससे यह स्थान राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। स्टील सिटी और परिक्षेत्रीय इलाके का व्यापक जन समुदाय भी बोकारो स्टील की इस गौरवशाली और समृद्ध परम्परा को आगे ले जाने में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है। इस भौगोलिक क्षेत्र के विकास का अग्रदूत रहा बोकारो स्टील प्लांट अब आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। यदा- कदा निजी स्वार्थगत मंशा के पोषक तत्वों की विरोधाभासी गतिविधियां भी पांव पसारने का असफल प्रयास करती रही हैं परन्तु तात्क्षणिक व्यवधान, अभी तक संयंत्र के राष्ट्रीय उद्देश्य के दूरगामी सोच को बाधित नहीं कर सका है।

# एक झटके में ध्वस्त हो जायेंगी दुश्मन की मिशाइल और ड्रोन


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने रविवार को 30 किलोवाट लेजर आधारित हथियार प्रणाली का उपयोग करके फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को मार गिराने की अपनी क्षमता का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।

भारत इसके साथ ही अमेरिका, चीन और रूस सहित उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ऐसी क्षमता दिखाई है। 30 किलोवाट की लेजर हथियार प्रणाली को 5 किलोमीटर की सीमा के भीतर ड्रोन और हेलीकॉप्टर जैसे

- **भारत ने लेजर से पांच किमी तक हवाई लक्ष्य मार गिराने की दिखायी क्षमता**
- **अमेरिका, चीन और रूस सहित चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हुआ भारत**

हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस सफल परीक्षण के बाद कहा कि इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ने इस तरह की क्षमता का प्रदर्शन किया है। इजरायल भी इसी तरह की क्षमताओं पर काम कर रहा है। हम इस प्रणाली का प्रदर्शन करने वाले दुनिया के चौथे या पांचवें देश हैं। इसमें संचार और उपग्रह संकेतों को जाम करने सहित उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताएं हैं। इस बहुमुखी हथियार प्रणाली ?से जमीन और जहाज आधारित ?मिशन को अंजाम दिया जा सकता है, जिससे कई क्षेत्रों में भारत की रक्षा तत्परता बढ़ती है। यह प्रणाली सटीक लक्ष्यीकरण के लिए 360 डिग्री इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड सेंसर से लैस है और इसे हवाई, रेल, सड़क या समुद्र के माध्यम से तेजी से तैनात किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ 300 किलोवाट? 'सूर्य?' लेजर हथियार जैसे अधिक शक्तिशाली सिस्टम भी विकसित कर रहा है, जिसकी परिचालन सीमा 20 किलोमीटर है। यह सिस्टम मिसाइलों और मानव रहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) जैसे उच्च गति वाले हवाई खतरों को लक्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आधुनिक युद्ध में भारत की स्थिति को और मजबूत? करेगा। ये प्रगति मिसाइल रक्षा और ड्रोन विरोधी अभियानों के लिए उच्च शक्ति वाले लेजर पर जोर देने वाले वैश्विक रुझानों के अनुरूप है।



## स्पीड न्यूज

### पीएम को आतंकी कहने पर कन्हैया के खिलाफ केस दर्ज

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने रविवार को पटना के कोतवाली थाना में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कन्हैया कुमार के द्वारा हिंदी में एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा और आरएसएस के कार्यकर्ताओं के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया। इकबाल ने कहा, ह्लदेश के लोकतांत्रिक ढांचे में चुने हुए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहना न केवल एक शर्मनाक बयान है बल्कि यह सीधे-सीधे देश की संप्रभुता पर हमला है। आरएसएस जैसे राष्ट्रवादी संगठन को बदनाम करने की कोशिश करने वाले ऐसे नेताओं पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पंजाब में आइएसआइ के दो आतंकी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने जर्मनी से संचालित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद क्षेत्र से इसके दो प्रमुख गुर्गों को पकड़ा है। इनके पास से 1.6 किलोग्राम आरडीएक्स युक्त 2.8 किलोग्राम आईईडी और एक रिमोट कंट्रोल बरामद किया गया है। डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर और स्टेट स्पेशल ऑपरेटिंग सेल, एसएएस नगर की संयुक्त पुलिस टीमों ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार किये गए आतंकी की पहचान फतेहगढ़ साहिब निवासी जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है।

### भतीजे आकाश आनंद ने मायावती से मांगी माफी

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने पार्टी अध्यक्ष मायावती ने माफी मांगते हुये उन्हे बसपा में फिर से मौका देने की गुहार लगायी है। आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये बसपा सुप्रीमो को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुये उनके प्रति प्रति सम्मान का इजहार किया और अपने कृत्य पर माफी मांगी।

### बिहार में चार आइएएस अधिकारी का तबादला

पटना। बिहार सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के चार अधिकारियों का आज तबादला कर दिया तथा दो को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग की रविवार को जारी अधिसूचना केअनुसार, समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) एवं वर्ष 1992 बैच की आईएएस हरजोत कौर बम्हरा को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव एवं 2003 बैच कीआईएएस बन्दना प्रेयषी को समाज कल्याण विभाग के सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

# यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला, 30 से अधिक मरे

## सुमी शहर के मेयर की हमले में बाल बाल बची जान

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के सुमी शहर पाम संडे पर चर्चों में प्रार्थना और श्रद्धा में डूबा था, तभी रूस की तरफ से किए गये भीषण मिसाइल हमले 30 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कम से कम 30 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों की संख्या 50 से अधिक है। सुमी शहर के कार्यवाहक मेयर आर्टेम कोबजार की इस भयानक हमले में बाल बाल जान बच गई है। उन्होंने इस हमले की पुष्टि करते हुए इसे भयानक त्रासदी करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने यूक्रेन के ऊपर ये भयानक हमला उस वक्त किया है, जब दोनों देशों के बीच ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमलों को रोकने के लिए अमेरिका की तरफ से की जा रही मध्यस्थता के बीच शर्तों को लेकर गंभीर विवाद चल रहा

- **सुमी में मनाया जा रहा था पाम संडे, रूस की सेना ने मिसाइल से किया हमला 50 से अधिक लोगघायल**
- **अंतरराष्ट्रीय युद्ध कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रूस**

है। दावा किया गया है कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर इस समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के प्रमुख स्टाफ एंड्री यरमक ने इस हमले की निंदा की है और इसे नागरिकों के खिलाफ किया गया हमला करार दिया है। यूक्रेनी सुरक्षा अधिकारी एंड्री कोवालेंको ने इस हमले को अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की रूस यात्रा से जोड़ा है जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संभावित शांति समझौते पर चर्चा की है। सुमी



शहर, जो यूक्रेन-रूस सीमा से ज्यादा दूर नहीं है, वो हमेशा से रूसी हमलों की जद में रहा है। लेकिन इस बार हमला बेहद क्रूर और सुनियोजित नजर आता है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला सीधे नागरिक इलाकों पर हुआ, जिसमें इंसानों को निशाना बनाया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने इस हमले की तीव्र निंदा करते हुए कहा है कि रूस अब सीधे नागरिकों को निशाना बना रहा है।

उन्होंने रूस पर अंतरराष्ट्रीय युद्ध कानूनों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रमुख सलाहकार एंड्री यरमक ने भी इसे निहत्थे इंसानों पर जंग की साजिश करार दिया है।

### राम मंदिर के शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर : नपेंद्र मिश्र

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में परकोटा और परिसर के अंदर भगवान साधु संतों और महापुरुषों की मूर्तियों कि अप्रैल और मई माह में स्थापना की जानी है। सप्त मंदिर की सातों प्रतिमाएं आज पहुंच जाएंगी। उक्त जानकारी रविवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नपेंद्र मिश्र ने दिया। उन्होंने समीक्षा के बाद चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के पूरब मुख्य प्रवेश द्वार पर 500 वर्षों के मंदिर के इतिहास को प्रदर्शित किया गया था। लोगों के सुविधा के लिए यात्री सुविधा केंद्र पर भी मंदिर का इतिहास लगाया गया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में लाइटिंग को लेकर के भी मंथन चल रहा है। पिकनिक स्पॉट के तर्ज पर राम मंदिर में लाइटिंग नहीं की जाएगी। राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर छाजन की व्यवस्था की गई है, कैनोपी बनाई गई है। एलएनटी ने एक मार्ग पर कैनोपी का निर्माण किया है। दूसरे मार्ग पर राजीकीय निर्माण निगम कैनोपी का निर्माण कर रहा है, जिससे गर्मी से श्रद्धालुओं को राहत मिले।

## पैक्स कम्प्यूटराइजेशन में मप्र देश में प्रथम : शाह

**भोपाल।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मध्य प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने मध्य प्रदेश में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में साढे.पांच करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का नौ प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है। प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक नीति निर्माण और प्लानिंग भी करनी होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को दुग्ध उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित करनी होंगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में कृषि, पशुपालन और सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साढे. तीन साल में सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पैक्स के सशक्तीकरण, डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहन, उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता, गतिविधियों के विस्तार, नगरीय सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंकों के सुचारू संचालन की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया गया।

## आंध्र प्रदेश के पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ लोगों की मौत

एजेंसी

**अनकापल्ली।** जिले में कोटावुराटला मंडल के कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में रविवार को भीषण विस्फोट के बाद आग लगने से दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। घटना पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया है। जिलाधिकारी ने पूरी घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। कोटावुराटला मंडल केंद्र से तीन किमी दूर कैलासपट्टनम में एक पटाखा बनाने वाले कारखाने में दिवाली के लिए पटाखे बनाने का काम चल रहा था। आज आतिशबाजी बनाते समय अचानक भीषण विस्फोट हो गया और कारखाने की बिल्डिंग का एक हिस्सा ढह गया और आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। जिनकी पहचान निर्मला, रामालक्ष्मी, वेणुबाबु, बाबूराव, मनोहर, टाटाबाबू, पापा और गोविंद के रूप में हुई है। इसके अलावा छह लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। पीड़ित काकीनाडा जिले के सांभर लखोटा मंडल के निवासी बताए जा रहे हैं। इस हादसा पर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री नायडू ने कोटावुराटला मंडल में हुई इस दुर्घटना के संबंध में गृहमंत्री अनिता, कलेक्टर और एसपी से फोन पर बात की। उन्होंने पीड़ितों की वर्तमान स्थिति के बारे में पूछताछ की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घायलों की स्वास्थ्य के बारे में बताया। मुख्यमंत्री मृतकों के परिजनों के संपर्क में हैं।

### कोयंबटूर में यौन शोषण के आरोप में पादरी गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर पुलिस ने एक ईसाई पादरी जॉन जेबराज (32) को दो नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह कोयंबटूर के क्रॉसकट रोड स्थित किंग जेनरेशन चर्च में पादरी के रूप में कार्यरत था और केरल में भी धर्मोपदेश देता था। पुलिस के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब पीड़ित लड़कियों के माता-पिता ने कोयंबटूर सेंट्रल ऑल विमेन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। शिकायत में कहा गया कि जॉन ने लगभग 11 महीनेपहले कोयंबटूर के जी.एन. मिल्स इलाके में अपने घर पर आयोजित एक समारोह के दौरान 17 वर्षीय और 14 वर्षीय दो लड़कियों का यौन शोषण किया। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और जॉन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। विशेष पुलिस बल ने रविवार सुबह उसे मुन्नार से गिरफ्तार कर लिया।

## 10 कंपनियों का मार्केट कैप 13,801 करोड़ बढ़ा

एजेंसी

मुंबई। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन को छोड़कर अन्य साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ को तीन महीने के लिए अस्थाई रूप से स्थगित करने के निर्णय से बीते सप्ताह शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 04 अप्रैल को शीर्ष दस कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का कुल बाजार पूंजीकरण 9020576.61 करोड़ रुपए रहा। वहीं, एक सप्ताह बाद



11 अप्रैल को यह 9034378.29 करोड़ रुपए हो गया। इस तरह इन शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। आलोच्य अवधि में पांच शीर्ष कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा जबकि पांच के कम हो गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार पूंजी 19,757.27 करोड़ रुपए बढ़कर 16, 50,002.23 करोड़ रुपए पर पहुंच गई और अन्य कंपनियों के मुकाबले यह शीर्ष पर बना रहा। साथ ही भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 8,011.46 करोड़ रुपए

**रिलायंस का पूंजीकरण 19,757 करोड़ से बढ़कर 16,50, 002 पहुंची अन्य के मुकाबले यह शीर्ष पर**

की बढ़ोतरी लेकर 1002030.97 करोड़ रुपए, बजाज फाइनेंस का 12,760.23 करोड़ रुपए उछलकर 553348.28 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 28,700.26 करोड़ रुपए उठकर 556054.27 करोड़ रुपए और आईटीसी का 15,329.79 करोड़ की बढ़त के साथ 527845.57 करोड़ रुपए हो गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक की बाजार पूंजी 7,958.31 प्रतिशत घटकर 1382450.37 करोड़ रुपए, टीसीएस की 24,295.46 करोड़ रुपए गिरकर 1169474.43 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की 8,913.09 करोड़ रुपए कम होकर 934351.86 करोड़ रुपए, एसबीआई की 12,271.36 प्रतिशत टूटकर 672960.97 करोड़ रुपए और इंफोसिस की 17,319.11 करोड़ रुपयेकी गिरावट लेकर 585859.34 करोड़ रुपए पर आ गई। इस दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 28,700.26 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई जबकि टीसीएस में सबसे अधिक 24,295.46 करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस अवधि में बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर तथा एचडीएफसी बैंक दूसरे, टीसीएस तीसरे, भारती एयरटेल चौथे, आईसीआईसीआई बैंक पांचवें, एसबीआई छठे, इंफोसिस सातवें, बजाज फाइनेंस आठवें, हिंदुस्तान यूनिलीवर नौवें और आईटीसी दसवें स्थान पर रही।


संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड


हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल 2025 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a Fire Safe India" ("एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें") निर्धारित की गई है।

अग्निकांड एक भयावह आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जनसेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के वीर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार !

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2025 तक पूरे राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a fire safe India" "एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परता पूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार !

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

PRNO 350297 (Jharkhand Fire Service) IPRD 25-26